गोपाल कवि

कृत

रीतिकालीन साहित्य के वैविध्य में

दंपति वाक्य विलास

राजकीय महाविद्यालय कोटा
53053

संपादक

डा० चन्द्रभान रावत

[हिन्दी विभागध्यक्ष, वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान]

डा० राम कुमार खंडेलवाल

[रीडर, हिन्दी विभाग, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद]

प्रकाशक

हिन्दी अकादमी

हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)

क्रमणिका

राष्ट्रीय पुस्तकालय

आभार

रीतिकालीन साहित्य के वैविध्य की चर्चा प्रायः रीतिकाल के मर्मज्ञ विद्वानों ने की है। 'दंपति वाक्य विलास' उसी मत को अपने ढंग से सिद्ध करने वाली रचना है। इसको इस रूप में प्रस्तुत करने में अनेक सूत्रों का संगठन हुआ है। उन सभी सूत्रों का महत्व है, हम सभी के प्रति आभारी हैं।

सबसे पहले हम वृन्दावन स्थित श्रीरंग जी के मन्दिर के गद्दीनशीन स्वामी श्री रंगाचार्यजी महाराज के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। इस ग्रंथ की सबसे बड़ी प्रति श्री रंगलक्ष्मी पुस्तकालय वृंदावन में ही है। श्री रंगाचार्यजी की कृपा से वह पाठ-शोधन के लिए प्राप्त हो सकी। उनकी इस कृपा के बिना इसका संपादन-कार्य किस प्रकार पूर्ण नहीं होता।

जब इस ग्रंथ का प्रकाशन निश्चित हो गया, तब हमने स्व० डा० वासुदेवशरण अग्रवाल को पत्र लिखा कि वे ज्ञानकोशों की संस्कृत, प्राकृत, और आधुनिक भाषाओं की परम्परा को स्पष्ट करते हुए एक विशद् भूमिका लिखें, और आपने भूमिका लिखना स्वीकार भी कर लिया था। उन्होंने पत्र लिखा

प्रिय श्री चन्द्रभान जी,

'दंपति वाक्य विलास' पुस्तक की सामग्री रोचक जान पड़ती है। आप अवश्य सम्पादन करें। जब मुद्रित फार्म भेजेंगे, मैं भूमिका लिख दूंगा।

शुभेच्छु
वासुदेव शरण

और हमें खेद है कि मुद्रण-कार्य टलता गया। हम एक दिग्गज पारखी से भूमिका का प्रसाद न ले सके। परिणामत पुस्तक उनकी भूमिका के बिना ही प्रस्तुत की जा रही है। उनके प्रोत्साहन की गूंज तो बनी ही रही। सामग्री पर उनकी छाप तो लग ही गई। हम इस के लिए उस दिवंगत आत्मा के प्रति ऋणी हैं।

योजना यह भी थी कि हम श्री प्रभुदयालजी मीतल से कवि के जीवन संबंधी एक लेख लिखवा कर इस पुस्तक में दे दें। मीतलजी ने कवि का कुछ परिचय 'चैतन्यमत और व्रज साहित्य' में दिया है। साथ ही आपने 'दंपतिवाक्यविलास' पर एक लेख भी लिखा है। हमारे पूछ ने पर उन्होंने कवि के संबंध में महत्वपूर्ण सूचनाएं भी दी। इन सभी अन्तर्बाह्य सूत्रों के आधार पर कवि का परिचय प्रस्तुत किया गया है। श्री मीतलजी के सहयोग का मूल्य हम हृदय से स्वीकार करते हैं।

श्री अगर चन्द नाहटा का सहयोग भी कम महत्वपूर्ण नहीं रहा। आपने ही हमारा ध्यान इस ग्रंथ की मुद्रित प्रतियों की ओर

आकर्षित किया । आपने हमे उसकी मुद्रित प्रति दिलवाई भी, साथ ही कुछ अन्य प्रतियो की सूचना भी दी । 'सरस्वती' मे आपने इस ग्रथ पर एक लेख भी लिखा ।

हम हिन्दी अकादमी के उन सभी सदस्यो के प्रति अपना आभार प्रकट करते है, जिन्होंने इस ग्रथ के प्रकाशन का भार स्वीकार किया ।

व्रज-भाषा के मर्मज्ञ विद्वान तथा कवि प० मधुसूदनजी चतुर्वेदी आचार्य सर बसी लाल बालिका विद्यालय, हैदराबाद के प्रति आभार प्रकट करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं है । हिन्दी अकादमी के मत्री होने के नाते उन्होने प्रकाशन की पूरी व्यवस्था की तथा प्रूफ सशोधन मे बहुत सहायता दी । सपादन मे भी उनके व्रज-भाषा ज्ञान का हमने पूरा लाभ उठाया तथा उनके अमूल्य सुझावो को अपनाया ।

अकादमी के अध्यक्ष श्री वासुदेव नाईक, उपाध्यक्ष डॉ० राम निरजन पाडेय (प्रोफेसर व अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, उस्मानिया विश्वविद्यालय), तथा अन्य स्थायी सदस्य डॉ० राज किशोर पाडेय, डॉ० गया प्रसादजी शास्त्री, श्री बैज नाथ जी चतुर्वेदी, श्री ऋमुदेवशर्मा तथा श्रीमती शैलबालजी आदि के हम बहुत आभारी हैं, जिनकी सहायता से पुस्तक प्रकाशित होसकी ।

अत मे हम उन सभी के प्रति आभारी है जिनसे हमने इस कार्य मे मार्ग दर्शन एव सहयोग प्राप्त किया ।

चन्द्रभान रावत

दीपावली, स० २०२५ वि०　　　　रामकुमार खडलवाल

प्रकाशक की ओर से

हिन्दी अकादमी की स्थापना सन १९५६ ई० में हुई थी। इसके संस्थापक सदस्यों मे श्री डा० एस० भगवन्तम, डा० आर्येन्द शर्मा प० नरेन्द्रजी, डा० एस श्री देवी, श्री बदरी विशाल पित्ती, श्रीमती सुशीला देवी विद्यालकृतता प्रमुख है। अपने अत्यन सीमित साधनो के बल पर भी अकादमी ने हिन्दी मे ग्रथो के प्रकाशन का कार्य अपने हाथ मे लिया है। अकादमी मलिक मुहम्मद जायसी की शोध मे प्राप्त कृ न 'चित्ररेखा' का प्रकाशन करना चाहती है। डा० राम निरन्जन पाडेय उसकी भूमिका लिख रहे है। अकादमी ने दक्षिण की पाच प्रमुख भाषाये- तेलुगु तामिल, मराठी, कन्नड, और मलयालम की दो-दो चुना हुई कहानिया लेकर "श्रेष्ठ कहानिया" सग्रह प्रकाशित किया है। लेखको के आर्थिक सहयोग से अकादमी "साझके स्वर" और 'साहित्यक चिन्तन ' प्रकाशित कर सकी है। "दम्पति वाक्य विलास" अकादमी का चौथा प्रकाशन है।

'दपति वाक्य विलास का प्रकाशन अकादमी के इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय है। डा० चन्द्रभान रावत हिन्दी विभागाध्यक्ष, वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान और डा० रामकुमार खडेलवाल, रीडर हिन्दी विभाग, उस्मानियां विश्वविद्यालय, हैदराबाद के प्रति आभार प्रकट करना अकादमी अपना परम कर्त्तव्य समझती है, जिन्होने वृन्दावन निवासी राय गोपाल कवि के युग को प्रतिबिम्बित करने वाले इस ज्ञान-कोप का श्रम-पूर्वक सम्पादन कर अकादमी को इसके प्रकाशन का अवसर प्रदान किया।

अकादमी ने आन्ध्र प्रदेश के शिक्षा-मत्री माननीय श्री पी वी नरसिंह राव की सेवा में अनुदान के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अनुदान प्राप्त होने पर अकादमी अपने प्रकाशन कार्य मे बहुत आगे बढ सकेगी।

'दंम्पति-वाक्य-विलास' को यथा संभव सुन्दर बनाने का प्रयास किया गया है। सुहृद्जन अकादमी के इस प्रयास को अपना कर हमारा साहस बढ़ाएँगे- ऐसी आशा निराधार नहीं है।

राजा बहादुर सर बंसी लाल बालिका विद्यालय,
बेगमबाज़ार, हैदराबाद दक्षिण (आं० प्र०)
चैत्र शु.१, २०२६ वि. १९-३-६९

मधुसूदन चतुर्वेदी
मंत्री
हिन्दी अकादमी

प्रस्तावना

१. कवि

१ *नाम– श्री प्रभुदयाल मीतल ने इस कवि का मूल नाम गोपालदास* दिया है। साथ ही उन्होंने 'गुपाल कवि' को उनका उपनाम माना है।[1] 'दपतिवाक्यविलास' में गोपालदास तो किसी स्थान पर नहीं *आया है। उसकी छाप में तीन नाम ही* प्राय मिलते है। गुपाल कवि या कवि गुपाल राय और गुपाल। गुपाल कविराय भी मिलता है। दपति वाक्यविलास की मुद्रित प्रति के ऊपर छपा है दपति वाक्य *विलास कविवर गोपालराय कृत।*[2] विज्ञापन से भी यही नाम दिया गया है। इस प्रकार कवि का नाम गोपाल राय ही प्रतीत होता है, गोपालदास नही। मुद्रित प्रति में प्रत्येक विलास के अत मे भी 'गोपाल कविराय विरचित' दिया हुआ है। पता नही, मीतल जी को 'गोपालदास' नाम कहा से मिला। 'राय' वश मे उत्पन्न होने के कारण गोपालराय नाम ही ठीक प्रतीत होता है। वश में रायान्त नामो की परम्परा भी प्रतीत होती है। इनके पिता का नाम प्रवीण-राय या परगराय था।

२. काल

श्री जी मीतलजी ने इनके काल निर्धारण के सबध में अपना मत इस प्रकार दिया है। 'उनके जन्म और देहावसान के ठीक-ठीक सवत् अज्ञात हैं। किन्तु उनके रचना काल से उनका अनुमान किया जा सकता है। उनकी एक रचना 'श्री वृन्दावन धामानुरागावली' की पूर्ति स १९०० में हुई थी। इससे उनका जन्म स १८६० के लग-भग और देहावसान स १९३० के

---

१ चैतन्य मत और ब्रज साहित्य, पृ ३१३

२ दपति वाक्य विलास, (बबई, स १९६८) मुख पृष्ठ।

लग-भग अनुमानित होता है । [3]. वृन्दावन धामानुरागावली से पूर्व ही 'दपति वाक्य विलास' की रचना हुई थी। म. १८८५ में यह ग्रंथ बना। [1]. इसके रचना काल से भी मीतल जी द्वारा निर्धारित तिथियों को मानने में बाधा नहीं पड़ती। 'दपति वाक्य विलास' की तृतीयावृति म. १९६८ में हुई। किन्तु यह आवश्यक नहीं कि उस समय गोपाल कवि जीवित ही रहे हो। मुद्रित प्रति मे इस संबंध मे कोई सूचना नहीं मिलती। प्रकाशकों को इस ग्रंथ की प्रति भी कवि से प्राप्त नहीं हुई थी। अत कहा नहीं जा सकता कि म. १९६८ मे कवि जीवित था या नहीं। इन सब तिथियो के आधार पर कवि की कालगत स्थिति के संबंध में निश्चित तो कुछ नहीं कहा जा सकता, फिर भी मीतल जी का अनुमान ठीक प्रतीत होता है। कवि का संबंध रीतिकाल के अवसान-काल मे है। रीतिकालीन प्रवृत्तिया कवि की कृति मे स्पष्ट परिलक्षित होती है। साथ ही अंग्रेजी शासन भी जम गया था। उनकी व्यवस्था पर कवि ने विस्तार के साथ प्रकाश डाला है। किन्तु इस समय तक आधुनिकता का साहित्यगत उन्मेष नहीं हो पाया था।

३. स्थान

अन्तर्साक्ष्य मे इतना निश्चित होता है कि कवि का जन्म वृन्दावन में हुआ था। अपने पिता के विषय में कवि ने लिखा है कि उनका निवास वृन्दावन के मनीपारे नामक मुहल्ले में हुआ था। पर आज उस मुहल्ले में रायों के घर नहीं हैं। पूछने पर भी इनके वंशजों के संबंध में कोई विशेष सूचना नहीं मिली।

---

३. चैतन्य मत और ब्रज साहित्य, पृष्ठ ३१३

१. ठारह से पिच्यासिया पून्यो अगहन मास, दं वा वि. १ । १५

कुछ वयोवृद्धो ने इतना अवश्य बतलाया कि पहले यहा कुछ रायो के घर अवश्य थ । कवि ने मनीपारे का वर्णन बड़े गर्व के साथ किया है । गोपाल ने स्वय लिखा है कि यहा मुख्यत मिश्र लोगो के घर हैं और दोचार घर राय लोगो के भी है । "भनत गोपाल नाम चारिक हमार घर ।"[2] इस मुहल्ले मे अधिकाश ब्राह्मणो का निवास थ । इस प्रकार गोपाल कवि वृन्दावन के मनीपारे नामक मुहल्ले का निवासी थ । वही उनका जन्म भी हुआ था । कवि ने वृदावन-वास पर गर्व भी किया है —

> तीनि लोक जानी जहा वहै पटरानी एसी
> वृन्दावन जू की हम रहे राजधानी म ।

४ कविवंश

'दंपति वाक्य विलास' में कविने अपने वश का परिचय दिया है । इस परिचय म प्राप्त शृखला इस प्रकार है । मुरलीधर—घनश्याम—प्रवीणराय—गोपालराय ।[1] इस प्रकार कवि के पिता प्रवीणराय ठहरते हैं । मीतलजी ने लिखा है । "उनके पिता का नाम खड्गराय था । वे चैतन्य मतानुयायी रामवक्स भट्ट के शिष्य थे ।" "उनके प्राचीन आश्रयदाता पटियाला महाराज कर्मसिंह के छोटे भाई अजीतसिंह थे ।[2] ये सूचनायें मीतलजी ने 'दिग्विजय' भूषण के आधार पर दी है । आगे वे एक दोहे में गोपाल कवि ने अपने पिता का नाम खड्गराय भी दिया है । "परगराय परवीनसुत गोपाल यह नाम"[3]

---

१ प्रस्तुत ग्रंथ, १ । ४
२ चैतन्य मत और ब्रज साहित्य, पृ २१३
३ प्रस्तुत ग्रंथ ६ । ५

इसमें पिता के दोनों नाम-प्रवीनराय और परगराय-आये हैं। अनुमान लगाया जा सकता है कि परगराय संभवतः प्रवीणराय का विरुद होगा।

गोपाल कवि के वंश में काव्य-रचना की परम्परा रही। उनके पिता परगराय ने कई रचनाएँ की थी :—

जनमि प्रवीन ग्रथ पिंगल औ, रसजाल
एकादसी कातग-महातम को गायो है। [1]

इस प्रकार काव्य शास्त्रीय और पौराणिक काव्य-धारा कवि गोपाल के पूर्वजों के प्रातिभ संस्पर्श से गति ग्रहण करती रही। स्वयं गोपाल कवि ने इसी परम्परा का निर्वाह किया। उनकी कृतिया भी इन्ही दो वर्गो में विभाजित की जा सकती हैं। कोश ग्रथ गोपाल की तीसरी प्रवृति से संबद्ध है। 'दंपति वाक्य विलास' एक ज्ञान-कोश है। इसकी प्रेरणा भी कवि के अनुसार, उसे अपने पिता प्रवीणराय से ही प्राप्त हुई। इस ग्रंथ की योजना और इसका उद्देश्य, दोनों ही बौद्धिक हैं।

कविताकृति सुखदु-ख के कवित बनाए दोइ।
कवि प्रवीन पितु कों जबहि, जाइ सुनाए सोइ।
है प्रसन्न ताही घरी आज्ञा मोकों दीन।
दंपतिवाक्यविलास सुत की जेग्रथ प्रवीन।
जिनकी आज्ञा पाय में कीनो ग्रंथ प्रकास।
कहत-सुनत याके सदा, होइ वृद्धि परगास।

कवि के वंश मे काव्य की चार प्रवृत्तियां मिलती हैं, काव्य शास्त्रीय, भक्तिभाव संबधी, पौराणिक और ज्ञानकोशीय। इनका प्रतिनिधित्व कवि गोपाल की कृतियां करती है।

---

१. वही १। ४

५. कवि का सप्रदाय

कवि के पिता चैतन्य मतानुयायी थे। [2]. व्रज से चैतन्य मत का घनिष्ट सबध रहा है। व्रज के अनेक स्थानो पर चैतन्य मत और उसके आचार्य एव भक्तो से सबधित स्मृतिचिन्ह वर्तमान है। इस दृष्टि से राधाकुड और वृन्दावन का नाम विशेष उल्लेखनीय है। [3]. गोपाल कवि का वश भी इसी सप्रदाय में दीक्षित था। इस कवि के समान अन्य अनेक कवि भी इस सप्रदाय से सबधित रहे है। बहुत से कवियो को व्रजभाषा साहित्य को समृद्ध करने का श्रेय है। किन्तु अन्य सप्रदायो के व्रजभाषा कवियो की अपेक्षा, इस सप्रदाय के कवियो की सख्या कम अवश्य है।

इस सप्रदाय के कवियो ने माधुर्य भाव से सबधित काव्य ही किया है। [4] गुपाल कवि की रचनाओ में कुछ मे इस भाव की विवृत्ति अवश्य है। समवत. मान पचीसी, रासपचाध्यायी जैसी कृतियो में माधुर्य की फुहारो की सिहरन है। अन्य रचनाओ में कवि का बौद्धिक पक्ष ही अधिक प्रकट हुआ है। सभी रचनाओं में श्री वृदावनधाम [1]. की महिमा का गायन अवश्य है। कवि 'काव्य शास्त्र के अच्छे विद्वान और व्रज-वृन्दावन के अनुपम अनुरागी थे। उन्होंने जहा काव्य के विविध अगो का विस्तृत विवेचन किया है, वहा व्रजभक्ति और

---

१ प्रस्तुत ग्रथ १ । १०--१२

२ प्रभुदयाल मीतल, चैतन्य मत और व्रज साहित्य, पृ. ३१३

३ विशेष विवरण के लिए दृष्टव्य, वही पृष्ठ १२४-१२५

४ इस प्रकार के कवियो में सूरदास मदनमोहन, गदाधर भट्ट जैसे कवियो का नाम स्मरणीय है।

१ श्रीवृन्दावन धामानुरागावली में उसका वृन्दावन प्रेम बौद्धिक विवरणों और अणुसधान के साथ फूट पडा है।

व्रजमहत्व पर भी यथेष्ट प्रकाश डाला है [2]. वृन्दावन वासियों की कृपा-कटाक्ष की कामना भी कवि ने की है 'वृन्दावन वासियों की कृपा कटाक्षहि पाऊँ" । [3]. आज भी वृन्दावन वासी अनेक *चैतन्यमतानुयायी बंगालियों की ऐसी भावना मिलती है ।*

'दंपतिवाक्यविलास' के मंगलाचरण में भी कवि का वृन्दावन प्रेम छलक रहा है । मंगलाचरण में 'राधिकारमण' का *स्मरण है -'राधिकारमण के चरन की सरनि में,* । '*मातृभूमि* वंदना' में कवि ने वृन्दावन को 'स्यामा स्याम धाम सब पूरन करन काम 'कहा है । यमुना को' पटरानी 'नाम से अभिहित किया है । इस प्रकार कवि के वृन्दावन-प्रेम में चैतन्यमत के प्रभाव की छाया ढूंढी जा सकती है ।

६ आश्रयदाता

मीतलजी के अनुसार इनके पिता पटियाला राज्याश्रित कवि थे । [4]. हो सकता है गोपाल कवि भी पटियाला राज्य से *संबद्ध हों । पर, इसका स्पष्ट उल्लेख कहीं प्राप्त नहीं होता ।* मुद्रित प्रति के विज्ञापन में प्रकाशक ने लिखा है, "आजदिन महाराज श्री १०८ श्रीकृष्णगढाधिपति की कृपाकटाक्षा से दंपतिवाक्यविलास नामक ग्रंथ श्रीयुत कविगोपालराय निर्मित कवीश्वर श्री जयलाल के द्वारा मेरे हस्तगत होने से मेरी आशा पूरी हुई ।"

इससे प्रतीत होता है कि खेमराज श्रीकृष्णदास की पुस्तक की प्रति कृष्णगढ़ नरेश से प्राप्त हुई थी । ग्रंथ के अंत में कृष्णगढ के राजा पृथ्वीसिंह की प्रशस्ति में दो छंद भी हैं --

---

२ प्रभुदयाल मीतल, चैतन्य मत और व्रज साहित्य, पृ. ३१३

३. श्री वृन्दावन धामानुरागावली, का आरंभिक छन्द, मीतलजी द्वारा पृ. ३१४ पर उद्धृत ।

४. *चैतन्य मत और व्रज साहित्य*, पृ. ३१३.

> राजन के राजाधिपति, पृथ्वीसिंह सुभूप ।
> रजधानी श्रीकृष्णगढ़, राजत दुर्ग अनूप ।
> गो द्विज पालक वृत दृढ़, घालक अरिदल शाल ।
> दिनकर दिनकर-वंश के, पृथ्वीसिंह महिपाल ।[1]

यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि ये दोहे कवि गोपाल के द्वारा रचित है अथवा प्रकाशक-संपादक की रचना है। अन्य प्रतियों में ये दोहे नहीं है, अत इनका गोपालराय के द्वारा रचा जाना संदिग्ध है। यदि ये कवि के द्वारा रचे हुए है, तो कृष्णगढ़ के राजा पृथ्वीसिंह से भी कवि का संबंध स्थापित हो जाता है। किशनगढ़ में उस समय इस प्रकार के कवियों का सम्मान विशेष था। पर, यदि कवि का संबंध इस दरबार से होता तो वृन्दावनवाली प्रति में अवश्य ही इसका उल्लेख होता। इस लिए कृष्णगढ़ से कवि का संबंध न मानना ही उचित प्रतीत होता है। इतना अवश्य है कि कवि का किसी राजा के दरबार से संबंध था। यह लगता है कि गोपालराय के पूर्वज पूर्णत किसी राजा के दरबार से संबद्ध होंगे। गोपाल कवि का संबंध उस दरबार से नाममात्र का रह गया होगा। यदि किसी राजा के पूर्णत आश्रित होकर गोपाल अपनी रचनाएँ करते तो कहीं न कहीं आश्रयदाता का नाम भी आता। वंशवृत्ति का निर्वाह करते हुए भी कवि ने अपनी काव्य-साधना संभवत स्वतंत्र रहकर ही की।

२. कृतित्व

गोपाल कवि को प्रतिभा, अभ्यास और वंश-परम्परा सभी कुछ मिला। इसी विरासत ने उन्हें एक बहुज्ञ कवि बना दिया। गोपाल कवि ने दंपति वाक्य विलास के अंतिम भाग में अपनी

---

१. दंपति वाक्य विलास (मुद्रित प्रति) पृ १२८

अठारह रचनाओं की सूची दी है। दूसरी ग्रंथ सूची श्री मीतल जी ने दी है। इस सूची में मीतलजी ने सत्रह रचनाएँ गिनाई है। इन दोनों सूचियों में समान रूप से उल्लिखित केवल पाच रचनाएँ है। दंपति वाक्य विलास, मान पचीसी, रससागर, रास पचाध्यायी, और व्रजयात्रा। मीतलजी ने इनके अतिरिक्त ये रचनाएँ और गिनाई हैं। दूषण विलास, ध्वनिविलास, भावविलास भूषणविलास, व्रजयात्रा, वृन्दावन महात्म्य, श्री वृन्दावन धामानुरागिनी, वंशीलीला, वर्षोत्सव, गोपालभट्ट चरित, वृन्दावन वासिन कवित और भक्तमालटीका। इन रचनाओं में काव्य शास्त्रीय रचनाएँ अधिक हैं। कवि द्वारा दंपत्तिवाक्यविलास के अत में दी हुई सूची में ये रचनाएँ ऐसी हैं, जिनका उल्लेख मीतल जी ने नही किया है दानलीला, प्रश्नोत्तर, पट्ऋतु, नखशिख, चीर-हरण, वनभोजन, वेणुगीत, दशम कवित, अक्लनामा, गुरुकोमुदी जमुनाष्टक गंगाष्टक, और वृन्दावन विलास। इनमें अधिकाश रचनाएँ कवि के भक्तिभाव को प्रकट करने वाली रचनाएँ हैं। मीतल जी ने अपनी सूची के स्रोत के संबध में कुछ भी सूचना नहीं दी है। इससे इसकी प्रामाणिकता के सबंध में कुछ भी नही कहा जा सकता।

उक्त दोनों सूचियों को ध्यान में रखकर, गोपाल कवि के कृतित्व का विश्लेषण इस प्रकार किया जा सकता है। कवि गोपाल के काव-कर्म की तीन दिशाएँ हैं: काव्य-शास्त्रीय, भक्तिमूलक, और ज्ञानपरक। दूषणविलास, भूषणविलास जैसी रचनाएँ कवि के भक्तिभाव की परिचायिका हैं। अक्लनामा और दंपतिवाक्यविलास कवि की बहुज्ञता से संबंधित हैं। परिणाम की दृष्टि से भी कवि की उपलब्धि उल्लेखनीय है। मीतलजी ने कवि की अभिरुचि पर यह वक्तव्य दिया है: 'वे काव्यशास्त्र के अच्छे विद्वान और व्रज वृन्दावन के अनुपम

अनुरागी थे। उन्होंने जहाँ काव्य के विविध अंगों का विस्तृत निर्वचन किया है वहाँ व्रजभक्ति और व्रजमहत्व पर भी यथास्त प्रकाश डाला है। मीतलजी ने गोपाल रचित कितने ग्रंथों को देखा है, यह तो नहीं कहा जा सकता है किन्तु ग्रंथों के आधार पर उन्होंने जो निष्कर्ष निकाले हैं वे वैज्ञानिक हैं।

कवि का कृतित्व परंपरा से संबद्ध तो है ही उसका युग बोध भी पर्याप्त तीव्र और वैविध्य-पूर्ण है। प्रबन्ध और मुक्तक दोनों ही किनारों के बीच कवि की भावधारा प्रवाहित हुई है।

३ दंपति वाक्य विलास

१ प्रेरणा

कवि ने ग्रंथ की प्रेरणा अपने पिता से प्राप्त की। इसका उल्लेख पहले किया जा चुका है। गोपालराय ने एक दिन काव्य रचना में सुख-दुख पर दो कवित्त बनाकर अपने पिता को सुनाए। पिता ने प्रेरणा दी कि इसी प्रकार जीवन के प्रत्येक कार्य-व्यवसाय के दोनों पक्ष स्पष्ट किये जा सकते हैं और प्रस्तुत ग्रंथ का बीज वपन हो गया।[1] इस ग्रंथ की मुद्रित प्रति के विज्ञापन में ग्रंथ की प्रकृति का स्पष्टीकरण किया है "इस पुस्तक को प्रश्नोत्तर की रीति से उक्त कवि ने बड़ी उत्तमता से बनाया है, जिसमे पुरुष ने प्रत्येक उद्यमों का गुण दोहा और कवित्त में वर्णन किया है और स्त्री ने उन्हीं छन्दों में उसका दोष दिखाया है। ऊपर के मुखपृष्ठ पर लिखा है सम्पूर्ण उद्यम-व्यापार तथा हुनरों के गुण अवगुण परम मनोहर दोहा सोरठा कवित्त आदि छन्दों में वर्णित हैं। इस प्रकार जीवन व्यापार के विभिन्न पक्षों के गुण दोषमय रूप को अंकित

---

१ दंपतिवाक्य विलास १। १० ९९

करने की प्रेरणा कवि को मिली और उसी प्रेरणा का परिणाम विकसित होता गया।

सबसे बडी प्रेरणा कवि को युग से मिली। गोपाल कवि ने अपने पूर्व के कविकर्म पर विचार किया. उसने रस-सागर आदि अनेक क्लिष्ट रचनाएँ की थीं। उन रचनाओं का ग्राहक वर्ग अत्यन्त सीमित था। तब कवि ने जन की प्रवृत्ति के अनुकूल यह सुगम रचना की.

रससागर दै आदि वहु, किए ग्रंथ अभिराम।
कठिन अर्थ अरु श्लेषयुत, कीने तिनमें काम।
सब कोऊ समझै न जह, समझै जिनै प्रबीन।
याते लौकिक ग्रंथ यह, कीनौं सुगम नवीन।[1]

इस प्रकार कवि का लोकप्रिय रचना करने की प्रेरणा अपने अतर मे ही मिली। उसकी अबतक की रचनाएँ रीतिकालीन चमत्कारी, श्लिष्ट, और क्लिष्ट काव्य की परम्परा मे आती थीं। प्रस्तुत कृति मे कवि ने उस मार्ग को छोडा है। कवि को युग-रुचि की पहचान भी है - रीतिकालीन काव्य-रुचि का ह्रास हो गया था। तत्कालीन जन-मन को समझ कर ही कवि के इस प्रकार की रचना में प्रवृत्त होना पडा :–

समय बमूजिब देखिकै, कीयौ ग्रंथ प्रकास।
आज काल के नरन के, सुनि मन होइ हुलास।[2]

---

१. द. वा. वि. (मुद्रित प्रति) २१। १२, १३
२. ,, ,, २१। १४

कवि अंत में क्षमा-प्रार्थना भी करता है—

याते सुरति गुपाल को, देउ दोष मति कोइ ।
ना सूजिग देखी हवा ना सम बरणी होइ ।

इस प्रकार कवि ने युग-रुचि को देख कर ही इस ग्रंथ की रचना की प्रेरणा ग्रहण की । युग रुचि एक प्रकार से काव्य शास्त्रीय संस्कारों से मुक्त हो रही थी । उस समय राज्याश्रय शिथिल होने लगा था । आदर ऐसी रचनाओं का था, जिनमें युग के सजीव स्पन्दनों को वाणी मिली हो ।

विषय-वस्तु

दपति वाक्य विलास एक ज्ञानकोश है । कवि ने अपने युग की प्राय सभी शासकीय, धार्मिक एवं सामाजिक इकाइयों का परिचय दिया है । सम्भवत कोई संस्था या जाति ऐसी नहीं बची जिस पर कवि ने अपनी मौलिक दृष्टि व्यक्त न की हो । अपनी बात को निर्भय रूप से कह देना जैसे कवि का स्वभाव है । यही कारण है कि शब्दों के जंजाल और रूढ़ियों के बीच भी कवि के सत्य एवं यथार्थ कथन जगमगा उठते हैं । विषय वस्तु का जीवन इन्हीं उक्तियों में है ।

कवि का युग मुस्लिम शासन और उस युग की संस्कृति के अवसान का युग है । अंग्रेजी प्रभाव भारतीय क्षितिजों पर एकत्र होकर गहराने लगे थे । अंग्रेजी नौकरशाही के पुर्जों की वास्तविकता सामने आने लगी थी । जनता इस नवीन व्यवस्था में जकड कर कसमसाने लगी थी । प्रस्तुत कृति के विषय का *संसारों के निर्धारण में युग की इन्हीं परिस्थितियों का हाथ है ।* वस्तु के अनुकूल और प्रतिकूल दोनों ही पक्षों के अनिवार्य सन्निवेश के कारण उसमें पूर्णता आई है ।

परिस्थितियों की निराशापूर्ण जटिलता व्यक्ति की पराजय को मुखर बना देती है। उसका मन एक कड़वे धुए से भर जाता है। जीवन कुछ किरकिरा सा हो जाता है। ये स्वर दपनिदावध-विलास में भी प्रकट है। कवि व्यक्ति की उस विवशता को जैसे अंकित कर रहा हो जो प्रत्येक दिशा में मार्ग पूछता हो और दिशा उसे मार्ग बतलाने के स्थान पर एक व्यंगपूर्ण अट्टाहास कर उठती हो। कवि की पत्नी भौतिक जीवन के अनेक मार्गो को, कभी धार्मिक विश्वासों के आधार पर और कभी व्यावहारिक कठिनाइयों एवं बाधाओं का संकेत करके अवरुद्ध करती मिलती है। इस प्रकार की वस्तु-ध्वनि इस रचना में मिलती है।

वस्तु विकास की अन्तिम कड़ी कवि का परलोक-चिन्ता की ओर मुड़ जाना है। कभी विनय के स्वर सुनाई पड़ने लगते हैं करुणाष्टक में भक्तिमूलक पुराणाश्रित करुणा ही विगलित हो उठी है। कभी पश्चाताप की घुटन का कवि अनुभव करने लगता है - 'धोबी को सो कुत्ता भयो घर को न घाट को'। पत्नी की यथार्थवादी चोटों से तिलमिला कर कवि अपनी हार स्वीकार कर लेता है, और वह कह उठता है :—

मुनिकें तेरी बात को, उपज्यौ हिय मे ज्ञान।
भजन-भावना भक्ति बिन, वृथा गये दिन जान।

अन्त मे स्वार्थ और परमार्थ का समन्वय ही श्रेयस्कर कहा गया है :—

यह 'गुपाल' तिय सीख मुनि, कीनों उद्यम जोइ।
स्वारथ ही के करन में, परमारथ जिमि होइ।

इस प्रकार का वस्तु-विकास जीवन की निराशापूर्ण, संघर्षमय परिस्थिति मे ही होता है । यह भी हो सकता है कि यह वस्तु कवि की वृद्धावस्था जन्य विवशता का ही परिणाम हो । कवि ने तुलसी की भांति कलिकाल के दोषो का भी भरपूर वर्णन किया है । ग्रथ के प्रयोजन के सबध मे कवि ने स्पष्ट कहा है कि इसकी रचना वैराग्य की ओर मन को प्रवृत्त करने के लिए की गई है ।

'राय गुपाल' विराग बडामन दपति वाक्य विलास बनायो ।[1]

इस प्रकार की रचना मे सासारिकता के दोषो का वर्णन अधिक होना ही स्वाभाविक है ।

वस्तु के सबध मे एक बात और भी दृष्टव्य है । इसमे कवि के स्वानुभव का ही अधिक समावेश है । वस्तु की दृष्टि से इसी लिए इसमे कुछ अधिक नवीनता और विलक्षणता आ गयी है । थोड़े से ही ऐसे विषय इसमे हैं, जिनके लेखन मे कवि रूढिया से मुक्त नही हो पाया है । अन्यथा कवि के निजी अनुभव ही वस्तु योजना के मूल मे हैं । इसी लिए सारी भूमिका अधिक सजीव है । रीतिकालीन जड़ता से विषय वस्तु बोझिल नही है । वस्तु की इसी नवीनता ने इस ग्रथ की लोकप्रियता मे योगदान दिया । इसकी अनेक प्रतिया तैयार की गई ।

'देखि नई रचना वचनानि की, सो मुनिके सबने लिखवायो'[2]

वस्तु के क्षेत्र मे यह एक नवीन प्रयोग ही था । उस युग मे प्राप्त मनुष्य का अस्तव्यस्त रूप इस रचना मे प्रकट हो जाता

---

१ दपति वाक्य विलास १ । १७

२ दपति वाक्य विलास १ । १७

है। कुल मिला कर यही कहा जा सकता है कि कवि वस्तु योजना में बौद्धिक और यथार्थवादी अधिक है। भावुकता करुणाष्टक जैसे आध्यात्मिक प्रसंगो मे ही अधिक आई है।

३ काव्य रूप

काव्य रूपो की दृष्टि से रीतिकालीन युग पर्याप्त वैविध्यपूर्ण रहा है। शास्त्र-ज्ञान के प्रदर्शन और प्रचार के लिए भी रचनाएँ की जाती थी।

कोषो की परम्परा संस्कृत, प्राकृत और हिन्दी तीनो ही स्तरों पर चलती रही। संस्कृत का नीति साहित्य एक दीर्घ और समृद्ध परम्परा रखता है। दपतिवाक्यविलास के प्रकाशको ने प्रस्तुत रचना को प्राय: उसी परम्परा में रखा है। "यद्यपि संस्कृत में सुभाषित रत्नाकर, वृहच्छारङ्गधर आदि बहुत ग्रंथ छपे हैं परन्तु वे संस्कृतज्ञ जनो ही को आनंददायक है। हमारे भाषा के रसिक जनो को तृप्ति इनसे होना असंभव है'।[1] इस प्रकार नीति उपदेश की प्रवृत्ति से प्रेरित ज्ञानकोश की संज्ञा प्रस्तुत रचना को दी जा सकती है। सीतलजी ने इसे ज्ञानकोष की ही संज्ञा दी है।[2] इस नामकरण के पीछे यह मान्यता प्रतीत होती है कि कोष दो प्रकार के होते हैं शब्दकोष और ज्ञान कोष। दोनों की परम्परा हिन्दी में मिलती है।

शब्दकोष भी दो प्रकार के होते है। एक वे जिसमें कवि के व्यक्तित्व का सम्पर्श शून्य होता है। लेखक संदर्भ-निरपेक्ष होकर शब्द और उसके प्रचलित अर्थो का संग्रह कर देता है। इस प्रकार के कोषो की परम्परा निघण्टु से प्रारंभ होती है। यही

---

१. दं वा वि, (मुद्रित) विज्ञापन।

२. सरस्वती, खंड १, संख्या ६: 'ब्रज भाषा का एक ज्ञानकोष' लेख

प्राप्त कोषो मे सबसे प्राचीन है।[1] आगे इसकी अविच्छिन्न परम्परा चली।[2] बहुत से कोष लुप्त भी हो चुके है। अमरकोश अवश्य प्राप्त होता है। इस ग्रथ मे समानार्थक, नानार्थक प्रत्यय शब्दो के विभाग मिलते है। आगे भी नानार्थक शब्दो की नाम-मालाएँ चलती रही। प्राकृत मे भी कोषो की परम्परा अविच्छिन्न रही।[3] देशी नाम-मालाओ का नवीन सूत्र[4]. देशी तत्वो की लोकप्रियता को प्रकट करता है। अपभ्रंश ने प्राय प्राकृत शब्दकोषो की सामग्री को काम मे लिया। हिन्दी मे भी नाममाला कोषो की परम्परा चलती रही।[5] हिन्दी नाममालाएँ प्राय छन्द बद्ध है। इनका उद्देश्य शब्दकोष तैयार करना नही था। "इस उद्योग का उद्देश्य यही विदित होता है कि हिन्दी के कवियो की शब्द सपत्ति को बढाया जाए। हिन्दी कवियो को अपने काव्य मे विशिष्ट रूपेण एक शब्द के विविध पर्यायो के प्रयोगो की आवश्यकता थी। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए ये नाममालाएँ लिखी जाने लगी"।[6] सस्कृत काव्य

---

१ भगवद्दत, वैदिक कोष, पृ ५८ (भूमिका)

२ इस परम्परा में ये ग्रथ आते है कात्यायन कृत नाममाला, वाचस्पति का शब्दकोष, विक्रमादित्य का शब्दार्णव, ससारावृत तथा व्याडिकृत उत्पलिनी आदि।

३ उदाहरण के लिए धनपाल (१००० ई०) कृत 'पाइअलच्छि' ग्रथ लिया जा सकता है।

४ हेमचन्द्र, (१०८८–११७२ ई०) की देशी नाममाला, अभिमान चिन्ह का 'देशी कोष' गोपाल का देशी कोष, देवराज के छन्द सबधी ग्रथ का देशी कोष आदि को इस सूत्र के अतर्गत रख सकते है।

५ सूची के लिए दृष्टव्य, सत्यवती, सहगल, नाममाला साहित्य, भारतीय साहित्य (वर्ष ३, अक ४) पृ ७७–७८

६.

वस्तुज्ञान→विवेक—
—पुरुष कथन (गुण)—
—पत्नी कथन(दोष)—
→संवाद→वैराग्य
→आध्यात्मिक तत्त्व→शान्ति की प्रेरणा

इस प्रकार समान्य वस्तुस्थिति पहले विवेक की कसौटी पर चढ़ाई जाती है। विवेक उसके पूर्व पक्ष, और उत्तर पक्ष को सामने लाकर निर्णय करना चाहता है। यह समस्त प्रक्रिया तर्काश्रयी है। परिणामतः मिथ्या के त्याग के लिए भूमिका बन जाती है। त्याग के पश्चात ग्रहण की प्रक्रिया और ग्राह्य का स्वरूप स्पष्ट हो जाते हैं। ग्रहण की प्रक्रिया में ज्ञानात्मक मार्ग भक्ति-भाव में अभिसिंचित हो उठता है और शान्ति का समावेश हो जाता है।

वस्तुज्ञान का विवेकपूर्ण संस्कार 'संवाद' शैली में उतर आता है। संवाद ही किसी वस्तु के उभय पक्षीय रूप को सामने ला सकता है। संवाद का अंत निर्णय-बिंदु पर पहुँच कर ही जाता है और कवि की वाणी अकेली रह जाती है। कवि वाणी पश्चात्ताप और युग-प्रवृत्ति का कथन करती हुई अध्यात्म की घोषणा कर देती है और ग्रंथ की समाप्ति हो जाती है। संक्षेप में कहा जा सकता है कि दंपतिवाक्यविलास एक 'संवादात्मक ज्ञानकोश' है।

४. प्रतियां :

४. १. खोज :

दंपतिवाक्यविलास की एक प्रति हमें रंग जी के मन्दिर (वृन्दावन) में मिली। उसका विवरण, 'भारतीय

साहित्य, में पहले छपा।[1] इस प्रति को श्री प्रभुदयालजी मीतल को भी दिखलाया गया। श्री मीतलजी को इसको देखकर बड़ा सन्तोष हुआ। इस ग्रंथ के रचयिता, गोपाल कवि का संक्षिप्त परिचय वे पहले ही अपने एक ग्रंथ में दे चुके थे।[2] इस ग्रंथ का नामोल्लेख भी उन्होंने वहाँ किया है। इसका नाम उन्होंने दम्पतिवाक्यविलास दिया है। सम्भवतः इस ग्रंथ की प्रति उन्हें उस समय नहीं मिली थी। अतः इसका विशद परिचय वे नहीं दे सके थे। जब हमारे द्वारा प्राप्त प्रति का उन्होंने देखा तो उन्होंने एक लेख लिखा। व्रजभाषा का एक ज्ञान-कोश।[3] इस लेख की प्रतिक्रिया में श्री अगरचन्द नाहटा ने भी एक लेख लिखा। उन्होंने सूचना दी कि यह ग्रंथ बहुत पहले प्रकाशित हो चुका है।[4] ज्ञात होता है कि अब से लगभग ६८-७० वर्ष पूर्व (सं० १९५० में) इसका द्वितीय संस्करण प्रकाशित हो चुका है। इसके पश्चात् हमने उसकी मुद्रित प्रति को मँगाया और अपनी प्रति से इसकी तुलना की। हमने नाहटाजी से भी कुछ पत्र व्यवहार किया। उन्होंने एक पत्र में इसकी अन्य प्रतियों की सूचना भी दी। उन्होंने एक पत्र (१०-११-६७) में लिखा "एक नवीन सूचना दे रहा हूँ कि इस ग्रंथ की एक हस्तलिखित प्रति राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान जोधपुर में भी है। इस प्रति का नंबर १००२०, पत्र ११० और सं० १९०३ की लिखी हुई है। इस प्रकार प्रतियों की संख्या बढ़ने लगी। उसके पश्चात् हैदराबाद में इस ग्रंथ की एक और

---

१ भारतीय साहित्य, वर्ष ३ अंक ४ (१९५८) पृ १७०, १७२

२ चैतन्य मत और ब्रज साहित्य, पृ ११३, ११८

३ 'सरस्वती', खंड १, संख्या ६

४ 'सरस्वती', दम्पतिवाक्यविलास का प्रकाशित संस्करण, सरस्वती खंड २ संख्या ८

प्रति मिल गई। प्रतियों की खोज का यह क्रम यहीं रुक गया। हो सकता है कि इसकी कुछ और प्रतियाँ भी छपी पड़ी हों। जितनी प्रतियाँ प्राप्त हैं, उनसे इस ग्रन्थ की लोकप्रियता तो सिद्ध होती ही है। मुद्रित प्रति में यह सूचना मिलती है कि इसके तीन संस्करण निकले। 'यह ग्रंथ प्रथम किसनलाल श्रीधर ने छापा, परन्तु लिखा की छपाई व मात्र की अशुद्धि के कारण काव्यानुरागियों को प्रिय न हुआ। अतएव हमने उनसे यथाधिकार लेकर द्वितीयावृत्ति वाजपेयी पं. शिवदुलारे द्वारा परिशोधित कराय मुद्रित किया है....और अबकी बार इसकी तृतीयावृत्ति अत्यन्त संशोधित करके छापी गई है।'[1] प्रतियों की यही खोज रही है।

४. २. अंतर .

राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान की प्रति तुलना के लिए उपस्थित नहीं हो सकी। इसके लिए तीन प्रतियों को आधार बनाया गया वृन्दावन की प्रति, हैदराबादवाली प्रति और मुद्रित प्रति। इनमें से वृन्दावन वाली प्रति और हैदराबादवाली प्रति संभवतः कवि ने अपने हाथ से लिखी है : वृन्दावन प्रति में यह सूचना मिलती है 'इति श्री दंपतिवाक्यविलास सम्पूर्ण समाप्त। सं. १९०० मि. ज्ये. सुदी ७, चंद्रवार लिपी स्वहस्त मनीपारें मध्य वृन्दावन में। शुभमस्तु।" इस प्रकार कवि ने स्वयं इसे लिखा। हैदराबाद वाली प्रति के अंत में यह लिखा है. "इति श्री दंपतिवाक्यविलास सम्पूर्ण समाप्त संवत् १८९० मिती वैसाख वदी ८ रविवार, लिखी गुपालराय श्री वृन्दावन मध्यस्थ मनीपारे मध्य।" मुद्रित प्रति कवि ने अपने हाथ से नहीं लिखी। उसके अंत में यह सूचना मिलती है।

वेद ब्रह्म निधि ईश्वर संवत अवधि अधार।
श्रावण शुक्ला त्रयोदशि, संपूर्न शुभ शनिवार॥

दपतिवाक्यविलास की, पोथी सब सुख राम।
लिखि वृन्दावन मध्य मे, श्री वृन्दावन दास ॥

इन सूचनाओ से य निष्कर्ष निकाले जा सकते है : तीनो प्रतियो मे आरम्भ करने की तिथि एक ही है - सवत् १८८५ वि स तीनो ही प्रतिया वृन्दावन मे लिखी गई। दो प्रतियो का लेखन स्वय कवि ने किया और मुद्रित प्रति किन्ही वृन्दावनदास जी ने लिखी। तीनो प्रतियो के अन्त मे जो अन्त का सवत दिया गया है, उसमे अतर मिलता है —

वृन्दावनवाली प्रति	अत सवत १९०० वि
हैदराबादवाली प्रति	,, *१८९० वि*
मुद्रित प्रति	,, १९१४ वि

इस प्रकार १८८५ से लेकर १९१४ तक इस ग्रथ का लेखन हुआ। हैदराबादवाली प्रति आरम्भ होने से पाँच वर्ष पीछे समाप्त हुई और वृन्दावनवाली प्रति दस वर्ष पश्चात। ग्रथ-विकास की *दृष्टि से हैदराबादवाली प्रति छोटी है इसमे पॉच वर्षो की* साधना का ही फल है। वृन्दावनवाली प्रति इन सब से बडी है। आकार का यह विस्तार कवि की १५ वर्षो की साधना का फल है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि कवि ने समय-समय पर इस ग्रथ मे मूल रूपो मे छन्द जोडे है। इसमे आकार का विकास होता गया। इस समय उपलब्ध प्रतियो मे सबसे अधिक बडा आकार वृन्दावनवाली प्रति का है। यही ग्रथ विकास की अन्तिम कडी है।

ग्रथ के अध्यायो को विलास के नाम से अभिहित किया गया है। हैदराबादवाली प्रति मे केवल आठ विलास है। मुद्रित प्रति मे २१ है और वृन्दावन वाली प्रति मे सत्ताईस है। हैदराबाद

वाली प्रति ग्रंथ की आदि स्थिति की सूचना देती है। वृन्दावन वाली प्रति अंतिम कड़ी है। मुद्रित प्रति की स्थिति या तो बीच की है अथवा वृन्दावनवाली प्रति से वह संकलित है। संकलन में कुछ अध्यायों को छोड़ दिया है। तीसरी संभावना यह भी है कि मुद्रित प्रति का आधार कोई अधूरी प्रति हो सकती है। उसके अन्त में संपूर्ण समाप्त शब्द भी नहीं है। केवल यह लिखा है – "इति श्री दंपतिवाक्यविलास नाम काव्ये प्रवीणराय आत्मज गुपाल कविराय विरचिते ग्रंथफल स्तुति वर्णन नाम एकोविंशो विलास।" निष्कर्ष रूप में इतना ही कहा जा सकता है कि वृन्दावन के रंगजी के मंदिर से प्राप्त प्रति, प्राप्त प्रतियों में सबसे बड़ी है तथा स्वयं कवि द्वारा लिखी गई है, अतः प्रामाणिक है। उसी को मूलाधार मानकर इस ग्रंथ का पाठ संपादन करने की चेष्टा की गई है। यदि अन्य प्रतियों में छन्द आदि की शुद्धता की दृष्टि से अनुकूल पाठ मिला है, तो उसे ही दिया गया है और पाठान्तर पद-टिप्पणी के रूप में दिया गया है।

५. भाषा और लिपि संबंधी विशेषताएँ :–

५. १ लिपिकार सदैव ही ष–ख मान कर चला है। 'ष' का ध्वन्यात्मक मूल्य कहीं भी मूर्द्धन्य (ष) जैसा नहीं है। लिपि की दूसरी विशेषता (अ) पर विविध मात्रायें लगा कर विभिन्न स्वर ध्वनियों को प्रकट करने की है :– अे-ऎ आदि। यह प्रवृत्ति सार्वत्रिक तो नहीं है, पर एक सीमा तक मिलती अवश्य है। लिपिक (ब) और (व) के अंतर के प्रति सचेत है। सामान्यतः (व) लिपि चिन्ह (ब) की ध्वनि को ही प्रकट करता है। अर्द्ध-स्वर के रूप में उसने 'व' के नीचे एक बिन्दी लगाई है : व़–व, व–ब।

इनके अतिरिक्त लिपि की अन्य विशेषताएँ नहीं मिलतीं।

५ ७ भाषा— लेखक की मातृभाषा ही ब्रजभाषा है। पर उसने परिनिष्ठित साहित्यिक ब्रजभाषा का प्रयोग ही सामान्यत किया है। कुछ स्थानीय या आंचलिक विशेषताओं को भी लेखक छोड नहीं पाया है। साथ ही कुछ राजस्थानी और पूर्वी रूप भी मिलते हैं।

५ २ १ ध्वनि सबधी विशेषताएँ–

५ २ ११ (ण) – ब्रजी मे ण, न की प्रवृत्ति प्रमुख है। राजस्थानी मे इसके विपरीत न, ण की प्रवृत्ति मिलती है। लेखक ने दोनो प्रवृत्तियो का परिचय दिया है णारि–नारि म राजस्थानी प्रभाव स्पष्ट है।

५ २ १२ घोषीकरण–यह प्रवृत्ति ब्रजी के ध्वन्यात्मक मृदुलीकरण का ही एक भाग कही जा सकती है अघोष ध्वनियो की अपेक्षा सघोष ध्वनियाँ मृदुतर होती है परगट–(प्रकट) परगास–(प्रकाश) गातिग–(कार्तिक) जैसे उदाहरणो मे यह प्रवृत्ति स्पष्टत परिलक्षित है।

५ २ १३ अल्प प्राणीकरण–यह भी मृदुलीकरण की प्रक्रिया का ही एक भाग है। स्फुट रूप से यह प्रवृत्ति भी मिलती है। उदाहरण के लिए निषद–(निषेध) कबी–(कभी) जैसे शब्दो को लिया जा सकता है।

५ २ १४ स्वरागम–इस प्रक्रिया मे भाषा की स्वर-बहुलता मे वृद्धि होती है। दूसरी ओर सयुक्त व्यजनो की सख्या घटती है। परिणामत भाषा अधिक काव्योपयोगी हो जाती है। यह प्रवृत्ति ब्रजभाषा मे बढती ही रही। उदाहरण के लिए इन शब्दो को लिया जा सकता है – परगास–(प्रकाश) परगट–(प्रकट) परवीन–(प्रवीण), मरम–(मर्म), छिप्रिग–(क्षिप्र), बरन–(वर्ण), प्रापति–(प्राप्ति), सवाद–(स्वाद)

५. २. १५ स्वर लोप–स्वरलोप की प्रवृत्ति सामान्यतः ब्रज-भाषा में मिलती है। गोवाल कवि की भाषा में आदि स्वरलोप की प्रवृत्ति विशेष आकर्षक है। आरंभिक ध्वनि पर बलाघात होने के कारण आदि स्वर में लोप की प्रवृत्ति विरले ही कहीं देखी जाएगी। पर दंपतिवाक्य विलास में ऐसे शब्द मिलते हैं –

ठारह–(अठारह), तिहास–(इतिहास), रु–(अरु), लायची–इलायची।

५. २. १६ व्यंजन

इस प्रवृत्ति के कारण भी व्यंजन-बहुल भाषा की कर्कशता में कमी आती है। यह प्रवृत्ति मध्यकालीन आर्य भाषाओं की सबसे प्रमुख प्रवृत्ति थी। इस प्रवृत्ति के द्योतक उदाहरण "दंपतिवाक्य-विलास" में भी प्रचुर हैं। जोइसी (ज्योतिषी)

५. २. १७ अन्य प्रवृत्तियां

ब्रजी की मुख्य प्रवृत्ति ल–र की है। किन्तु कुछ शब्द र–ल की प्रवृत्ति के द्योतक भी हैं : मैर–मैल। स्वर के ह्रस्वीकरण की प्रवृत्ति के परिचायक शब्द भी हैं : विसाख (बैसाख)। द्वित्वी-करण मध्यकालीन भाषा शैली में बहुत प्रचलित था। पीछे यह प्रवृत्ति ओजपूर्ण शैली का आवश्यक अंग बन गई। कहीं यह मध्यकालीन प्रवृत्ति के रूप में, कहीं शैली का अंग होकर और कहीं छन्द-पूर्ति की आवश्यकता के रूप में द्वित्वीकरण मिलता है।

५. २. २ शब्दावली :

ब्रजभाषा के साहित्यिक रूप में प्रचलित रूढ़ शब्दावली के प्रयोग की ओर तो कवि झुका हुआ है ही, आंचलिक शब्दावली के प्रयोग के द्वारा भी उसने भाषा में सजीवता लाने का प्रयत्न किया है। लोक शब्द इस प्रकार के हैं : परस–परसाउ (संपर्क) ठकर (प्रतिष्ठा, समृद्धि), मनीर (मनोरा), खपरा (खप्पर),

गाम (प्राणशक्ति), औंडो (गहरा), लाल्ही (चिंता), ज्यान (नुकसान), जुगादी (बड़ा), आदि। भाषा को सजीव बनाने में ध्वन्यात्मक शब्दावली का योगदान भी कम नहीं है रैल-फैल (अधिकता), झलाबोर (शराबोर), दहाड, झिंगारत, घनघोरत, रहसि-बहसि आदि इसी प्रकार के शब्द है। अरबी-फारसी के शब्द भी कम नहीं हैं ताफता, नाफता, जरकसी, पसमीना, जबीना, तरफ, दरफ, हरफ, ख्याल, तमासा, गरक, सुखन, दिक्क (दिक) आदि शब्द उदाहरण के रूप में लिए जा सकते हैं। अधिक शब्द शासकीय नौकरियों के नामों में आए हैं मीरमुंशी, मुंसिफ, आदि। माल (Revenue) आदि से सबंधित शब्दावली भी कम नहीं है।

६. शैली :

कवि ने पुस्तक की व्यवस्था बौद्धिक आधार पर की है। भाव-सौन्दर्य की स्थितियां प्राय नहीं आई है। करुणाष्टक में अवश्य ही करुणा का सौन्दर्य प्रकट हुआ है। अन्त में कवि ने शांत रस में काव्यधारा को समाविष्ट कर दिया है। शृंगार की झलकियां मास-वर्णन जैसे प्रसंगों में छुटपुट रूप से आई हैं। प्राय कवि को भाव सौन्दर्य प्रकट करने के अवसर नहीं मिले हैं। मर्म की बौद्धिकता से कवि अवगत भी है और कविकर्म के प्रति सावधान भी।

कविकर्म की धारा रूपगत सौन्दर्य को स्पर्श करती हुई प्राय प्रवाहित हुई है। कवि ने प्राय अर्थालंकार-योजना में रुचि नहीं दिखाई है। उसे प्रागगत सौन्दर्य प्रिय है। ध्वन्यात्मक योजना के सौन्दर्य से ही कवि को सतोष लाभ करना पड़ा है। प्राय दोनों के कुछ उदाहरण नीचे दिए जाते हैं।

१ एक मर्म रहसै-बहसै, परसे रसरग भरी नहुधाने। (११९)

२ नरनि, तरुण, तन तनि सौं तपन तेल

तूलम तमोल सबही के मन भाए हैं। (३।२०)

इसी प्रकार के बहुत से उदाहरण खोजे जा सकते हैं। यमक भी कवि को प्रिय है। यमक की कुछ पंक्तियां इस प्रकार हैं :—

धन धन ही ते धनिधनि धन ही ते प्यारी
धन धन ही तें, सब धन धन ही ते हैं।

एक और उदाहरण इस प्रकार है। :—

दक्षण मुनि पिय कान दै, दक्पन, दक्पन जात।
लक्पन, लच्छिन लपि लापि, लक्पन ही लगि जात (२।१२)

संक्षेप मे कहा जा सकता है कि कवि को शब्दालकार-योजना मे विशेष रुचि है। ध्वनि और शब्द की आवृत्ति के द्वारा वह शैलीगत चमत्कार की सृष्टि करता है। आवृत्ति-गत सौन्दर्य इस चरण मे देखा जा सकता है।

साधिके समाधि साध-साधना न साधि याहि,
साधि के अन्ताध कैसे प्रभु को लराधि हैं। (१।२७)

अनेक कवित्तो मे सिंहावलोकन का चमत्कार भी मिलता है। ध्वनिमूलक चमत्कार के अतिरिक्त पुस्तक की बौद्धिक योजना मे कवि को और कोई मार्ग नही मिला है। अन्य ग्रंथों में उनकी भाव-योजना भी मार्मिक है। यदि शैली में कहीं आंचलिकता मिलती है, तो स्थानीय मुहाविरों और लोकोक्तियों के प्रयोग मे ही मिलता है। वैसे कवि में रूढ़ रीतिकालीन शैली का ही आधिक्य है, पर विषय की विविधता और विचित्रता के कारण रूढ़ शैली के बीच कुछ शैलीगत प्रयोग भी दृष्टिगत होते है।

चन्द्रभान रावत
राम कुमार खण्डेलवाल

प्रथम विलास

भूमिका★

श्री गणेसायनमः

अथ गुपालराय कृति दंपति वाक्यविलास ग्रंथ लिख्यते ॥

मंगलाचरण

कवित्त

सामल वरण[1] अरुनाई अवरण[2] मायें
चन्द्रका धरण[3] कालकुंडल करण[4] में।
फैलि रही तरुण[5] किरनि[6] की सी आभा ओप
आभरन बीच गरें मोती की लरन में।
वरन वरन अतरन तर अवरन[7]
राजत 'गुपालकवि' दरन दरन में।
विघन हरण सुप सपति करन ऐसे
राधिकारमन के चरन की सरनि में ॥१॥

दोहा

गणपति गिरिजापति गिरापति देउबुद्धिः विसाल।
दंपतिवाक्यविलास को वरनत सुकविगुपाल ॥२॥
बुधि विवेक गुण हीन हौ कविताकौ नहिबोध।
गुण दूपन भूपन जिते लीजो[8] तुम कवि सोधि ॥३॥

★ हस्तलिखित प्रति (बु०) में 'पूर्तिका' शब्द है।

१. वरन। २. अघरन। ३ धरन। ४. करन। ५. तरुन।
६. किरिनि। ७ अबर। ८. सोजहु।

कवि-वंश

कवित्त

परम प्रतापीकवि भए जुगराजराय,
जाके[1] मुरलीधर प्रगट नाम पायो है।
जाके[2] घनस्याम सुत वृंदावन बसे आनि[3]
करि करनीको जस जगमें बढ़ायो है।
जनमि प्रवीन गृय पिंगल औ रसजाल
एकादसी कातग[4] महातम को गायो है।
जाको[5] सुत प्रगट गुपाल कविराय तिनि
दंपतिके वाक्य के विलास को बनायो है ॥४॥

दोहा

परगराय परवीनसुत कविगुपाल यह नाम।
मध्य मनीपारे बसें श्रीवृंदावन धाम ॥५॥[6]

---

१. ताके। २. ताके। ३. वासकीनो। ४. गातिग। ५. ताको।
६. ता गुपाल कवि को सदा वृंदावन मे वास।
मध्य मनीपारे रहे ब्रजरायन को दास॥

कवि वंश वृक्ष:

जुगराजराय – मुरलीधर – घनस्याम – प्रवीणराय – गुपालराय

सम्भवत: परगराय, प्रवीणराय का विरद हो। कवि ने अपना निवास-स्थान वृन्दावन लिखा है। वृन्दावन मे मनीपारे मुहल्ले मे इस कवि के वंशज रहते थे। पर आज उस मुहल्ले मे कोई 'राय' का घर नहीं है। पूछने पर कुछ वयोवृद्धों ने बतलाया कि यहाँ पहले 'राय' लोगों के घर थे। पर आज वहाँ कोई राय नहीं है। कवि ने मनीपारे का गर्व पूर्वक उल्लेख किया है। स्वयं गुपाल कवि ने लिखा है कि मनीपारे में मिश्र लोगों का निवास है पर दो चार घर राय लोगों के भी हैं। यह मुहल्ला ब्राह्मणों का मुहल्ला ही है।

मातृभूमि-वृंदावन

कवित्त

चाहे लोकपाल भूअपाल यौ गुपालकवि
हाल ही निहाल होत जाकी रजधांनी में।
स्यांमास्यांम धाम सब पूरनकरन कांम
लेत जाको नाम पाप पिरत ज्यों घांनी मे।
कहां लग बरनवनाइ कै सुनावै कोऊ
जावे जस गाइवे की सकति न वांनी मं।
तीनि लोक जांनी जहां वहै पटरांनी ऐसो
वृंदावनजू की हम रहै रजरानी मं ॥६॥*

मनीपारौ

परम सुथांन भूमि निकट विहारीजूके
इत राधा मोहँन[1] के घेरे कौ मिलाउसौं।
जामें मिश्र परम उदार करें बास पुनि
जोंरसी[2] जबर थोकदारन मराउसौं।
भनत गुपाल तामें चारिक हमारे घर
भूमिया वनिकद्वैक परन पराउ सौं।
एक तै अधिक एक थोक सबही है, परि
मनीपारौ विप्रनसौं जटित जराउसौं ॥७॥

---

* इस कवित्त मे कविने वृन्दावन की महिमा का गायन भक्ति और श्रद्धा के स्वरो मे किया है। कवि चैतन्यसम्प्रदाय से सम्बन्ध रखता है। इसलिए राधा-कृष्ण की निकुञ्ज-लीलाभूमि का दिव्य रूप कवि की वाणी में मुखरित हो उठा है।

१. मोहन। २. जोईसी। ३. एक ते।

गृंथ हेत

जग दुष पांन जांनउ जे विराग ग्यान
आमेंगुण घणे गुणमांननि रिझवेके ।
करें जोई काम तामें दगा नहि पाई हांनि
टोटो नहि आवे, आमें हुन्नर कमेवे के ।
सबही को ग्रांन धनमांननको राजीकर्नं
धरन मरन गुणमांनन रिझवेके ॥
कुजस गवैवे के औगुजस वढेवे के
सुकेते हेत दंपतिविलास के वनैवेके ॥९॥*

गृंथ प्रियोजन

कविता[1] कृति दुषमुष.[2] के कवित बनाअेदोइ ।
कवि प्रवीन पितुकों जबहि जाइ सुनाअे सोइ[3] ॥१०॥
है प्रसन्नि[4] ताही घरी आज्ञा मोको दीन ।
दंपति वाक्यविलास सुत कीजे गृंथनवीन ॥११॥
जिनकी[5] आज्ञा[6] पायमें कीनों, गृंथप्रकास ।
कहत सुनत याके सदा होइ वुद्धि: परगास ॥१२॥
जिनि वातनते जगतमें काम परत नितआइ ।
तिनके गुण दूषन सकल कहु गुपाल कविराइ ॥१३॥[7]
पिय प्यारी मिलि परसपर, कहि गुणदोष प्रकास ।
यातेनाम धरयो सुकवि दंपति वाक्य विलास ॥१४॥

---

* यह है० प्रति में नहीं है ।

१. लेपक । २. दुष्य । ३. कवि प्रवीन कों जाय कें सबहू सुनाये सोइ ।
४. प्रसन्न । ५. तिनकी । ६. अज्ञा ।
७. तिनि हजिगारन करि जगत कुरम करत प्रतिपाल ।
तिनि हजिगारन कों अबै बरनत सुकवि गुपाल ॥
यह दोहा मुद्रित प्रति में भी है ।

संमत

ठारह से पिच्यासिया पून्यो अगहनमास।
दपति वाक्य विलास को तव कीनो परकास[१] ॥१५॥

ग्रंथ सूची

कवित्त

धन दुप सुप घर वाहर प्रदेस देस
अमल अनेक पेल सूची परकासके।
सास्त्रअुपसास्त्र वर्नाश्रमसोध मदराज
सहर प्रबध अगरेजन के पास के।
वनिज, रकानि सव जातिवे विधान अध
माधमजिहान गुण प्रकृति' तिहासके।
सुकृत प्रकास ज्ञान भवित फल तासमे
गुपालजू विलास वहे दपतिविलासके ॥१६॥*

सवैया

देपि नइरचना वचनानि की सो सुनिके सवने लिपवायो।
पडित राज समाजनि में कविराजन के मनमें अति भायो।
दपति वादहि[२] को मिसुकै सव बातनको[३] सुपदु प्प[४] दिपायों।
'रायगुपाल विराग बढामन दपतिवाक्य विलास बनायो[५] ॥१७॥
नारि निपेद कियो रजिगार वो प्रीतम जो वरनो ठहरायो।
प्यारहिप्यारमें प्यारी प्रवीननें चातुरी ते पियको विरमायो।
रेनिदिना[६] विछुरे[७]नहि नेरहू भोगविलास करे[८] मनभायो।
रायगुपालको पास ही रपिकैं थीयो भलोअपनों मन भायो ॥१८॥

---

१ परगास। २ बान्हो। ३ रजगारनको। ४ दुप्प। ५ रायप्रवीन के नद गुपाल ने दपति वाक्य विलास बनायो। ६ रैनिदिन। ७ विछुरे। ८ करें।
* यह कवित्त है० प्रति म नही है पर मुद्रित प्रति मे है।

ओकसमें रहसें वहसें वरसें रसरंग भरी[१] चहू घातें।
सुंदरि वैठी मुगंधिन सेजपें सोभामिगानकी[२] सरसातें।
प्रीतम आइके वैठे तहां गलवांही दियेंदियेंअंगप्रभातें।
ऐसे समे रूजिगारनकी[३] कही वालसों लालगुपाल नें वातें ॥१९॥

जग विवस्था पुरसवाच ईस्त्रीप्रति

कवित्त

कुटम के पालिवे कों वोलें झूंठमांव दिन
रेंनि यह प्यारी वूड़े वेललो वह्यो करें[४]।
जिकिरि फिकिरि वीच व्याकुल रहतऊ
घरको मरम नहि[५] काहूसों कह्यो करें[६]।
सुकविगुपाल धन पाएही निहाल होत
विन रूजिगार[७] देहदुपसो दलो[८] करें[९]।
वस्ती वीच प्रभुही करत परवस्ती यह
हस्ती कोसो परच गृहस्तीके रह्यो करें[१०] ॥२०॥

दोहा

याते कोऊ रुजिगारको कीजें कछूउपाइ।
धन कमायकें लाइये जाते[११] सब दुप जाइ ॥२१॥

इस्त्रीवाच[१२]

जग हितार्थ काजे भली प्रश्न करयों तें अंन।
ज्यों मननें वुधि तियातें प्रश्नकरयों सुप दैंनि ॥२२॥*

---

१. भरी। २ सिंगारन। ३. कही। ५. नहीं (४) (६) (९) (१०) करें।
७. रुजगाल। ८. दहूरो। ११. ताते। १२. इस्त्रीवाच पुरुष प्रति।

*है० प्रति में नहीं है।

सो मन, बुधि संवाद अब बरनि सुनांऊ तोहि ।
जाके कहत[1] रसुनत में द्रढ़ विराग उर होहि ॥२३॥*
दंपति के संवाद मिस जग दुपसुपकी बात
सोगुपाल तोसो अबै करत सबै विष्यात ॥२४॥*

धन सुप-दुप वर्णन

कवित्त[1]

रीतें सबहीतें नित गाम गुनी गीतें दिन
आनंदमें वीतें काज[2] होइ[3] चित चीतें है।
रापै बडी सीतें डरें काहूकी न भीते हीते
अुपजैं गुपालकवि नित नई नीतें है।
अरिकें अरीतें जे अनीतेहे अजीते लै करीते
पालिकीते जे वलीतेजग[4] जीते हैं।
धन धनहीतें, धनि धनि धनहीते प्यारी
धन धनहीतें सब धनध नही तेंहैं ॥२५॥

इस्त्रीवाच

काया कू डर नाहिना मायाकूं डर होत।
याते याके दुप सुनो जो जग होत अुदोत ॥२६॥

कवित्त

कांम क्रोध लोभ मांझ डारे बांधि बाधि नित
जोरतमे जाके[5] अपराधनते दाधिहै ।

---

१. इससे पूर्व ह० प्रति में यह दोहा है :
"धन पायें सुप हो जो हमसौं कहो गुपाल।
ताके सबै उपाय कौ तुमें भंजि हैं हाल॥"
२. काम। ३. होत। ४. जग। ५. ज्याके।
* ये दोहे ह० प्रति मे नही हैं।

आधि रहै मनमें, नराधिपति बांधिवेकै
पोदिके¹ अगाध धरधरें होति व्याधि है।
साधिके समाधि साध साधनां न साधि याहि
साधिकै असाध कैसे प्रभु को अराधिहै
सुकविगुपाल क्यों कहावत धनादिपति²
नित धनमाझ अैसी रहति उपाधि है ॥२७॥

पुनि

निर्धन गरीबनकी बूझतु न कोउ बात
जातिपांति नातहू के होत हित हांति है।
होतौं देपि घरमें पुसामदि करत सत्र
जिकिरि वसाइ आइ निक्ट बसाते हैं।
उकर बढ़ावें धन ही में धनआवें सदा
या के घर आसेहीते वनें सब बातें हैं।
मिलि बहुधांते करें कारज मुहाते याते
सुकवि गुपाल सब दौलतिके नाते हैं ॥२८॥*

इस्त्रीवाच

सवैया

पालहु जो तिहु लोकनको छिन अेकहि मांझ करें सुनिहाल है।
हालहि होत कृपाल दयाल कृपा करि जाकों जगावतु भाल है।
भालहै सूरजकोसो सदा [illegible] जनकोकरे बुद्धि विसाल है।
सालहै सो तिहु लोकनको सोई लाजको रापनहार गुपाल है ॥२९॥*

दोहा

संपतिकी पति रापिहै श्रीपति पति पति आप।
मिलिके दंपति मेंटर्य रतिपति कौसंताप ॥३०॥

---

१. पेदिकें, २. पिय।
* यह है० प्रति में नहीं है।

तन ते उद्यम होतु है उद्यम ते धन होत।
धन ते सुष जस पाइयै याते[1] नाम उदोत ॥३१॥

याते उद्यम करत में कबहु रोकियै नाहि।
धन को प्रापति पाइयै प्यारी याके माहि ॥३२॥

बिनां गये पर देस के धन प्रापति नहि[2] होइ।
धन प्रापति बिन जगत में क्यों सुख पावै कोइ ॥३३॥

इस्तीवाच

कवि गुपाल हमसौं अबै कहो सुष्प परदेस।
जब[3] जैयो परदेस को धन कमान सुविसेस[4] ॥३४॥

इति श्री दंपति-वाक्य-विलास नाम काव्ये प्रवीनराय आत्मज गुपाल‡

तिथि

---

१. ह० ताते २. ह० क्यों ३. ह० तब ४. ह० कमान के हेत।
‡ ह० प्रति में नहीं है।

द्वितीय विलास

प्रदेस सुष

पुरुसवाच

दोहा

देस छोड़ि परदेस में इतनें सुष सरसात ।
प्यारी सो सुनि लीजियें तिनकी मो सौं बात ॥१॥†

कवित्त

देसन की सैल धनहू की रेलफैल आवें
चातुरी की गैल मन लगत कमैंवे में ।
दारिद की हांनि धान[1] मांनन के मांन गुण[2]
मांनन[3] सौं जांनि होति पहचानि छैंवे में ॥
फिकिरि[4] न एक गुन आवत अनेक यौं
गुप.लजू विसेप[5] वस्तु आवति मुलेवे में ॥
पैंवे अरु दैंवे जस लैंवेकौं सवाद प्यारी ।
एते सुप होत परदेसन के जैंवे में ॥२॥

---

† हे० में नहीं है ।

१ हे० धन; २ हे० गुन; ३ हे० मानन; ४ फिरि; ५ हे० विशेक ।

प्रदेस दुख

दोहा

देस रहै सुख नाहि बिना गये परदेस के।
कहतु कहा करि पाइ उद्यम कृत कीए बिना ॥३॥†

इस्तीवाच

कवित्त

ठौर ठौर बास मन रहत उदास बास
बासकौं प्रवीन[1] पिय परघर जाइवौ[2]।
अपनी खबरि पहुचाइवौ कठिन पुनि
घरकी पबरि बड़े जतनन पाइवौ ॥
समझै न बानी लगै देसन कौं पानी ठगु
चोरत नहानी मिलै समै पै न पाइवौ[3]।
हाय बिमलाइ मरि जाइवौ सहज परि
जाइकै कठिन[4] परदेसकौ कमाइवौ ॥४॥

---

†हि॰ प्रति में इसके स्थान पर यह सोरठा है।
"जेते कहे न जात तेते दुप परदेस के।
निस दिन साहस प्रात घरकी लौं लागी रहैं।
प्रसंग से अनुमान होता है कि यह सोरठा स्त्री द्वारा कहा गया होगा।

१. गुपाल [हो सकता है कि कवि ने अपने पिता 'प्रवीन' के रचित कुछ छंद ग्रंथ में समाविष्ट किये हों! इस छंद में आया 'प्रवीन' नाम इस बात की ओर संकेत करता है। हि॰ में इसके स्थान पर 'गुपाल' कर दिया गया है।]

२. जायबो ३. पायबो ४. कठिन

पुरुषवाच

पूरब

दोहा

रूप विसेस विसेस न भूमि सुहामन देस।
जाय करें याते अबे पूरब को परदेस ॥५॥†

कवित्त

ताफता ख्वाफना मुम्मज्जर श्रीमाफ
मषमल खमु केसी पट नांनां सुषदाइयें।
सरस कृपान तरकस रुकमान वाण
जरकसी चीरा हीरा जहाँ जाइ लाइयें।
सुकवि गुपाल फुलवारी धांम धांम अव
श्रीफल कदलि पौंडा पांनन को पाइयें।
बड़े बड़े केस होइ नंदुन असेस प्यारी
पूरबके देसमें विसेस सुष पाइयें ॥६॥†

दोहा

जीवन जीवन हरहि जग प्रान हरें जग प्राण।
पूरबमें जमदूतिका सबको देति पिरान ॥७॥†

इस्तीवाच

सोरठा

लगें चोर ठग वाय पेट चलें पांनी लगें
कोजें कबहु न जाइ पूरब परदेस कों ॥८॥†

---

† है० में नहीं है।

कवित्त

पानीं लगि जात बहु फूलि जात गात पुनि
पेट चालि जात कछु पाय जात कबहूँ ॥
जादू करि करि के सभोग गुपकाज पसु
पछी करि राखें नारि नरन कौं अबहूँ ॥
ब्राह्मन बनिक मीन मास मधु खात तेल
हरद लगाइ न्हात नारी नर सबहूँ ॥
फांसी दैके हाल मारि डारै ठग जाल याते
जैये न गुपाल दिसि पूरबकी कबहू ॥९॥†

दक्षनदिसा

पुरुषवाच

दोहा

दयामान धनमान पुनि लोग बडे गुनमान।
याते पछिम देसको कीजे सदा पयान ॥१०॥†

कवित्त

चीरा चीर सालू सेला समला बहाल दार
जरकसी काम जामें होत नाना भांति हैं ॥
सुकविगुपाल लाल रतन प्रवाल मनि
मानिक बिसाल मोती महगी सुजाति है ॥
मेवा औ मिठाई फल फूल मूल धूल गूल
तरुनी अनूपन्हि सुलक्षत गात है ॥
देखे बने बात सब सोभा सरसात प्यारी
दक्षन दिसा के सुष कहे नहिं जात हैं ॥११॥ †

---

†हि० में नहीं है

इस्तीवाच

दोहा

दक्षण मुनिपिय कांनदे दक्षन दक्षन जात ।
लक्षण लछिन लपि लषन लक्षन ही लगि जांत ॥१२॥†

कवित्त

धोटूलो उघारी निरलज्ज रहै नारी मांस
मदिरा अहारी द्विज होत अनाचारी हैं ॥
सुकवि गुपाल प्याज लहसन षात सब
लूटें ठग चोर प्रजा रहै न सुधारी हैं ॥
लोगनि रहन भानजे को व्याहि बेटी देत
रीति बिपरीति जहाँ देषत ही न्यारी है ॥
वढत अगारी होति बडबडी प्वारी दिस
दक्षन मझारी जात होत दुष भारी है ॥१३॥†

पछिमदिस

पुरसवाच

दोहा

रापें दक्षन तें अबें जो दिस पछिम जात ।
ताके अब सुनि लीजियें प्यारी गुण अवदात ॥२४॥†

कवित्त

लोग दयामांन तिय सुघर सुजांन मीठी
बोलनि निदांन नीर लगें ना जहाँ कहूँ ।
वृषभ विसाल ऊँट ऊँचे पुलकार वस्त्र
विविध प्रकार ऊन सूत के वहाँ कहूँ ॥

---

†हि० में नहीं है

सुकवि गुपाल ताते तरल तुरग मिलै
मधुर मतीर भूप लगति जहां कहूं ।।
पार नहि लहूं हिय सोचत ही रहूं प्यारी
पछिम दिसा के सुप बरनि कहा कहूं ।।१५।।†

इस्तीवाच

दोहा

मरत रयनि दिन वारि बिन भटकि भटकि नर नारि ।
करियै नही पयान पिय पछिम ओर निहारि ।।१६।।

कवित्त

धूरिन के थल आवै ढोलकै ढमकै जल
तरु बिन थल तामै सोभा नाहि पामै हैं ।।
चामर रु गेंहू रस गोरस ना फलफूल
मोठ बाजरी कौं पाय दिवस बितामै हैं ।।
रहत मलीन धर्म कर्म दूरि हीन सदा
पहरत पीन पट ऊनन के जामे है ।।
सुकवि गुपाल जेते कहत न आमै सदा
तेते दुप होत जात पछिम दिसा मे है ।।१७।।†

उत्तरपंड

पुरुषवाच

हर.दुवार हेकै परसि बद्रीनाथ किदार ।
होत कृतारत जीव यह उत्तरषड मझार ।।१८।।†

---

†दि० में नहीं है ।

कवित्त

लाइचो लवंग दाप दाड़िम वदांम सेव
सालिम अंगूर पिस्ता पेंयें उठि भोर कों।
कस्तूरीह केसरि जविन्नि जाइफल दाल
चीनी देवदारकी सुगधि चहु ओर कों।
साल औ दुसाला दुसा नांनां पसमीनां ओढ़ि
देपत रहत आछो तियन की मोर कों।
सुकवि गुपाल प्यारी सुनियें तिहोर मोर्य
कह्यो नहि जात सुप उत्तरको ओर कों ॥१९॥‡

इस्तीवाच

सदां सीत भयभीत नर व्याघ्र सिंघ ग्रप घोर
करियें नही पयान पिय उत्तर दिस की ओर ॥२०॥‡

कवित्त

विकट पहार झार घने सिंघ स्यार निरवाहू
नहि होत रथ बहल को जामें है।
गिलटीह गिल्लर अनेक रोग होत जहां
चारिहु वरन जीवहिंसक हरामै हैं।
सुकवि गुपाल सदा सीत भयभीत नर
बरफ के मारे दुरे रहत गुफा मे हैं।
राह में नगामें छोके उतरत तामें जात
बहु दुप पामे लोग उत्तर दिसामें हैं ॥२१॥‡

इतिश्री दंपति-वाक्य-विलास नाम काव्ये प्रदेससुखदुख वर्नन नाम द्वितीयविलास।

---

‡है० में नही है

तृतीय विलास

मास प्रबंध "चैत्रमास"

पुरुसवाच

दोहा

चंत प्रवासहि को भलो सस महिनन में होइ।
सीत गरम जामें न बहु दुप व्यापत नहि कोइ ॥१॥‡

कवित्त

होत पतिझार झार फूलै फुलवारि कीप
उलहत डारनपे भ्रमर भुमायँ हैं।
बोलत बिहग सर सरिता उमंग अंग
अंग जे अनंग की तरग कदि छाए हैं।
सुकवि गुपाल जामैं सीत न गरम सम
रजनी दिवस मानौं तोलि कैं बनाए हैं।
सुप सरसाऐं होत दपति के माझे बडे
भागिन ते आए दिन चैत के सुहाए हैं ॥२॥‡

इस्त्रीवाच

कवित्त

सीतल समीर उर तीर सो करेगी पीर
लहरि उठैगी पाँचबानजू के वादिनी।
कोकिला की कूक हूक करेगी करेजे सुप
सेज न सुहेवै पर्न दूप ह्वै है ता दिनी।

‡दै० प्रति में नहीं है।

केसू कचनारिन के फूलेफूले हार वन
बागन में लगेंगे अंगार सम ता दिनी।
मेरी कही यादि जब आवैगी गुपाल तब
करैगी बिहाल हाल चैतहि की चांदिनी ॥३॥‡

बैसाखमास

भमर विदेसी नर गंध.होते अंध होत
त्रिविधि पवन दिसविदिसन छाइयें।
सुकबि गुपालजू पराग बरसत अति
अवनि अकासमें सुगंधि सरसाइयें।
सरसरितांनमें कमलकुल फूले बहु
अंबन में कोकिल सबद सुपदाइयें।
ह्याही बिरमाइये अनत नहि जाइयें
बिसाप की वहार बड़े भागिनसौं पाइयें ॥४॥‡
कफ कीयो राज वाय पित के अकाज उठे
गरम बढ़ति जाके प्रथमहि पापतें।
जानकी जनम अषतीज नरसिंघव्रत
करि सब नरनारी रह तउ साषतें।
देषत गुपाल फूल बँगला कुसुम केलि
जल बाग बिपिन बिहार अभिलाषतें।
मांनि मेरी भाप प्यारे प्रेमरस चापि आछो
देयो बयसाप बयसाप बयसाषतें ॥५॥‡

बैसाखमास के उत्सव : जानकी जन्म, अखतीज, नृसिंह व्रत और फूल बंगला आदि विभिन्न प्रकार की क्रीड़ाएँ।

‡ है० प्रति में नहीं है।

जेष्ठ मास

पासें पसपाने तहपाने सुपसाने होद
अतर गुलावन के ठाने तहठा रहैं।
छूटत गुपालजू तिवारन फुहारे न्यारे
जहां जलजतुन¹ की परत फुहार हैं।
चदन विचार द्वार द्वारन पे टाटी
दीह चलत बयारि फूलि रही फुलवारि हैं।
फूलन के हार घर सीतल अहार सोये
सेजन समरि लेत जेठकी बहार हे ॥६॥‡
पंथ थँवि जाति लघु होति अति राति सूर
तपत प्रभात ही से चड कर कीना मैं।
सुकवि गुपाल जे प्रबल जल थल जीव
विकल कल न पल परत जवीना मे।
मोर अहि मृग सिंघ सोवत अवनि अबु
अनिल अकास ए अनल समचीना मैं।
बल होत हीना अग भीजत पसीना यातें
जाइयै कहीना पिय जेठके महीना मे ॥७॥‡

आसाढ

चक्र देकें चचल प्रचड चलै पौन चारयौ
ओर ते घमडि घन गरजे धुका ढके।
सुकवि गुपालजू सन्यासी साध सत द्विज
नारी नर पक्षी पशु बैठे गहि आड के।
देपि झला वोर नभ ओर जोरसोर के
पपैया मोर दुर चकोर चितचाढ के।
दामिनि दहाड देपि काम धरी वाढ़ जब
दपति कों आड परी आवत असाढ के ॥८॥‡

---

१. जल-जत्र, जलयत्र=फुहारे
‡ है० प्रति में नहीं हैं।

कीच औ मचक टपका की है ससरु पर
तियसों असक लगि जात कांम जागे ते।
मंदिर चुचात पपरा को लियें हाथ सौंज
सब सहलाति है सरद सब जागे ते।
काटें डंस माछर गुपाल तन आठों जाम
दादुर पपैया फोरें डारें कांन रागे ते।
मेह झर लागे धरनी ते चठें आगे एते
होत दुप आगे ते आसाढ़ मांस लागे ते ॥९॥‡

सामन

सुनि घनघोर कों झिगारत है मोर देषि
दामिनी की ओर सुप हरित मही के हैं।
सुकवि गुपाल द्रुम लपटी ललित लता
केतुकी कदंब गंध कुंद की कली के हैं।
भूपन बनाइ के मलारन को गाइ गाइ
मचक[१] बढ़ाय संग झूलत अली के हैं।
प्यारी पिया पीके मनभाए होत जीके स्वाद
सेज पें अमी के होत सांमन में नीके हैं ॥१०॥‡
घनन की घोर पिक मोरन की सोर सुनि
परति न कल सुपसेज परें तजनी।
झींगुर झिगार औ बहार फुलवारिन की
देषत अपार दुप होत हिय हजनी।
सुकवि गुपाल मौंन भूषन वसन पांन
पांन परिधांनन सुहाति सैंन सजनी।
प्यारे मनभांमन की आमन की औधि टरें
डग होति वांमन की सांमन की रजनी ॥११॥‡

---

१ पेंग
‡ दै० प्रति में नहीं हैं।

भार्दों

गाज[1] सुनि बाधत हैं गाज ब्रजराज तामें
जनमे गुपाल जदुनाथ कुल जादौं के ।
करि बनजात्रा करबटनी करत लोग
लेत सुध राधा अष्टिमी में दधिकादौं[2] के ।
रहि रिषि पंचिमी सतोहैं[3] न्हाइ देवछटि
बामन दुआदसी अनत पूजि आदौ के ।
साझी को यरादो पित्र पक्ष लगें यादौं याते
पाइयत दिन भूरि भागिन ते भार्दों के ॥१२॥‡

झिल्ली झनकार ससा पवन झकोर घन
धार धरधार अधियार अधि कादौ में ।
सुकबि गुपाल घनघोरत घमडि घने
जान्यौ न परत दिनरैनि व दिवा दौ मैं ।
संमरसता वत सरीर कौं सरस सो सुमन
सर साधि साधि व्याप्यौं सत सादौ मैं ।
देषी दधिरादौ जन्म लीयौ हरि जादौ पूरो
काम कौ यरादौ करौ रहि घर भादौ में ॥११॥‡

क्वाँरमास

निर्मल नभ नद नदिन के नीर नीके
सीत न गरम लागें मोहन बहार के ।

---

१. गाज बांधना ब्रज का एक त्यौहार है। गाज कुछ धागा का समूह होता है। उसके बांधने और खोलने दोनों के अनुष्ठान प्रचलित हैं।

२. कृष्ण और राधा के जन्मोत्सव पर दधि में हल्दी मिला कर परस्पर छिड़कना इस उत्सव की प्रमुख क्रिया है।

३. बल्देव छट या देव छट बल्देवजी की जन्मतिथि है। ब्रज में देव छट के स्थान ये हैं दाउजी (बल्देव, सतोहा, बरहद, बेममा। कवि ने यहाँ सतोहे की देव छट का उल्लेख किया है।

‡ है० प्रति में नहीं है।

पूजत पितर नवदुरगा दसैंरा लोग
सरद सुपद सुप सेज में विहार के।
फूले कांस सेतुही कमोदिनी कमलकुल
सांझी रास रंग के विलासन निहारिकें।
सुकविगुपाल चंदचांदनी अपार जोति
सब ते सरस ए सुहाए दिन क्वांर के ॥१४॥‡

आतप अधिक तम बढ़त अनेक रोग
भोग घरहीं में सुप रहैं तनहीं कौं नां।
पितर भ्रमत औ मियामने[१] लगत दिन
भूपन-वसन तन धारियें मिहीं कौं नां।
सुकवि गुपाल रितु पानी बदलत अति
रति में लगत मनत मान नहीं कौं ना।
सुप लै मही कौं चैन दीजै हमहीं कौं मेरी
मांनियें कही कौं जैयें क्वांर में कहीं कौं ना ॥१५॥‡

कातिक मास

प्रात समें उठि नीकें न्हाति नर नारि राई
दामोदर[२] पूजति बजाय सुर बीना के।
करति चरित्र धारि चित्रनी विचित्र घर
घरन चरित्र चित्र चित्रन के मीना के।
सुकवि गुपालजू अकास जल थल दीप
दीपति दिपति दांन देत द्विज छीना के।
काम के अधीनां होत दंपति प्रवीना सुप
देषियें कही ना जैसे कातक महीना के ॥१६॥

---

१. भयावने, भयानक

२. कार्तिक-स्नान एक पुरानी प्रथा है। स्नानोपरान्त ब्रज में राधा-दामोदर की पूजा होती है। 'राई' शब्द यदि आभीर-साहित्य की 'राही' की ओर भी संकेत करे तो, अनुपयुक्त नहीं।

‡ हैं० प्रति में नहीं है।

राधाकुंड न्हान दीपदान गिरराज बडी
लहुरी दिवारी जुआ पैले निसि कुहू कौं।
अन्नकूट गोरधन जमद्वनिया[1] सनान
मैयाद्वैज गोकल प्रदक्षना दैउ हूँ कौं।
गउ गोपआठैं अपंनोमी को परिकमा
दैलीजं हरिलीलनि कौ सुप छाडि महू कौ।
देवन जगाय पचभीषम आन्हाइ नहिं
जाइयं गुपाल कत कातिग[2] मे कहूँ कौं ॥१७॥

अगहन मास

षट रस विजन के भावत हैं भोग काम
केलि कै अधिक मन लागत सबन कौं।
सर सरितान फूल फूलत सुगध गुरु
कहुक कल्ति कल हसन के गन कौं।
सुकवि गुपाल हरि अस है प्रसस यही
स्वारथ में देत परमारथ जतन कौ।
सुप होत तन कौं बढत मोद मन कौं
सुमोहे महा मन कौं महीना अगहन कौं ॥१८॥‡
द्वार लग डग पग मग में धरयौ न जात
अतन अधीन तन भए दुह जन के।
छेदत हृदयं पौंन गौंन भौन भीतरहू
ठाढे होत रोम रच छुएँ जलकन के।
सुकवि गुपाल हरिसह प्रसत यही
स्वारथ में देत परमारथ जनन कौं।
सुप होत तन कौं बढत मोद मन कौं
सुमोहै महा मन कौं महीना अगहन को ॥१९॥‡

---

१. यमद्वितीया पर मथुरा में बडा भारी स्नान-पर्व प्रतिवर्ष होता है।
२. क, ग कातिग कानिग
‡ ह० प्रति में नहीं है।

पूसमास

तरुणि तरुण तन तात सों तपन तेल
तूलरु तमोल सबही के मन भाए हैं।
जल थल अंबर अवनि घर बाहर हू
असन वसन सब सीतलता छाए हैं।
सुकवि गुपाल रजनी में घंडे अंग होत
दिवस में कहूँ दिन जात न जनाए हैं।
सुप सरसाए रसरंग बरसाए बड़े
भागिन ते आए दिन पूस के सुहाए हैं ।।२०।‡

कटति न राति नहीं दिन जान्यौं जात सोंज
सीरी न सुहाति बात जाति सु कही ना में।
ठिरि फटि जात गात कारे परि जात न्हात
बाजें दांत हाथ चीज रहति गही ना में।
चाहिये गुपाल घने असन वसन दोन
पति के उधार दिन दुपद दही ना में।
मोम जी रहीनां ठंड जाति सु सही ना कल
परति महीना कहु पूस के महीनां में ।।२१।‡

माह मास

मृगमद मलय कपूर घूरि घूसरत
पैलत बसंत संत दसहू दिसान में।
कोकिला कपोत कीर कोइला कहुक करे
भौरन की भीर भ्रम्यो करति लतान में।
तालदै गुपाल गुनी गावत पियाल वीन
सारंगी मृदंगहि मिलावत हैं तान में।
व्यापै काम आनि भले लागै पांन पान सुप
सबते निदांन होत माहके दिनांन में ।।२२।‡

---

‡ है० प्रति में नहीं है।

जमति बरफ चार्‌यो तरफ दरफ सीत
सिरफ दुपहि एक हरफ न चैन चाह।
सुकवि गुपाल भौन भीतरहू बैठे चलि
सीतल पवन करै डारतिहै नरगाह।
नैंक हलै चलै बलै गलै जात सीत पलै
कलै न परति पग धरयो नहि जात राह।
हियै होत काह जब जब उठै कामदाह
कोऊ रहै न उमाह उतसाह बिन नाह माह ॥२३॥‡

फागुन मास

छाडि कुलकानि मुप माडि छीडि छाडि पट
गहि नर नारि गाठि जोरे पट झीना में।
सुकवि गुपाल जू उडावत गुलाल लाल
डारे रगलाल पट पीतम के सींना में।
पेलत पिलावत औ हँसत हँसावत
दिवावत औ देत गारि रहत न कीना में।
प्रेम पन पीना होत काम के अधीना सुप
देपियै कहीं ना जैसे फागुन महींना में ॥२४॥‡
लोक लीक लोक लाज काजन बिसारि लोग
गारी दै बकामे बकैं मानत हैं नहिना।
सुकवि गुपाल परनारिन सों रानै गाठि
जोरि संग नाचै पारे मार्मरि दे देहिना।
छोटे बडे ऊच नीच एक सम होत बहु
रूपिया सें डोलै लाज रहति मुरुहिना।
सहिना परनि सिप तहिना न देत याते
सबमे निलज यह फागुन को महिना ॥२५॥‡

---

‡ है॰ प्रति मे नहीं है।

घुरैंडी

निलज बकत कोऊ काहूते सकत नांहि
रोके ते रुकत घूरि उड़ावत ग्वंडे की।
सुकवि गुपाल कीच मांटीमें अटत चांदि
लट्ठन पिटत राह निकरत छेंडी की।
गदहा पै चढ़ि बढ़ि भड़आ बनत लोग
लहंगा पहरि बात करत छलेंडी की।
जोरत हैं लेंडी काम करत कुपेंडी याते
ऐंडी बेंडी देवो बात फागुन में घुरेंडी की ।।२६।।

"इतिश्री दंपतिवाक्यविल-सनामकाव्ये बारेमास प्रबंध वर्णनं नाम तृतीय विलास"

चतुर्थ विलास

निजदेस प्रवन्ध : वरात सुष

पुरसवाच

सोरठा

जात बरातहि[1] जाइ[2] घर जूयौ जयौ परदेस ते ।
सुनियें कान[3] लगाइ ताके[4] सुप वरनन करूं ॥१॥

कवित्त

हिलनि मिल्नि को सरस सुप होत नाना
भातिन की रहसि वहसि वतरात मे ।
देपि नई नारिन के ख्याल औ तमासे राग
रगन में गरक रहत दिनराति मे ।
सुकवि गुपाल फूलें गात न समात जब
बैठि जाति पाति गारी पात भात पात में ।
बनें बडी बात जब दबति[5] घरात तब[6]
जीवत को लाहो लोग लेतह[7] बरात मैं ॥२॥

इस्तीयाच

दोहा

जितने जात बरात में दुख नितप्रति जहां होत ।
कवि गुपाल तितने सुनो हमसों बुदि उदोत ॥३॥

---

‡ है० प्रति में नहीं है ।
१ है० बरात तो, २ है० जाय ३ है० कान, ४ है० मारे
५ है० दबत ६ है० तहा ७ है० लेत हैं

कवित्त

राहु चलें धरती में सोमनो परत पुनि
भोजन मिलत वाइवे हीं आधी राति में।
दामनि घटेपें होत गांठिको परच जब
आवत सरम घटि चलन की बात में।
सबही सों करत रमूज मसपरी लोग
सायनि विगरि जो पें देषत घरात में।
कहत गुपाल कछू आवत न हाथ सात
दिनहीं सनीचर लगतु है बरात में ॥४॥

पुरस वाक्य

जातिसुष¹

वह एक ठौर य अनेक ठौर राजें वह
जड्य चित न्यहाल चंगा करें नंगा को।
उहु उहि लोक उच्च पदवी कों देति इह
देति इहि लोक ही लागत नेंक रंगा को।
सुकवि गुपाल उह पातिकीन तारें आप
सम करि डारें यह पोलि सब दंगा को।
मन की उमंगा करि करो सतसंगा याते
गंगा ते सरस है दरस जाति गंगा को ॥५॥
सादी औ बधाई सब याही ते सुहाई लगें
याहीते मिलन भलो होत गोत नात ते।
याही तें परत काम जीवत मरत पुनि
यही तिमतारी करें पातक की बात तें।

---

१ यहाँ से "ब्याह सुष" तक के प्रसग है• प्रति में नही हैं।

और को तनक छिद्र मेंह सो करन्त निज
मेरु ते सरस छिद्र करै तुरा गात तैं ।
जीतो नहि जाति तासों कछु न बसाति याते
भूलिकें न पालौं कबी पारै राम जाति तैं ॥६॥

इस्त्री वाच

हालही सुलंपी कौं कलंकी करि देत औ
सुलंपी को कलंकी कै मिलावै गोत नांत तै ।
कबहूं गुपाल पातो पीवतो न देपि सकैं
ऐवन उघारि कैं दिपावे नीचो बात तै ।
और को तनक छिद्र मेंरसो करत निज
मेंरते सरस छिद्र करै तुरप[1] बात तैं ।
जीती नहीं जात तासों कछु न बसात याते
भूलिकैं न पालो कबी पारै राम जाति तें ॥७॥

पुरस वाच

मिजमानी पाइवे के सुप

मिजमांनीं कौं जो कबहैं वहुत दिनन में जाइ ।
तब गुपाल मिजमांन कौं इतने सुप सरसाय ॥८॥

कवित्त

बातन कौं मारिके निवाले रोट मारथो करै
आदर अधिक होत हुक्का अरु पानी कौं ।
सुकवि गुपाल देषते ही हरे होत औं
कुसल षेम पूछि मीठी बोलत हैं बांनी कौं ।

[1] तुच्छ

नेह में मघत अपनायसि सघति मिल
मेटत मै भारी मुप होत जिदगांनी कौं।
करि महरगांनी प्रीति बढत पुरानो बडी
होति मिजमांनी जब जात मिजमांनी को ॥९॥

इस्त्री वाच

दोहा

आगे पाछै औरकें, सेषी मारत जाय।
याते काहू के न मिज-मांनी पेंये आइ ॥१०॥

कवित्त

पराई पछीति बैठि बानी परे आपनौं
जिमावत में जाको सूज्यो रहै मौं लुगैया को।
सुकवि गुपाल सदा दबनो परत घर
आअे भाटवांनी परें भोजन बिछैया कौं।
दैनी परें जाइकें मिठाई सहुगाति औ
हलंदा है कटावें बदनाम बाप मैया कौं।
करत चबैया हितू यार जाति भैया सदां
एते दुष होत मिजमानी कें पवैया कौं ॥११॥

मिजमानी पवाइबे कौं सुख

दोहा

कुल घर होत पवित्र पुनि, जग जस होत विष्यात।
बड़ी बात जाकी सदा, जाकें जेंमत जाति ॥१२॥

कवित्त

थोरेई करे तें दस देसन में नांम होत
औडो[1] घडे धन लगै थुकत कमाए ते।

सं० १ औडों=गहरा

मिलत गुपाल बडौ पंचन में मांत ठौर
ठौर होत आदर अधिक आए जाए ते।
नर देही पाय लेत जीवत कौ फल सब
हो में सेर रहे नहिं दबत दवाए ते।
रहें लोग छाए नाम लेत हुहुताए जस
जग में सवाए होत जाति के जिवाए ते ॥१३॥
पनपै न कवी जाकों ऊपर न बजै लाली
रहै दिनेरैनि आए गएन कौ मरकौं।
पीसत पचत घर वारी दिवय रहें लोग
पाइ औ विगूचें जिनें आवें नहिं दरकौं।
जाइ न सकत मुष दूषत बकत औ अनेक
ज्यान होत यह कांम बडी जर कौ।
सुकवि गुपाल चिरिया कौ पेत पायौ याते
होतुह सवायौ घर पाहुने के घर कौं ॥१४॥

पुरुष वाच

प्रेठा ब्याह

दोहा

या विधि सादी होइ जो, तो बरात तो जाइ।
बनत ब्याह जिन बात ते, सुनियें[1] श्रवन[2] लगाइ ॥१५॥

कवित्त

बढिकै न भार्पे[3] औ दलेल मन रापें बात
पंच की न नार्पे[4] वैन[5] सुनें नाहि यादी के।

१ है० सुनियें २ है० कान ३ है० भाये ४ है० नरै ५ है० बैन

नवै राड रंकै दाम[1] खरचै निसंकै नहिं
मांगे यक अबें मन राखें ओप जादी के[2]।
बूझे सब काहू आप रहै मुख चाहू मुखत्यार
करे साहू कवि गावत जुगादी के।
लावै नांहि मांदी मूलै जसकी न यादी ए
गुपाल कवि लक्षन सुधारिवेके सादी के ॥१६॥

इस्ली वात्र

दोहा

बेटा वारे की तरफ, जिनते[3] बिगरत[4] ब्याह।
ते बातें सुनि लीजियै[5] कवि वुधि बल[6] अवगाहि। १७॥

सवैया

मांगत दाम न देत छदाम जे दानि के लैवे कौं[7] हाथ पसारें।
मारे[8] रहै[9] मन सूमता[10] धारि कें[11] मंगितें दूरि ते देषि विडारें।
काहू सलाही की मानें न बात जे गाल कौं[12] मारिकें[13] पेत में हारें।
राय गुपाल बदाबदी कें[14] जे बडाई बिदा करि ब्याह बिगारें ॥१८॥

कवित्त

जाचिक को देखत में हुलस्यो न मन देत
कौडी एक मागें सोई जम महा लगें।
नेगिन के नेग काज पकरत ठोढी दांति
पांतिहि के लैवे काज पात है हहा लगें।
सुकवि गुपाल जामें परच न होइ बनो
ऐसो आप आइ सुख वावत सहालगे।

---

१ है० दाम २ है० जादी ३ है० इनते ४ है० बिगरे ५ है० लीजियें
६ है० हमसों मोत ७ है० कू ८ है० मारें ९ है० रहें १० है० सूंमता
११ है० कें १२ है० मालकू १३ है० मारिकें १४ है० कें

करिके कुजस ब्याह अपनो बिगारे कहौ
और को बिगारत में तिन को कहा लगे ॥१९॥†

ब्याह बेटी कौ

दोहा

जिनि बातन ते बनतु है बेटी कौ भल ब्याह ।
ते बातें बरनन करत सुनहु सकल कवि नाह ।२०।

कवित्त

लैके कुस कन्या मुप दाति की न कहूं जोरें
हाय सबही कौं बानी बोलें यमिरत हैं।
सुकवि गुपालजू बरात तें पुस रापें घटि
चलन हूं देषि हुलपाउन करतु हैं।
रोटी कौं बनावें दाने घास पें चलावें न
करावें पर्च घनो मन सब को हरत है।
बडो रापें जोव ढूढे आप ते गरीब यन
बातन ते बेटी को बिवाह सम्हरतु है ॥२१॥

इस्त्री वाच

दोहा

जो बेटी के ब्याह में चलति बात जे आइ ।
तौ बेटी के ब्याह कौं ढील लगति है नाइ ॥२२॥

कवित्त

होत रहैं जहां कुचपाउ बात वातन में
जैमत के समै में निकारें जाति हेटी कौं ।

† यहाँ से 'ससुरारिके' तक का अंश ह० प्रति में नहीं है ।

देकैं दाति पांच की पचास की बतावैं आप
पंरच करावे घनौ दौलति इकैठी कौं।
सुकवि गुपाल नेंक काहूं सौ न नवें औ दवाइ
लेइ सबे देत बलत घन मेंटी कौं।
सुजस के हेती कोऊ करौ क्यों न केती येती
बात के करे ते बिगरत ब्याह बेटी को ॥२३॥
चहल पहल रथ बहल भए तौ कहा
महल म घास आंयें सरम सन्यो नहीं।
बडन सौं रीति प्रीति नृप सौं करी तौ कहा
दौलति धरी तौ बिन धरम घनौं नहीं।
भनत गुपाल बडे मन में भए तौ कहा
सादी गमी मांह जाति बंधन गन्यौ नहीं।
जगत में आइ कें कमाइ कहा कीयो घर
आयें जो बिरादरि को आदर बन्यों नहीं ॥२४॥

सुसरारिके[1]

दोहा

समध्याने ते[2] जो रहे, तौ जैहै[3] सुसरारि।
तहाँ[4] होत सुष नित नयो, सासु सुसर के प्यार ॥२५॥

कवित्त

नित नई प्रीति रस रीति नई नारिन सौं
आदर अधिक देषि भूलै घरबार कौं।
पौढिवे कौ पलिंग पै गेंदुआ[5] गिलम धौरि
पांड पक्वान मिलै भोजन बहार कौ।

---

[1] 'समध्याने' के पश्चात है।
[3] है [4] है० जहाँ [5] है० गैंदुआ

नितप्रति होत देखि हिय में हुलास सारी
सारे सरिहज सासु सुसर[1] के ब्यार कौं।
कहत गुपाल फूलें अंग न समात मोपं
कह्यो नहिं जात कछु[2] सुप सुसरारि कौं ॥२६॥

सोरठा

इतने सुप नहिं होत, बहुत रहे सुसरारि में।
जाय रहै हरि पोत‡ तौ ऐसी दरि होइगी ॥२७॥

कवित्त

चाहत न सारो औ ससुर जर्यो बर्यो जात
सासु साह्मी परि जहां ठानति लराइ है*।
सारी सरहज कह्यो करति रसोई बीच
पय पय हारी पात सेरुक अढाई हैं।
सुकवि गुपाल[4] घर घेरे ही रहत इह[5]
यानें यहां[6] आय रहटानि भली पाई है।
जाइ लेकैं संग कुल कीरति गमाई ऐसी
जाय सुसरारि घरबार[7] वा जमाइ है ॥२८॥

इरलीवाच

समध्यानैं

सोरठा

छोडो* व्याह बरात समध्यानें तौ आइयें।
जहां जे सुप सरसात सो[8] प्यारी सुनियें[9] मुपदं ॥२८॥

---

१ है० गुजर २ है० कछू ‡ हर बार * धिरकार ३ हैं० कौं (पर यह आगे की तुरो की दृष्टि मे लेखक की ही भूल है।) ४ है० कहत गुपाल ५ है० यह ६ है० इहां ७ है० छाड़यौ ८ है० वे ९ है० सुनियें

कवित्त

अलन चलन देपि करी न बड़ाई कावी[1]
करतब जाके नहि एक मन आयो हैं।
नित मन मस्त पड़ी रह्यो[2] पछितायो जाको
कब ही[3] न रहसि बहसि बतरायो है।
सुकवि गुपाल समबिनि समधी ने नाऊ
नेगिन सौं दुंद छेता धरत[4] मचायो है।
दौलति परचि पछिताय बेटे[5] व्याहि हाइ
ऐसे समध्याने जाइ[6] कानें सुप पायो है ॥३०॥*

पुरुष वाक्य

दोहा

जाकी समधी होति है, सोई[7] समधी होति[8]।
जो ऐसो समधी मिले, जहाँ सबै[9] सुप होइ ॥३१॥

कवित्त

होत नित नयो जहाँ देपत ही मांन पावै
दान[10] सनमांन जब करत पयाने कौं।
संग जात जाके ताके अंग में उमंग होत
बैठें जब तिया आइ[11] गारिन के गाने कौं।

---

१ है० कवू २ है० रही मन मांस तिन रह्यो ३ है० हूं
४ है० दंद जहां मदाही मचायो है। ५ है० बेटे ६ है० जायि
* इस कवित्त से पूर्व है० प्रति में वह दोहा है जो मूल प्रति में इससे आगे के कवित्त से पूर्व है। (जाकी——सुपहोइ) इस कवित्त के पूर्व का दोहा (छोटो——सुपद) आगे वाले कवित्त से पूर्व है० प्रति में है।
७ है० जोइ ८ है० होइ ९ है० तहाँ नहीं सुप कोइ १० है० दांन
११ है० आय

बहसि बहसि होइ[1] रहसि अनेक भांति
भांति भांति भोजन मिलत जहां पाने[2] को।
सुकवि गुपाल[3] कोऊ[4] कहा[5] लौं वपानें[6] मोपें
कह्यो नहिं जात कछु सुष समझ्याने को ॥३२॥

पुरुष वाच

तीरथ जात्रा

रापें घर ही माझ[7] तो तीरथ जात्रा करे।
जहां जे सुष सरसात सो प्यारी मुनियें सुपद[8] ॥३३॥

कवित्त

सुरग में वास सब व्याधि को विनास परगास
भक्ति परम पवित्रताई गात में।
हरि अनुराग होत धन्य धन्य भागि जाके
सुम गति धामें सब पितर अन्हात में।
सुकवि गुपालजू कृतारत कुटम होत
जगमें सुजस बडो नाम होइ जात[9] में।
माला रहै हाथ औ जजार छूटि जात एते
सुष सरसात सदा तीरथ के जात में ॥३४॥

स्त्रीवाच

दोहा

जो साचौ मनहोइ तो तीरथ मन ही मांहि[10]
कपट कतरनी पेट में, कहा होतु है नाहि[11] ॥३५॥

---

१ है० हौंति २ है० पाने ३ कहन गुपाल ४ है० कोई ५ है० कहां
६ है० वपानें ७ है० मांहि ८ जहां जे सुरसरमाहि, ते सुनियें निज
श्रवन दै। ९ जाति १० मांहि ११ न्हाइ

कवित्त

तीरथ गयो तौ न गयौ तौ भयौ कहा जाके[१]
दया दांन सुचि हिय तीरथ अभंगा है।
हरि पद पाइवे कों सुष सरसाइबे[२] कों
पाप के जराइ[३] बे कौ अगिनि पतिंगा है[४]।
सुकवि गुपाल भाव भगति हिये में धारि
सांचे[६] श्रीगुपालजू के रंग में जो रंगा है।
करि सतसंगा नबो[५] परे न कुसंगा सदा
जाको मन चंगा तौ कठौती ही में गंगा है ॥३६॥

पुरुस वाच

दरसन जात्रा[७]

दोहा

मन परसन ह्वेकै जबै हरि दरसन कों जात।
साह्मी हरि सन होत अघ बरसन के कटि जात ॥३७॥

कवित्त

सांझ अरु प्रात हरि मंदिर में जात जब
पाप कटि जात जेते करे बरसन ते।
सुकविगुपाल बहु नेननि कौ सुष होत
ममता अधिक घटि जाति परसन तें।
रूपमाधुरी में जैसौ आवत सवाद तैसौ
आवे न सवाद कबौ भूलि छरसन तें।
करि अरचन साह्मी होत हरि सन मन
परसन होतरु करत दरसन ते ॥३८॥

---

१ है० जाकें २ है० है० नरसाय ३ है० जराय ४ है० हैं ५ है० कबू
६ है० सांची ७ यह प्रसंग हैदराबाद की प्रति में नहीं है।

राष्ट्रीय मराठी ग्रन्थ संग्रह

रती वाच

दोहा

चित जोरी में रहत मन, तियन देवि चलि जात।
ऐसे दरसन करत में, कछू न आवै हाथ ॥३९॥

कवित्त

साचौ करि भाव मन द्रढ करि बैठि घर
मंदिरन जाइ-जाइ काहे सिर पटके।
प्यारे श्रीगुपाल को दरस हाल ह्वैहै जोपै
हिये से करैगो दूरि कपट के पटकै।
यह अटकरि हटकरि कै कहति मति
सटकै कहू को त्यागि जगत के पटकै।
जाको नांम रटि सोधि देवि निज घट तेरा
रांम तेरे तट में अनत जिनि भटके ॥४०।

पुरुष वाच

कथा-कीरतन[१]

दोहा

हुलसत हिय पुलकत सुतन गद्गद सुर ह्वै जात।
कथा कीरतन सुने ते, होति बुद्धि: अवदात ॥४२॥

---

१ यह प्रसग हैदराबाद की प्रति मे नहीं है।

कवित्त

होइ हरि रति कवी पावै न लगति प्रभु
चरित मै रति गति पावै मति दीये ते।
सुकविगुपाल सतसंगति वढति मेरैं
मिलत मुकति औ सुव्रत होति जीयें ते।
मिटत अपान सदां उपजैं विराग ग्यान
काम क्रोध लोभ मद मोह मिटैं छीए ते।
पाप जात कोयें मिटैं त्रियतापी भीयें होत
एते सुष होए कृष्ण कथामृत पीयें ते ॥४२॥

स्त्री वाच

दोहा

कथा कीरतन मनन करि करत न जो मन सोध।
उपजत नहीं विराग मन व्रथा जांत परमोध ॥४३॥

कवित्त

विन मन सुद्धा होत हित मै न ग्यांन जैसें
उपजैं न कर्यौ बीज ऊसर के लूने ते।
मोह मद मांन ते कुसंगिन के संग झूठौ
साधत जे जोग देषादेषो इन उनी ते।
सुकवि गुपाल जाइ श्रद्धा सतसंग विन
सोइ कैं अग्यांन नीदं व्रथा सिर धुने तें।
विन हिय गुनें जे निकारयो करैं कुनै ऐसै
होइ नहि कछु कथा कीरतन सुने तें ॥४४॥

पुरुष वाच

मेला-तमासो

दोहा

सुहृद मित्र सँग साथ में मेला[1] को जब जात।
जीवन[2] को लाहो मिलै[3] हिय अरु नयन सिरात।४५।

कवित्त

आलम हजारण की जामें मुद जात्रा नई
नारिन को देषि षुस रहै मन रेला में।
जाति औ बिरादरि मिलाधिन के सग मिलि[4]
देष्यौ करै सैल यार-वासन के मेला में।
सुकवि गुपाल मजा पाइवे[5] षवाइवे[6] को
देषिवे दिषाइवे को होतु है[7] झमेला मैं
जाइ के सवेला औ झुकाइ पाग सेला सदा
एते सुष छैला बनि लेत मेला-ठेला में ॥४६॥

स्त्री वाच

दोहा

सब बातन को होइ सुष तब कछु दीसे सैल।
नातर मेला[8] में फिरै ज्यो तेली को बैल ॥४७॥

---

१ है० मेले बू २ है० जीवन ३ है० रहै ४ है० नित
५ है० खायवे ६ है० सवायवे ७ है० है ८ है० मेले

कवित्त

चलैमांन होत मन सुंदर सरूप देषि
　　भरयौं करैं मांन मजा आवै ना अकेला में।
सुकवि गुवाल सांनि सौप गांठि दांम भलो
　　पांन पान चाहै[१] यारवासन के मेला में।
हारें पग मार[२] में वह डोलतु है ता में[३] हाल
　　पुदि पिचि जातु है[४] हजारन के रेला में।
आवत अवेला[५] हाथ परे न अघेला सदां[६]
　　एते दुष होत नित जात मेला—ठेला में।४८॥

पुरुष वाच

घोरे की सवारी

दोहा

सौष सांनि[७] आछो वनति[८] चलत सवारी माहिं।
राह चलत हारत नहीं देषत रिपि‡ दवि जाहिं[९]॥४९॥

कवित्त

हारत न मग, मग मारत मजलि हाल
　　सारत सकल कांम आगे निकरत में[१०]।
सुकवि गुपाल सौष सायनि बनति भली[११]
　　होत नहि कष्ट बहु वातन गढत में।

---

१ है० चंचै　२ है० जामे　३ है० असवारी विन तामे　४ है० हैं
५ है० अवेली　६ है० यातें　७ है० सांनि सौप　८ है० वनत
‡ रिपु＝शत्रु　९ है० जरि जाहिं　१० है० मैं　११ है० भलै

मुष होत गात जानि मानें बडी बात औ
सटीप दबि जात जात बरात वहलमें।
भरम वढत जम जग में मढत सेज
तनमें घढतु हैं मुरग के चढत में ॥५०॥

स्त्री वाक्य

दोहा

असवारी के राप ते इतने दुप नित होत।
नवि गुपाल तिनमे सुनो हमसों बुद्धि[१] उदोत ॥५१॥

कवित्त

ढोर की फिकिरि दाने घास की फिकिरि, चोर
ढोरकी फिकिरि, मन रहै बडी प्वारी में।
राति होइ जब तब छाती पै चढत हाथ
पाय टूटि जात[२] गिरि परै जो अंध्यारी मे।
सुकवि गुपाल हिलि-मिलि न सकत औ
निचित हूं कै बैठि न सकत हितू यारी में।
रग छिले न्यारी[३] देह अक्डत भारी[४] सदा
ऐसे दुप जारी होत घोरे की सवारी में ॥५२॥*

इतिश्री दाति वाक्य विलास नाम काव्ये निज देस प्रबन्ध वर्णनं नाम चतुर्थ विलास।

---

१ है० बुद्ध २ है० जाय ३ है० भारी ४ है० न्यारी
* है० प्रति मे इसके पश्चात यह दोहा है

"तीरथ, जात, बरात, की तब सुक दीसै सैल।
अरु पार भाटि रिं चत्र नुसारी गेत्र।"

पंचम विलास

अमल प्रबन्ध : भाँग

पुरुष वाच

दोहा

होइ रंक ते राज मन, उमग होइ बहु गात।
पीवत भंगहि पै मुरग नेक दूरि रहि जात॥

कवित्त

भोजन में स्वाद और स्वाद[1] आवै वातन में
बादि के विवादिन मों जीतें जरि[2] जंग में।
उठति गुपाल राग रंग की तरग[3] यार
बासन के संग फुरसति रहै अंग में।
जात औ, वरात मेला[4] तमासे की दीसें सैल
काम[5] की तरंग उठै तरुनी के संग में।
छूट्यो करै जुंग दिल रह्यो करै दंग दीस्यो
करें कैळ रंग सदा भंग की तरंग में।

इस्तीवाच

दोहा

घर छप्पर घूम्यो करत फाटि जात मुष नैन।
होइ[6] बावरो भंग तें हँसत कहत मुष वैन॥

---

१ है० मवाद २ है० जुरि ३ है० उमग ४ है० मेले ५ है० अनंग
६ है० होन

कवित्त

ऐस को सवाद पाइबे कौ चढ़ौ[१] चाहै स्वाद
हाँसी बकबाद बाप तोरे बकवैया की।
उड्यो[२] रहै मन, बहु घूम्यो करै तन, राति–
दिन मैं लगी रहति लगी के उठैया की।
सुकवि 'गुपाल' यह चाहति[३] है जब, तब
लाज न रहति यामै बाप अरु मैया की।
परच की लगी, लोग कहैं भगी जगी, याते
मति होति भगी बहु[४] भग के पियैया की।

अफीम

पुरुस वाच

दोहा

गरमाई तन मैं रहै, ऐस स्वाद सरसात।
आवै कबहुँ न गाफिली, नित अफीम के पात॥

कवित्त

गाफिल रहै न, असमजस कहै न बैन,
रहैं चित चैन मैं, न यमन कदीम कौं।
सुकवि गुपालजू पवावत पुराक पासी,
पात[५] उमराव[६], बस करन[७] गनीम कौं।
कफ को घटावै[८], घनी भूप को मिटावै[९], बाय
ढिग नहि आवै, औ नसावै दुप नीम कौं।
मिरिबे[१०] कौं भीम, रोग आवत न सीम, याते,
सब मैं मुनीम, यह अमल अफीम को।

---

१ है० पनो २ है० उड्यो ३ है० चढ़ति ४ है० नित ५ है० पाय
६ है० उमराय ७ है० ऐस करत ८ है० नसावै ९ है० घटावै
१० है० भोजन

इस्त्री वाच

दोहा

सब में अमल अफीम को याते पोटो होइ ।
पाए पीछे फिरि कबहुँ छूटि सकें[1] नहि सोइ ।।

कवित्त

झुके रहै पलक, नींद परत न पलक,
परति न कल, धनै दाम चहैं[2] हाथ में ।
चाहत पुराक, मुख निकरै न बाक, पेट—
रहत पचज, झूमें आवत औ'जात में ।
सुकवि 'गुपाल' फेरि छूटि न सकति नेक
लहम न लागै बिन मिलै मरि जात में ।
सूपे रहैं गात, मुहु[3] कडओ रहात एते
सुप सरसातहैं, अफीमहि[4] के पात[5] में ।

पोस्ती

पुरुस वाच

रुक्यो रहै दस्त, बड़ी होत परवस्त, तन
रहत दुरस्त, अलमस्त होत जीव तें ।
सुकवि गुपालजू अमल माँझ झुम्यो करै
फिकिरि अनेक जाको जाति रहै हीव तें ।
बोलनो परै न, धनौं डोलनौ परै न, पान—
पान भलो मिलै घर बैठे ही नसीब तें ।
सांति होत जोवनहि, चाहियै तबीब, एते
सुप होत जीव, सदा पोसत कै पीव तें ।

---

१ है० सकतु २ है० चैयें ३ है० मुख ४ है० अफीम ५ है० सुपान

स्त्री वाच

दोहा

मियाँ पोस्ती कहत सब देत रहत तिय दोस ।
पोसत बारे कौं कबहु रहै न हिय को होस ॥

कवित्त

भागिनो सती कौं, परि जाति ओसती को, तो को
मलिन सुभाव जैसे रहै ग्रसती को हैं ।
सुकवि 'गुपाल' मियाँ पोसती कहत, बल—
के सती को घटै, देह होत बोसती को हैं ।
छोड़ि दे सती कौ, तो को, नीको न लगत रोस,
दोस देत तो को दिन जात कोसनी को है ।
जात जोसती को, नहि रहै होस तोको, सबही
मे सोसती को, ये अमल पोसती को हं ।

आसव के गुण

पुरुस वाच

नित मध्यान हि पीजियै, चिक्कने भोजन साथ ।
प्रात समैं असनान करि सेन समै मे राति ।
प्रात समैं छै टाक भरि, चारि टाक मध्यान ।
आठ टाक भरि रजनि में आसव पी सुप दानि ॥

कवित्त

चौगुनो बढावै काम, मन में प्रसन्न रापै,
पराक्रम तेज बुधि बल बढै होए ते ।
हरष समूल, बहु भूष को बढावै, स्वाद—
भोजन में आवै सुष होत निय छाए ते ।

सुकवि 'गुपाल' करें अमृत को गुण, रोग—
आमन न देइ टिंग, तीन्यों काल पीए ते।
विधि पूरवक चोपो, कड़यो नसा लीयें तोयें
एते गुन होत सदा आसव के पीयें तें।

स्त्री वाच

कहूँ क्रोध करि, अरु भोजन बिना करें ही
निरंतर दिनें रेनि याकौं नहि पीजियें।
भय में, औ' अधिक पियास में न पीजें, पेद—
युत मल मूत्रहि के वेग में न लीजियें।
सुकवि 'गुपाल' निरमल नए बिनां कोई
तरे को गरम में न बिना विधि छीजियें।
तुरसाई साथ बहु रोग उपजावें, याते
भूलि मदरा को पाण कबहूँ न कीजियें।

रती वाच

जात सुमिरन, बहु बकिबे लगत, बावरे—
को गति होति, बांनी चेष्टा के छीव तें।
आलस ही रहै, अनकहिवे को कहै बात
काठ सो रहत, तन, संज्ञा जाति जीव तें।
देपिकें 'गुपाल' जो बड़ेन कौं न मानें, जो
अगम्यां गम्य ठानें, भष्या-भक्ष हि के लीव तें
रोग उपजावें औ सरीरहि गमावें सदा
एते दुप पावें नर आसव के पीव तें।

मदरा गुण

पुरुष वाच

दोहा

होइ तेज बल पून, पुनि ऐस स्वाद उतपत्ति ।
कवि 'गुपाल' मद के पियत रहत सदा उनमत्त ॥

कवित्त

बल होत दून, बढ़ि जात बहु पून, ऐस
बड़बड़ी दीसै[1] तन तरुनि को छीए ते[2] ।
सुकवि 'गुपाल' नैन होत लाल-लाल, तेज
बढ़त विसाल एक प्यालौ भरि पीए ते ।
साहमी चल्यौ जाइ हो लरेन को चाइ रण
मरन को ताय भय जात रहैं हीए ते[3] ।
मद माँझ भीयें रहै, बोतल को लीयें, होत
एते गुण हीयें मदरा को पान कीए ते ।

स्त्री वाच

दोहा

समझें बाद बिबाद नहिं मन[4] सताप अति[5] होत ।
हत सदा मद पियें ते[6] दोष सहस्र उदोत ॥

---

१ है० बडी होति   २ है० तरुनी सग छीएते

३ है० "बहुत गोपाल कवि लरत मैं इन बीच
मरिबे को डर जातो जात रहे हीएते ॥"

४ है० चिन   ५ है० सिन   ६ पियत मे

कवित्त

टूटि जात पाय, छिद्रि आवति हैं साय, भूप
लगत न जाइ, बुरी आवति नियति में।
सुकवि 'गुपाल' दोष सहस उदोत होत,
सील ते कुसील होत, मरत जियत में।[1]
लाज औ धरम धन विद्या सोच भूलि जात
सील ते कुसील होत मरत जियत में।
जात बुधि बुधि गिरि परें लद पद वड़े[2]
होत उणमद सदा मदके पियत में॥

तमापूं पाँनी

पुरुष वाच

दोहा

याको महि महिमां अधिक, कलजुग की सहुगाति।
राजा रंक फकीर सब कोऊ तमापू खात॥

कवित्त

रहै गरमाई, नित मुष अठनाई, सुष-
दाई लगें भोजन, पै पांन के पवैया[3] कौं।
सुकवि 'गुपाल', याते कंठ रहै साफ भलो
सिप्टाचारो होत हितू यार जाति भैया कौ।

---

१ है० प्रति में यह पक्ति इस प्रकार है:—
"सुकवि गुपालजू सहन दोस होत बड़ो
लागत है पाप जाके हाथन दियत में।"
२ है० बड़े   ३ है० पवैया

कहै कैयो काम, घने चाहिऐ न दाम, कबू
कष्ट को न काम, है आराम के लिवैया को।
कहै मैया माया¹, इय रापत नवैया याते
येते सुष होतहि² तमापू के पवैया कौं।

स्त्री वाच

दोहा

थूकत होत हिरान नित, आवति है अति धाँस।
बहुत तमापू पात मैं, नैंननि को होइ नास॥

कवित्त

नैन जोति जाति, कही जाति नहिं बात, औ
घिनात हारो जात गात, थूकै थल-थल मैं।
जीभ फटि जात, पीक लीलैं लगि जात, मागि
के³ हूँ चलि जात मन दूसरे सू पल मै।
सुकवि गुपाल जुरैं दाँत परि जात, हाय
मुष रहै करुवो न आवै स्वाद जल मैं।
परति न कल, रहयो जान नहिं पल, जरि
जातु है कमल या तमापू के अमल मैं॥

हुलासके

पुरुष वाच

दोहा

बढति जोति नैंननि सदा, चलत स्वाफ सब स्वास।
यतने⁵ सुष नित होत हैं, सूँघत जबै हुलास॥

---

१ है० होत २ है० भैया ३ है० है ४ है० के ५ है० इतने

कवित्त

स्वाफ रहै मगज, नरेदमां न आवै पास
जोति बढ़ि जाइ नैन होइ परगास के।
सुकवि 'गुपाल' कबौं[1] सीत न सतावै आइ,
जाको लेत देत लोग राजी रहै पास के।
अमल न आवै वंई[2] रोगन घटावै वास
छिन नहि[3] आवै दांम पोरे लगे तास के।
रुकत न स्वास, जात रहै कफ पास, एते
होत हैं[4] हुलास सदां सूंघत हुलास के॥

इस्त्री वाच

दोहा

सनन सनन करिबो करै[5], सुनमुनाति जब नाक।
सूंघत बहुत हुलास के बहन लगति है आंषि॥

कवित्त

बह्यो करै नाक, ठौर रहति न पाक, देषि
आवति उसाक, थूक थाकत मवास के।
बैठि न सकत सुभ कारज के बीच सदां
सनन सनन कीयौ करै लेत नांस रे[6]।
कहत 'गुपाल' कवि बेर बर छीकत मैं,
ठौर ठौर मारो लोग देत रहै पास के।
छाई रहै बास, बहु लायौ करै बास, एते
दुप परगास होत सूंघत हुलास के[7]॥

---

१ है० कबू २ है० वैंऊ ३ है० बहु कष्ट न करावै। ४ है० है
५ है० करत ६ है० सन सन कियो करै सिनकत नाक के।
७ है० प्रति में तीसरी और चौथी पंक्ति में विपर्यय है।

हुक्का[१]

पुरुस वाच्य

मिलि के जात बरात में, जब भरि हुक्का लेत।
पच पँचायति बीच में, बडी ठसक तब देत ॥

कवित्त

जाति रहै बाय, लोग बैठे बहु आय, औ स-
रीप दयि जाय जाके[२] सुमिके तडक्का ते।
दीसै बडी बात जानी जाय जाति पाति, बहु
आवति है बात याके लेतहि सडक्का ते।
सुकवि 'गुपाल' याकी महिमा[३] अधिक होत[४]
सभा कौ सिंगार दिपि उठै इक्का-दुक्का ते।
सचत असक, बढ़ै हिय की नसक, बनी
रहति ठसक बडो पीवत ही हुक्का ते ॥

इस्ती वाच्य

दोहा

हाथ जरै, मढ़ुडो बरै, जरै करेजा जोइ[५]।
जारत हियो[६] कुटब को, पियत तमापू सोइ[७] ॥

कवित्त

भुरसत हाथ औ' कमल जरिजात पानी[८]
भरि भरि जात मूप लेतहि सरक्का ते[९]।
रहत 'गुपाल' बीच कूरो करकट बहु,
आवति[१०] है बास मुप[११] धूँअन के चुक्का ते।

---

१ है० पीमने तमपू को सुप दुप २ है० तारे ३ है० महमा
४ है० होति ५ है० सोद ६ है० हयो ७ है० जोइ ८ है० पान
९ है० सडक्काते १० है० मुप आवो करै बास ११ है० बहु

होइ सरभंगी, बैठि सकतु न संगी, जाति
पाति में दुरंगी, चलि जाइ इक्का दुक्काते।
घर होइ पुप्पा, नित होइ धुक धुक्का, औ-
कहावतु हैं लुक्का वहु[1] पीवत ही हुक्का ते ॥

चरस के गुन

दोहा

करि सुलफा तैयार जब, चिलम लेत है हाथ।
चरस पिवैया नित नए, लागे डोलत साथ ॥

कवित्त

रहत निसोग[1], संग लगे रहे लोग, जाय
रहत[2] न डर कहूँ[3] काहू के तरस को।
सुकविगुपाल' आवै सरदी न पास, पाव
देतही रकेव आवै अमल अरस को।
मिलि दस पाँचन में चिलमहिं लेत हाथ
पेचत ही[4] दम स्वाद आवत छ रस को
इमृत बरस होत, हिय में हरस, याते
सब में सरस यह अमल चरस को

स्त्री वाक्य

दोहा

मद्दु भभूर्यो सी नित रहत, सहुबति रहति कुटाँट।
चरस पिवैयन को सदा घर होइ बारह बाट ॥

---

१ है० लोग २ है० चाहत न भोग ३ है० कहूँ ४ है० मे

कवित्त

हाथ रहैं दाग, औ' करेजें जाय[1] लागि, ढूंढै
आगि जाग जाग, परि जाइ[2] बस जिस के।
सुकवि 'गुपाल' छाय जाय बदु बास, लोग–
बैठि न सकत पास, अरस परस के।
पाग घटि जात[3], पुनि आंखि कटि[4] जात, हाल
होत लोट पोट, दम पेंचन ही इस के[5]।
सूपि जात नस, कलु आवत न रस, एतै
होतहैं[6] कुजस सदा पीवत चरस के॥

इतिश्री दम्पति वाक्य विलास नाम काव्ये अमल प्रबंध वर्णन
नाम पंचमो विलास

---

१ है० जात २ है० जात ३ है० जाति ४ है० चढ़ि ५ है० पमरे
६ है० हैं।

षष्ठ विलास

अथ पेल प्रबंध

पुरुस वाच

सिकार पेल

दोहा

वन, बेहड़, गिरि, सरित, सर, सब की लेत बहार।
ह्वै सवार हय पै जबै, पेलत जाय सिकार॥

कवित्त

लीयौं करैं स्वाद, सदां आमिष अनेकन को
बाहैं तरवारि सिंघ सूकर की धारि में।
सुकवि 'गुपाल' ह्वैकैं हय पै सवार देख्यौ–
करत बहार गिरि, झरना, पहार में।
पहरत वर्म, करि छत्रिन के धर्म, जात
मारि बांधि लामैं पसु पंछिन हजार मे।
होत हैं हुस्यार, सूरताइ के मझार, एते
रहैं सुप त्यार, सो सिकारिन सिकार में॥

इस्त्री वाच

दोहा

सूकर सिंघहु स्यार विन यामें डारत मारि।
याते बन बेहड विष पेल न पेल सिकार॥

कवित्त

सहनो परत भूप, प्यास, सीत, घाम, औ–
अकेलो गाहनौं परैं गहन बन झारी कौं।
सुकवि 'गुपाल' बहु गात थकि जात, छूटि
गए ते सिकार भावैं भोजन न थारी कौ।
मन रहै त्रास होत जिय कौ बिनास औ'–
चलावत हथ्यार, काम बडोई हुस्यारी कौ।
मास को अहारी, होति हथ्या हाय भारी बहु
पाप होत जारी, या सिकार में सिकारी कौं॥

पटेबाज खेल

पुरुस वाच्य

बने रहै नित बोकडे पटो हाथ लै मेल।
राजन की राजी करत पटेबाज को पेल॥

कवित्त

जिकिरि सरीर बडो, अक्कड सो रहै बनी
घुटना पहरि सग कर न सेवा जो का।
सुकवि गुपाल जू पट कौ हाथ लै कै सो —
हजारन पै बार करि सारे परकाजों का।
अहैच न आनै देत अग आपने पै, और
अस्त्रन बचामैं लैके नाम उसताजो का
मडन समाजौं का, रिझावनो हैं राजौं का, य–
सब मे मिजाजौं का है य म पटेबाजौं का।[1]

---

१. इस कवित्त में अन्त्यानुप्रास के रूप म कहीं का और कहीं को मिलता है। वास्तव मे इसमे पूर्व के पदो की प्रवृत्ति (पद+बहुवचन निपर प्रत्यय–औं) को देखते हुए यही बोली का का ही अधिक उपयुक्त लगता है।

स्त्री वाच्य

दोहा

पट्टेबाजी संग ते गठ्ठेबाजी होत ।
पट्टबाज़ी करत होइ ठठ्ठेबाजी होत ।।

कवित्त

रापनी परति, चारयो ओर कौं निगाह
नेंक गाफिल भए मैं वार होत मर्द[1] गाजी कौं।
सुकवि गुपालजू तमासगीर लोगन कौं,
करनौं बचाउ परें जुरत ममाजी कौं।
देह थकि जावै, कछू हाथहू न आवै, हाथ
पाँउ उड़ि जावै, पैबो चहैं माल ताजी कौं।
नेंक इटैं बाजी, लोग करैं ठठेबाजी, याते
बड़े बटबाजी को सु काम पटेबाजी कौं ।।

पतंग

पुरुस वाच्य

दंग रहैं दिल संग मैं, रहे मित्र को मेल।
पेलन माँझ पतिंग को है उमराई पेल ।।

कवित्त

देख्यो करैं सैल, फैल करत अनेक भांति,
एक ते सरस एक रहत मिजाजी मैं।
सुकवि 'गुपाल' बड़े होत दंग-बाज दंग
रह्यो करैं सदा यारबास के समाजी मैं।

---

१. है० में मर्द मिलता है।

माझे को मुलाय असमान में चढ़ाय ढील
दैके काटि देत पेच पारत जिहाजी में।
दबे रहैं पाजी, आप होत इस्क बाजी, या ते
राजी दिल रह्यौ करैं या पतिंगबाजी में ॥

स्त्री वाच

दोहा

घन अरगरु, उमँग बल मित्र अंग के संग।
जीते जुरि जुलमीन सौं, जर पतंग की जंग॥

कवित्त

टूटें, कटें, पाछें मुप जूती की सौ पिट्यौ होत
रौंद परैं दौंग बहु चहियत जंग कौं।
फाटी फाटी कहि लोग तारी देत रहें हाथ
रप्पनतें उडे गिरे, करें प्राण भंग कौं।
सुकवि 'गुपाल' असमान ही कौं रहैं मुप
फाटि जात आंधि होस रहत न अंग कौं।
बुरो रहैं रंग औ' उपाधिन कौ संग। याते
पलियें न पेल कबौं भूमि के पतिंग कौं॥

कबूतरन कौ पेल

पुरुष वाच

दोहा

है हरीफ सब में रहै, करि उमदाई साज।
ऊपर आवत है अमित, भये कबूतर बाज॥

कवित्त

मारयौं करैं मजा नितप्रति महबूबन को,
नई नई नसलि निकारि सब वेले में।
सुकवि 'गुपाल' जू उड़ान कौं लगाइ बाजी
देषि दिल राजी रहैं यारन के मेले में॥
लोटन की लोट देषि, लोट पोट होत, आवै
घोरे की परष, मन रहत अलेले में।
सांझ लौ सवेर, सदा रहत अलेल, लेत
सुषन के ढेर या कबूतर के खेले में॥

स्त्री वाच

दोहा

रहत उड़ान उड़ान दिल, परच परो नित होत।
कबूतरन के पेल में, पछ्छिमदारी होत॥

कवित्त

देत रहैं सीठि, बुरी बीठि की रहत त्रास,
दीठि बिगरति असमांन के निहारे तें।
सुकवि 'गुपाल' सदां सोबरि रहति चित-
चोरिबे को करैं, नई नसलि निकारे तें।
हो हो कहि कहि भारी तारी पटकायौ करैं,
गुंडन के संग रहि सांझ लौं सबारे तें।
फटि जात तारे, हाथ हड्या होति हारें, ऐब
आवत हैं सारे या कबूतर के पारे तें।

चौपरिपेल

पुरुस वाच

मित्र मिलापिन को[1] सदा, बन्यो रहै नित मेल।
याते[2] पेलन मे भलो यह चौपरि को पल।

कवित्त

राजी रहै मीत दिन सुप में बितीत होत
जीवत में लागें मन साझ लो सवेले में।
बाजी लेत अडी के, बहुल रहै बडी ओ
हँसत मन रहै यारबासन के मेले मे।
सुकवि 'गुपाल'[3] कछू जाचिक न मांगि सके,
उठि न सकन मजा मार्‌यो करै रेले में।
होत अलबेले पास झुके रहै मेले सदा
एते[4] सुप होत नित चौपरि के पले में॥

स्त्री वाच

दोहा

पासों परै न जीत को हारत बाजी सोइ।[5]
चौपरि के बिलवार को परी परावी होइ॥[6]

कवित्त

मारिबे-मरायबे की यामै रहै बात नित,
पासे के अधीन हार जीत रहै बेले मै।
हाडन बजावै, सदा रूमटि मे जावै दिन
हाथ घिसि आवै भेंटा होइ न अधेले तें।

१ है० मिल मिलापी यार की २ है० सवदी ३ है० आयवे गुपाल
४ है० याते ५ है० येते ६ है० जोइ ७ जब उदासी होइ

सुकवि 'गुपाल' सनमान दिन पावै मिलि—
वे कौ पास आवै सो उदास जाय डेले तें ।
परे रहैं हेले जाकौ सांझहू सवेरे, यातें
एते दुख मेरे होत चोरनि के पेले में ॥

सतरंज

पुरुष वाच

मिल रंजिकै गंजिरिन[1] चातुरीन को पुंज ।
हिय में होत हुलास पुनि[2] पेलत जब सतरज ॥

कवित्त

पेलैं यह जूवा आवै[3] पेते मनमूदा ताते[4] ।
सर करै सूवा राउ राजन के रंज तें ।
'सुकवि' गुपाल उमरावन[5] कौ ख्याल जाको
लगैन सवार नेक हरिन की गंज तें ।
दगा नहि पाय, कौन जीति सकै ताय, वहु
आमैं दाय, घाय ताय करत या वंज तें । +
लागै मन मंजु, मिटि जात ससपंज,[7] आमें
चातुरी के पुंज वहु,[6] पेलैं सतरंज तें ॥

स्त्री वाच

दोहा

बड़ो परत मन मारनो और न कछू[8] सुहात ।
पेलत जब[9] सतरंज की बाजी आवै हाथ ॥

---

८ है० बजाय ९ है० जाय   १० है० कूं   ११ औ'

१ है० आमही २ है० वहु ३ है० आवै ४ है० ताने ५ है० उमराउन
* पेलै यह दार न लागति जाकौ रिपुन के गंज तें । ६ है० नित
+ दगा नहीं पाय कोऊ जीति न सकतु जाय, आमैं दाय घाय ताय करत ही वज तें ।   ७ है० सनाच ८ है० कछू न ९ है० तब

कवित्त

हारत है[1] हाल, ताकी चूकत ही चाल, बड़ो
लगत झमाल, चाल चलन के पुंज तें ।
सुकवि 'गुपाल' देर बाजी में लगत,[2] लोग
राजी न रहत[3] सो उदासी होति अंजि तें ।
बैन नहि कहें, औ' मन्यों सो मन रहें, लगें
किस्ति ते सिकिस्ति हारें गोटन के गंज तें ।
पचत न नंज, और आवत न वज, बड़ी
देह होति लुज, बहु पेलें सतरंज तें ।।

गंजफा

पुरुस वाक्य

दोहा

जाइ पेलि हू गंजफा, छोडि अबै सतरंज ।
तुम सो बरनन करतु हों, अब ताके सुप पुंज ।।[4]

कवित्त

चातुरी को कॉम,[5] बड़ो रहे छूंम-छाम, कबो[6]
परत न कांम यामें,[7] बद[8] औ' बदा को हैं ।
सुकवि 'गुपाल' कबो[9] रूमटि न होति याको
जीतत में[10] बाजी हाल[11] होत ही अदा[12] कों है ।

---

१ हैं० घरि जात हाल २ है० लगति ३ है० रहति
४ है० में यह दोहा सोरठा के रूप में इस प्रकार है:
"छोड़ि अबै सतरज, जाय पेलिहूँ गजफा।
जाके जे गुन पुञ्ज, ते तुमसों बरनन करूँ ।।"
५ है० धाम ६ है० कबू ७ है० बहु ८ है० बड़ो
९ है० सब १० है० ही ११ है० जादी १२ है० अदा

मीरगड़ो फरद मुने की मिलें जो पै कहूँ
तोपै न बिलैया कोऊ जीति सकै वाको है।[1]
बहुत नफा कौं यामें काम न पया कौ, यामें[2]
सबमें नफा को बाँको पेल गंजफा को है॥

रती वाच

दोहा

नफा नहीं यामें कछू, बड़ौ लगत[3] टरसेल।
सुनि कै पया न हूजियै बुरो गंजफा पेल।

कवित्त

रापनो परति[4] फरदन की सुमार, जीत
हार के बिचार काम परत अकेले तें।[5]
सुकवि 'गुपाल' गुड़ोमीर बिन पायें[6] औ,
मुने की पर्द जायें मेंटा होइ न अबेले तें।
राति दिनां सदां मन याही में रहत नित
बाजी बिन पायें दठि सकत न डेले तें।
रहैं टरसले, सब दिन[7] रहैं लेले, येते
दुप रहैं मेले गंजफा को पेल पेले तें॥

इति श्री दंपतिवाक्यविलास नाम काव्ये पेल प्रबन्ध षष्टमो अध्याय

१ "दोंदत में फरद मुने को मिलें जोपै तोपै
मीरगड़ो आवै जीत सबत को तावौं है।"
२ है० याते ३ है० होइ ४. है० राखनो परत; ५. है० पुनि जीतें हारें बाजी काम परतु अकेले ते। ६. है० आवें ७. है० दिन राति

सप्तम विलास

निवास प्रबंध

ग्रामवास

दोहा

कुटम बढत भारी जहाँ हाल बौहरे होत।
गई गाम के बास बसि घोरेई जस बौत ॥

कवित्त

ठौरन को जहाँ मुकतायसि रहति, कैई
चीज मिलें यौंही, जे न आवें हाथ दाम में।
घर-घर प्रति दूध-दहिन के सुघ, अप—
–नायसि मुलामजे सरस आठौ जाम में।
आपनी पराई बेटी बहिन सुमानि मिलें,
आदर अधिक आए गए कौं सुधाम में।
सुकवि 'गुपाल' जहाँ निकरत नाँम एते
पावत अराम सो बसे ते गई-गाम में ॥

दोहा

ऐस स्वाद घटि चलन लघु, करनी करत बहोत।
गई-गाम के बास बसि, बहु दुष होत उदोत ॥

कवित्त

नेंक-नेंक चीजन कौं मारनौ परत मन,
रहनौ परन फूटे-टूटे से अधाम में।

होतु है 'गुवालजूं' गमार में गमार भोग—
भोगि न सकत भूत लोगन के वास में।
आवै न अकलि, जादू सूरति सिकिलि, मिस्सी
कुस्सी पानी परै मन रहत उदास में।
घर्म होत नास सहरवासी करें हास, एती
होति हदवासि, गई-गाँम के निवास में॥

सहर के सुख

पुरुष वाच

दोहा

करनी, करतब नांम, जस, धन, आचारो होत।
सहर बसें नित-नित नए अदब कायदा होत॥

कवित्त

सूरति-सिकिलि, बोल-चाल भलो होति, पान—
पान, मिलै आछो, सुष रहत विलासी कौं।
सुकवि 'गुवाल' चीज चाहियै सो मिलै, होई
देव के सरुप लोग करत पवासी कौं।
मिलैं नित नए नर-नारि, रुजिगार, सुष—
संपति अपार भर्म बढ़त मवासी कौं।
गुन को करासी, काज करनी को रासी ऐ (सी)
लहरि मिलै पासी, सदां सहर के बासी कौं॥

इस्त्री वाच

दोहा

जहां रहत सब चीज को, दहर-दहर उठ दांम।
तबें सहर के बसत में पावत नेंक अराम॥

कवित्त

ठौर की सकोच, मौर जगल की सोच, औ'—
मुलायजो न मानें, चीज मिलै न मुफति में।
गली औ' गिरारन में आयो करें बास, आए—
गए को न आदर बनतु है वपत में।
झूंठ बहु बकें, पर बैठी बहू तकें, कोऊ
काहू ते न सकें, लोग चलें निज मत में।
सुकवि 'गुपाल' मतलबी होत अति, दुप—
होत हैं बहुत, या सहर के बसत में

व्रजवास

पुरुस वाच

दोहा

रास-बिलास हुलास नित, सब सुषको परगास।
बड़े भागि ते पाइयै, ब्रज के मांझ निवास॥

कवित्त

कथा कीरतन-रास-भजन-समाज साध-
संत-सतसगनि दै सुरग बिलासी कौं।
देषत गुपाल बरषोत्सव के सुष नित,
प्रभु के समान न बिहार भूमि-रासी कौं।
सुकवि 'गुपाल' जाके भागि कौ सराहै ताके
आगे तुच्छ लागतु है फल प्राप-कामी कौं।
मिटत चुरासी, जाय होत अविनासी, मिलें-
सुषन की रासी, ब्रज मांझ ब्रजबासी कौं॥

इस्त्री वाच

दोहा

पिय प्यारी की कृपा करि पूरण पुन्य प्रकास ।
तव पावै निरविघ्न या, वन के मांझ निवास ।।

कवित्त

बंदर औ' चोर, डोम, कंटक, कलित, मुनि,
सकल कठोर व्रजवासी है पिजैया कों ।
सुकवि 'गुपाल' जहां होत बड़ो पाप लै-
लगावत कलंक तहां नेंक मुसिकैया कों ।
बोलन में गारी, लोग कपटी, सुमारी, प्यारी-
करत भिषारी, दाट-वाट के भूमैया कों ।
करिकै चबैया तहां, सवहि हँसैया एते-
होत दुष दैदा, व्रजवास के बसैया कों ।।

वनवास

पुरुष वाच

दोहा

(संसारिक) दुष व्यापत न, काटै ब्रहम मफास ।
रहत सदां सब भांति सुष, वन महँ किये निवास ।।

कवित्त

नित प्रति रहै सिद्ध-साधन को सतसंग,
व्यापत न दुष अहं ममता की फांसी को ।
रहति 'गुपाल' जहां एक न उराधी, तित-
निस-दिन ध्यान रहो करै अविनासी को ।

पाइ कंद-मूल-फल-फूलन के भोजनन,
करत पहुत बन श्रोधिन बिलासी को ।
परम प्रकासी, रहै रिवि मुनि पासी, मिले-
सुपन की रासी, बन मांझ बनबासी कौं ।।

स्त्री वाच

दोह

करै सुकृत हरि को भजै, काटै अहम मफास ।
मन को हाथ हिरापिबो, यह ही बनको वास ।।

कवित्त

सीव्यन पवन, जल, सीत, घाम सहै सदा,
रहनो परतु है अकेलो निरजन मैं
सूकर, व्रपभ, व्राघ्र, सिघ, पाइ जात, भय-
रहै भूत-प्रेत निसचरन को मन मैं ।
सुकवि 'गुवालजू' उदास चित रहैं तहाँ,
कहूँ दिनरेनि सुप पावत न मन मैं ।
रहै निरमन, फलफूल को भपन, दुप-
होत अनगण, बनबास के बसन मैं ।।

स्वरग सुप

पुरुप वाच

दोहा

नाँनाँ भोग विलास करि सदाँ रहत निरसोग ।
जेते कहे न जात सुप, तेते हैं सुरलोक ।।

कवित्त

अमृत को पान सदा बैठक विमानन पै,
भाँति भाँति भोगे सुख, रंभादि बिलास के।
धारिकैं 'गुपाल' संख-चक्र-गदा पदमान
चतुर्भुज रूप होत तन परगास के।
ऐसैं कृतकृत्य रहैं, मन मैं प्रसन्न चित,
करि दरसन नित रमा के निवास के।
छूटे जम पास, होत शुकृत प्रकास, कहे-
जात न हुलास, कछु सुरग निवास के॥

स्त्री वाच

दोहा

सज्जन जन सतसंग करि, करि जग श्रुकृत प्रकास।
सुजसी नर नरलोक ही, करत सुरग में वास॥

कवित्त

श्रुकृत'रु बड़े कष्ट कल्पना ते पावै, पुनि-
पुन्य छीन भये भुव-पात होत तीको हैं।
सुकवि 'गुपाल' जहाँ टकटका पुरो कबी
सुख नहि पावै बोल चालिवे कौं जी को हैं।
कुटम-सहति इहिलोक में न मिलें, दूजो-
देह धरि पावै, दै कैं दुख सबही कौं है।
मिलिवो न पीको पूर्व जन्म को न ठीको, सदा-
याते यह सुरग को वास नहि नीको है॥

घर वास

पुरुष वाच

सोरठा

देस रहै सुष नाहिं, विना गए परदेस के।
कहो कहा करि पाइ, उद्यम अत कीए बिना ।।

सवैया

राम को नाम न लेत बनैं, रुजिगार कौं मोर ते साम लो जीकैं।
कामन के सबुसेते 'गुपालजू' आठहूँ जाम में भामन जी कैं।
दारिद धाम ते ठामहु में सुष, साज-समाज, सबै दिन फीकैं।
दाम बिना निज गाम में भाम अराम न आवत धाम में नीकैं ।।

स्त्री वाच

जेते-सुख घर में सदा, ते न भलोको माँहि।
या ते गमन बिदेस को, भूलि कीजिए नाँहि।
मित्र मिलापौ मिलेई रहैं, रहै आठहु जाँम कुटंब कहे में।
धर्म सधै, बढै मर्म सदा, रहै राव 'गुपालजू' धाम बए में।
बस बढै, जग होत प्रसंसित, लै बट अस रहै सो छए में।
गाम में नाँम, सटै सब काम, सो एते अराम, है धाम रहे मैं ।।

दूतिश्री दंपति वाक्य विलास नाम काव्य, निवास प्रबंध वर्णन नाम सप्तमो बिलास

यह छंद है० प्रति में ही है। यह दोहा और सवैया पूर्व के दोहा और सवैया के पहले हैं। वास्तव में ग्रंथ के क्रम के अनुसार यही उपयुक्त है।

अष्टम विलास

(विद्या प्रबंध)

पुरुष वाच

दोहा

राजपाट, धन, धांन्य, धर धरम सुजस उददोत।
करमहि ते जग नरन कौं, सब सुष होत उदोत ॥

कवित्त

रथ, सुषपाल, दुवार झूमत मतिंग मांते,
पायगा विहारी तोरें तुरग गरम की।
भोजन बिबिधि भोग बनिता बिलास ऊंचे-
मंदिर-महल, सुष सयन नरम को।
होतु है 'गुपाल' जस जाहर-जहूर जग
ताकी फहराति ध्वजा धरा में धरम की।
नैंनन सरम बढ़ै, धनरु, धरम याते
सब में परम यह बात है करम की ॥

स्त्री वाच

दोहा

करम धरयोई रहत जब, करै कृपा भगवान।
मिलैं नरन कौं सहज ही, सब सुष संपति आंनि ॥

कवित्त

फूल्यौ फिरैं नर भूल्यौ कहा महि मोहित माया के फंद अलेषै।
दीसैं नहीं कोऊ दूजौ 'गुपाल' सौ दीनन के दयादान के लेषै।
रंक ते राज करैं छिन में सो कृपा की कटाक्ष किये ही निमेषै।
देषै नहीं तिहि कौं मति मूढ़ जो कर्म की रेष पै मारत मेषै।

'दालिद्र के'

पुरुष वाच (१)

बिना मिलैं भोजन सुव्रत सतन सौं होइ हेत।
हरि किरपा जापै करे ताकौ धन हरि लेत॥

स्त्री वाच

कवित्त

निसदिन रहत प्रभू कौ सुमिरण होइ,
थोरे में बहुत नांम करि करनीन कौं।
व्यापत न मायक बिकार कोऊ कहूं, दीसै—
आपनौं-परायौ बैठे करि कै अधीन कौं।
निरद्वंद हूकैं सोवै पाइन पसारि, होइ—
जाहर-जहूर धन गृह है (न) अलीन कौ।
काहू कौ रिणो न रहै ऊफति धनीन. याते—
बहु सुष होत है धनी ते निधनीन कौं॥

पुरुष वाच (२)

सुमति प्रकासे, भ्रिम आदि मद नासे, छेड़—
अकड़ा, छिताई नहिं रहै अभिमान तें।
समदर्सी साधन को सहजहि संग होत
सुद्ध। तजि तपंहि साहो तिनहिं पान तें।

बिना मिलै सहजहि होत परतप दुन्द
संग मिटि जात हिंसा होति नहि पान तें।
कहत 'गुपाल' या संसारहि के बीच नित
निर्धन को होत सुप एते धनमांन तें।

स्त्री वाच (२)

दोहा

करै न प्रीति प्रतीति कोऊ, होतहू मीत अमीत।
मीत मांनि निधनीन सों कोऊ न राषत रीति॥

कवित्त

जहां जाइ तहां ताको आदर न होइ, तापै
काहू को बनेंन सपलूपा, हाय षाली में।
सुकवि'गुपाल' जासों सब डरपत, रुजि-
गार न लगत दिन जायो करें ठाली में।
दुरबल देषि कै कलंक लगे हाल लोग
निंदा करयो करें भटकत दुवार दुवारी में।
रहत बिहाली, सब दीयो करें गाली, कोऊ
करें न संभाली, सो कँगाल को कंगाली में॥

'करमगति'

पुरुष वाच

मिरतु हैं पोरि पंड भोजन मिठाई मेवा
ताकों कबी समाऊ ते पेट न भरतु है।
बैठत हैं रथ-सुषपाल-पालिकीन में जे
उराहनें बिपन बिन पन्हीं फिरत हैं।
जिनको मिलापी मित्र बैरी श्रौ दरस करें,
तिनहू सों प्रीति रीति बैरी हू करत हैं।

कहत गुपाल हानि-टोटी नफा-हानि मह
करम की गति कहो टारी न टरति हैं।

स्त्री वाच

सरवसु लैकैं बलि राजा कौं पताल दीनौं
फंजा लै गुपाल ते उबारयो गज गाहू कौं।
चंदन लगै कै कुबरी को रतिदीन सिबरी
के फल षैकै ही सुरग दियो बाहू कौं।
चामर चबै कै पाछें संपति सुदामैं, साक
द्रोपती को पैकै त्रास मेट्यो रिषि नाहू को।
कैसे कलि काल में करे को कहो, काम बिन
लीयें करतार हू कर्यो न काम काहू को ॥

प्रभुपीलि

पुरुष वाच

दाता निरधन, औ' अदाता धनमान, गुन-
-मान पराधीन नित रहै दुष भारी में।
कुलटा कौं चैन, औ' सतीन कौं अचैन, दुज-
चलै पाँय प्यादे चढ़ें सूद्र असवारी में।
साधन कौं ताची, औ' असलन को न आँचो, ऐ-
'गुपालजू' तिहारी रीति उलटी निहारी में।
ऐसो तो अन्याय कहूँ देख्यो न सुन्यो है प्रभु
जैसो तो अन्याय होत साहिबो तिहारी में ॥

सवैया

एकन कौं गजबाज दये, अरु अेकन के पनहीं नहिं पाअूं।
अेकन कौं सुपदाई सबै पग, अेकन कौं नहिं मात पिताअू।

अेकन को घृत पीरि के भोजन, अेकन कों नहिं कोदौ समाजू ।
'रायगुपाल' बिचारि कहै प्रभु की गति जानि परै नहिं काजू ।

स्त्री वाच

दोहा

याते सब कों छोडि कैं कीजै मन संतोष ।
या सम धन कोऊ न जग पावत जाते मोष ॥

सवैया

क्यौं फिरौ देस विदेसन मैं जो लिलाट लिष्यो सो घटै न वढै हैं ।
काहे कू हाऊ ही हाऊ करौ अपत्यार करो घर वैठ ही पैहै ।
धाम धरा, सुष संपति, साज-समाज, 'गुपाल' कृपा करि अैहै ।
जीव जिते जगके जिनकों जीनै जोव दियो सो न जीवका दै है ।

पुरुष वाच

सवैया

आज लौं अैसी कहूं न सुनी कि कमाइयै हाथ पै हाथ धरैं ही ।
आपनों सौ तौ कर्‌यो चहियै रहियै कहु को लग वैठि घरैं ही ।
उद्यम के सिर लक्षमी है जैसें पंषा मैं पौन न आवै परेंही ।
प्यारी 'गुपाल' सदा सुष संपति देत प्रभू रुजिगार करैंही ।

दोहा

जेते हैं रुजिगार ते गुण महनति ते होत ।
बिन गुण पाये जगत मैं नहिं धन होत उदोत ॥

इस्त्री वाच

सोरठा

गुण के गुण कहु कंत, कवि 'गुपाल' हमसौं अवैं ।
तव गुण जाय अनंत, कहूं जाइ कहूं सीषियो ॥

गुण के सुप

पुरुष वाच

देस, बिदेस, नरेस, हित, सब कोऊ रावत मान ।
पूरब सुकरम के करें, जीव होत गुणमान ।।

कवित्त

कबहूं कहूं न काहू बात की कमी न रहै,
काम करयो[1] करें सदा सब पै यसान[2] के ।
सुकवि 'गुपाल' पूजा होइ ठौर ठौर, लोग
आइ आइ[3] बूझ्यौं दसहू दिसान के ।
देस, परदेसन, नरेसन में नाम होत[4]
जीतत गुनीन निज गुणते जिहांन के ।
देकै दांन मांन भलें लेकें पांन पांन ठाडे
रहैं धन मांन सदां द्वार गुणमान के ।

स्त्री वाच

दोहा

गुनी गुनी सब कोऊ कहै, गुनी होऊ मति कोइ ।
धन कारन धामें सदां, पर बधन नित होइ ।।

कवित्त

घिरयो रहै द्वारो, छुटकारो न रहत[5], बडो–
कष्ट होत भारो, ताके[6] सोवत कहत में ।
नबनों परत, पचं करनों परत, मूड–
मारनो परत, दूजे गुनी के[7] गहत में ।

---

१. है० पर्‌यो २ है० इमान ३ है० आय आय ४. है० होइ
५ है० मिलत ६. है० तारौं ७ है० सो अरत मैं

सुकवि 'गुपाल' कबी आवत न अंत, यहै
घर को न पावरि प्रदेस के बहत में।
पावत महत पद[1] बंधन सहत, अंते
औगुण रहत, सदाँ गुन के लहत में ॥

संसकृति (संस्कृत)

पुरुष वाच

पढ़े जास के होनि है सब सास्त्रन मे सक्ति।
याही ते यह संसकृति करति मनहू आसक्ति ॥

कवित्त

कहै बेद बानी भगवंतनें बपानी, मुष-
कहत प्रमांनी, सदाँ दानी जो सुकृत की।
सुनत ही जाके देई देव बस होत, जामें
पाइयति बात, सास्त्र, सृति, औ' सुमृत की।
कहत 'गुपाल' जार्यो सकल अनादि-आदि
यग में अगाध बहै धारा ज्यों अमृत की।
गुनमें प्रवृति करै, और ही प्रकृति, याते
सब में सुकृति कृति सिरैं संसकृत की।

स्त्री वाच

दोहा

सभा सदन कों बरष बिन स्वाद न आवत कोइ।
याही ते नहि संसकृति सब सुष दाइक होइ ॥

---

१. है० पर

कवित्त

सबते निवृत्ति भयें, पावत प्रवृति, होत
मृतक के प्राय, याके करत रिवत कौं।
सुकवि 'गुपाल' समझावे समझत लोग
भाषा के प्रयोग, अर्थ निकरै समृत को।
कहत में सकल सभा कौं न सुहाय थोरे
रहैं सब जाय यह धाम बड़े धुत कौं।
कठिन प्रकृति याको जानत सकृत सब
होत है चकृत कन लखि ससकृति कौं॥

'भाषा'

पुरुष वाच

सोरठा

समझत हैं सब कोइ, सकल सभासद सुनत ही।
मन में सुष बहु होइ, भाषा पढ़त समाज मे॥

कवित्त

पंडित हू सुनत, चकृत रहि जात, जाकों—
ससकृति हू में जाकी रहै अभिलापा[१] है।
सुकवि 'गुपाल' जाकों समुजत[२] सब जग,
याकों पढ़्यो जानें, तानें सब रस चापा है।
अमृत को पान, सौर्य सुगम निदान, हाल—
होत गुन मान रोपै सुजस पताका है।
अर्थन की छापा, जामें देसन की माषा, सब
सास्त्रन में भाषा, सरवोपर सुभाषा है।

---

१. अभिलाषा २ समुझत

स्ती वाच

दोहा

पंडित जन कोऊ नहीं मानत जास प्रमांन।
याते भाषा ग्रंथ नर कलपित कहत अज्ञांन ॥

कवित्त

कहत कहानी, कोऊ कहै नहि ग्यांनी, झूंठ–
चोरी की निसानी, मति भ्रमां मनि लाषा की।
सुकवि 'गुपाल' संसकृति की है छाया नर
कल्पित माया कणि आपस मै भाषा की।
विगरि प्रमान, जाकौं मांनै न प्रमांन, बड़ी
विकट है राह, ताके कठिनइ लाषा की।
देसन की भाषा, समुझै न अर्थ राषा याते
करैं अभिलाषा[1] कोऊ पंडित न भाषा की ॥

पारसी

हैसि पारसी, करत है दारसीन के काम।
पढ़ि पारसी समारिसी रहत राजसी धांम ॥

कवित्त

जानत जिहांन करै साफ मूजुबान बड़े,
होत अलि मांन कांम करै कारसी को है।
मोलबी कहावै, जादै आमदि बढ़ावै, बड़ो–
दरजा सु पावै, रापै सोप सांनिसी को है।
जानत 'गुपाल' पातसाही, अलकाफ हाल
लगै रुजिगार मत आवै अरबी को है।
गहत कलम, जात बैठत गिलम, याते–
सब मैं जुलम को यलम पारसी को है।

1. अभिलाषा

स्त्री वाच

दोहा

बिना लगे हुजिगार सो, सकल छार सो होति ।
पात वारसी, पारसी पढत आरसी होति ॥

कवित्त

बहुत प्रमान नहिं, पलटै जबान बिन,
राखै सौंप सानि यामें सूबा होत हो सकों ।
समुझे न ताकों, कोई हिन्दुस्तानी लोग,
कहैं मुसलमानी, है यलम इह ईस को ।
सुकवि 'गुवाल' बारे बरस में आवै जब
बहुत झिकावै तब धुन्यों करे सीस कों ।
करियै नरीस, मेरी बात मानि बीस, याते–
भूलि कैं न कीजै काम पारसी-नवीस को ॥

दोहा

यमें आदि दैके बहुत है गुन के हुजिगार ।
सब को जो बरनन करूँ ग्रंथ होइ विस्तार ॥
सब के करिबे जोगि जो करत सकल ससार ।
कछुक तिन में ते यथं, तेरे कहूँ अगार ॥

नवम विलास

(ग्रंथ सूची)

कवित्त

धन-हित जाइ-जाय देस परदेस पूर्व
दच्छन पछिम उतरादि फिर्‌यो चहियै।
बेटा बेटी ब्याह समध्याने सुसरारि, व्रत
जाति पाँति पाइ कें ववाइ परो चहियै।
तीरथ-दरस-कथा-कीरतन-मेला-पेल
पेलि नानां भांति असवारो फिर्‌यो चहियै।
सुकवि 'गुपाल' कछु कुटम के पालिबे कों
जीवका के काज रुजिगार कर्‌यो चहियै॥
भाँग औ' अफीम, पोस्त, मदरा, हुलास, हुक्का,
पाइ कैं तमापू, गाँजो, चर्स मर्‌यो चहियै।
चौपरि औ' सतरंज गंजफा सिकार, पटे-
-बाजो, कबूतर, पतिग लर्‌यो चहियै।
सुकवि 'गुपाल' कछु कुटम के पालिवे कों
जीवका के काज रुजिगार कर्‌यो चहियै।
गेई-गाम, कसबा, सहर, व्रज, वन, स्वर्ग
करिकैं निवास, घर मांत अर्‌यो चहियैं।
मंत्र, सांख्य, न्याय वैयाकरण, विदांत नीति
पातंजलि, मीमांसा, कोक, पढ़्यो चहियै।
जोतिसी, मिसर, वैद्य, पंडित, कुकवि, कवि
काव्य, भीष रोजी न लिपाई अर्‌यो चहियै।

गद्दू, नावा, प्रोहित, कै चौबे, घटमगा, रासधारी
कि गवैया पुसामदि फिर्यौ चहियै ।
सुकवि 'गुपाल' कछु कुटम कै पालिब कौं
जीवका के काज रुजिगार कर्यौ चहियै ॥
ससकृति भाषा पुनि पारसीहु गुण ढाल–
ह्रहि कै दुवारु सतोष धर्यौ चहियै ।
करम करम गति प्रभुहि कौ पौलि गोस्वामी,
अधिकारी, मट्टु, पडा परो चहियै ।
फौजदार, सिरवार, भडारी, पुजारि, कुन–
-वालरु, रसोइया, ह्वै दुख भर्यौ चहियै ।
सुकवि 'गुपाल' कछु कुटम कै पालिबे कौं
जीवका के काज रुजिगार कर्यौ चहियै ॥

गुरु, चेली चेला, मस्तानी कि, महत, मौडा,
मुखिया, सजोगी, कै फकीरौ फिर्यौ चहियै ।
जोगी जनौ, विरकत, तपसी, बिदेही, नागा
सिद्द, पर्महस, सरभग गढ्यौ चहियै ।
बामनहू द्वारे चारि सप्रदा कौं सिष्य ह्वैकै
कोऊ वर्ण श्रम साध सग रह्यौ चहियै ।
सुकवि 'गुपाल' कछु कुटम के पालिबे कौं
जीवका के काज रुजिगार कर्यौ चहियै ॥
पच, सिरदार थोकदार, जुमेदार, औ'
मुहुल्लेदार, मुषत्यार ह्वै कै ढर्यौ चहियै ।
जाति-, गाम-, चौधर, चबूतरा कौ चौधर, किसानि
गुवारिया ह्वै, जामिनी मे फिर्यौ चहियै ।
दीवान मुसद्दी कामदार पोतेदार ह्वै
खजांनी सिलहदार धन धर्यौ चहियै ।

सुकवि 'गुपाल' कछु कुटम के पालिवे कौ
जीवका के काज रुजिगार करयो चहियै ।।

पातसाही रजई नवाबी कि वजीरी औ'
अमीर, उमराई, ठकुराई, फिरयो चहियै ।
फौजदार, बकसी, रसालदार, कुमेंदान
सूरिमां, सिपाही, मल्लई में लरयो चहियै ।
मुल्ला, पिलमांन, गडमांन, सरमान, मोदी, काजी.
कलामत, है के गुमांन रहयो चहियै ।
सुकवि 'गुपाल' कछु कुटम के पालिवे कौं
जीवका के काज रुजिगार करयो चहियै ।।

अंगरेज, नाजरु, नाइब, सी रिस्तेदार,
थानेदार, जमादार, चौकीदार, चहियै ।
फौजदारी, दीमांनी, कलक्टरी, गवाई, कै
अपील चपरासी, जेलपाने, सुरयो चहियै ।
पपतांन, तिलगा, हवालदार, सूबेदार
परमट, मीरबहरी, ढरयो में चहियै ।
सुकवि 'गुपाल' कछु कुटम के पालिवे कौं
जीवका के काज रुजिगार करयो चहियै ।।

करनेंट, लपटैन, कपतांन, लिपकप-
तान, रैइट पुनि मेजर बखानियै ।
करनेल, जरनेल, लाट, अजीटन जंगी
कोट मासतर, जुज्ज छोटो बड़ो मांनियै ।
डिपटि रु, सिनसिनजस, औ' सपरडंड
हाकमर, कल्टुर, डिपटी, गुपाल में प्रमानियै ।
बड़ो, कल्टुर, सिकटुर, रजस्टु, एजंट
आदि औदा अंगरेजन के जांनियै ।

दोहा

कै सराफ कि बजाज बनि, परचूनी, पसरट्ट।
हलवाई कसरट्ट करि छैरभान की हट्ट॥

कवित्त

दरजी, सुनार, रँगरेज, छीपी, दस्ताबाज,
चित्रकार सरनतगामी ढर्‌यो चहियै।
बढई, लुहार, माली, मालिन, कहार जाट
कूँजरे भट्यारे ह्वै कमाई कर्‌यो चहियै।
कोरिया, कडेरे, नाई, बारी औ' कुम्हार धोबी
सबका मरमूँजा तेलिया ह्वै फिर्‌यो चहियै।
सुकवि 'गुपाल' कछु कुटम के पालिबे कौ
जीबका के काज रुजिगार कर्‌यो चहियै॥
चुगल कि चोर ठग, दोरा, फिर फोरा ह्वै कै—
—घर बूरचा' हर्म-जद्दी ढर्‌यो चहियै।
नगा कि हरामी मेघो पोरा बमरम, डिम्ब—
—धारी, ममकरा गुवालई में लर्‌यो चहियै।
जूवारी, बिभचारी, कि सगाई को बिचौ'िया,
रसायनी, सयानो बनि देस फिर्‌यो चहियै।
सुकवि 'गुपाल' कछु कुटम के पालिब कौं
जीवका के काज रुजिगार कर्‌यो चहियै॥
गँडिया कि, भँडुवा, कि कसबी, भमँया कै
बाज, रंडी-बाज रसिया ह्वै ढर्‌यो चहियै।
कुटनी, घरूका और छिनरा छिनारी इसके
गिरही, जनाने घरविच ढर्‌यो चहियै।
बाजीगर, नट भांड हीजराड़, बूडा, भील
कांजर स्वाच ह्वै गमार लर्‌यो चहियै।

सुकवि 'गुपाल' कछु कुटम के पालिबे कौं
जीवका के काज रुजिगार करयो चहियै ॥

बाल, तरुनाई, वृद्धताई, वय पाइ, सुत
सुता की सतानिन के सुख ढरयो चहियै ।
दाता दांन दै कैं है सपूत कै कपूत रांड
रंडुआ सुहागिल के दिन भरयो चहियै ।
सत्य, झूठ, मानी, है मचून मतलबी सूम
जती कुजती हैं हुगमति दरयो चहियै ।
सुकवि 'गुपाल' कछु कुटम के पालिबे कौं
जीवका के काज रुजिगार करयो चहियै ॥

परमारथ

करि परमारथ, श्रुकत भक्ति नवधा कौं
निर्गुन सगुन ब्रह्म ध्यान धरयो चहियै ।
सुनि यतिहास ब्रह्म, नारद सवाद नांम
मंत्र ब्रह्म फल के विचार अरयो चहियै ।
चतुर सलोकी, समझाइ सांत, सरुप
परम अनंद कलहा ते जग दरयो चहियै ।
सुकवि 'गुपाल' कछु कुटम के पालिबे कौं
जीवका के काज रुजिगार करयो चहियै ॥

स्त्री वाच

रुजगार सुख

रुजिगारन के करत में कह्यो कहा सुख होत ।
प्यारे सुकवि 'गुपाल' सो हम सों कहहु उदोत ॥

कवित्त

मानि करें आदर, निरादरें न वेरी, सब
कहत बहादुर औ' जाति जग न्यारी है।

औनि[1] मानें कुटम, सुकानि[2] माने भाई बंध
जानि मानें सुघर, सयानप न धारी है।

करत 'गुपाल' काज करनी करतबीलो
याही से नरन मांझ होत जसधारी है।

प्राणन ते प्यारी उठि कीजियै सवारी सब[3]
जियन को धारी यह जीवका बिचारी है।

दोहा

नाहीं उद्यम करन की मौनी[4] नहिं बतरात ।
तब पछिताय गुपाल सों कही नारि यह बात ।।

स्त्रीवाच

कवित्त

जीवका के काज नर कुटम कबीलो त्यागें
जीवका के काज सूर करें सूरताई हैं।

जीवका के काज नर चाकरी पराई करें
जीवका के काज परदेस रहैं छाई हैं।

कहत 'गुपाल' कवि जीवका अधीन जीवौ
जीवका बिगरि होति फिरिरि सथाई है।

पाय जिंदगानी सब जगत में जीवन पौं
जीव हू ते प्यारी यह जीवका बनाई हैं।।

---

१ दे० कानि २ दे० सौ आनि ३ दे० जग ४ दे० रकी

वैदेक, जोतिष, पंडित, काव्य लिपाई, कि गाई कें मोष भरोगे ।
प्रोहित कें गहुनाई फकीरी धुमामदी है गुरुदुःप्य हरोगे ।
स्यांनप के सिरदारी मुक्द्दम चोधरी है[१] कै[२] यजारें[३] लरोगे ।‡
मन[४] में ते कहो जो 'गुपाल' रिया तुम कौन सो जो रुजिगार करोगे ।।†
सुष जाको सर्व हम सों कहियें सु कहा[५] कहां देस बिदेस फिरोगे ।
जाइ कहूं धन लाइ कमाइ कें लाइकें मेरेई आगें धरोगे ।
दया करिकें द्विज दीनन दांन दै दारिद को दुष दूरि करोगे ।
जस कीरति काजे 'गुपाल' रिया तुम कौन सो जा रुजिगार करोगे ।

इतिश्री दंपति वाक्य बिलास नाम काव्ये गुपाल कवि राय विरंचिता यागृंथ सूचीवर्णनाम नवमो अध्याय: "९"

---

१. है० चोधर २ है० लैंकै ३. है० इजारे ४. है० इन ५. है० कहो

‡ यह है० प्रति में दूसरी पंक्ति है ।

† है० प्रति में एक और कवित्त यह है -

पैनी किधौं परवारगी चाकरी लादि लदैनो प्रदेस फिरोगे ।
बनिजें बिवहार दलाली दुकांन तमोली है पंधी सुगंध भरोगे ।
परचूनी सराफी बजाजी पसारी कमेरट कै हुन्नदाय धरोगे ।
मन में ते कहो जो 'गुपाल' रिया तुम कौन सो जो रुजगार करोगे ।।

दशम विलास

(शास्त्र प्रबंध)

पुरुष वाच

दोहा

ब्रह्म सच्चिदानद घन ताको अनुभव होत ।
पढ़े सदा वेदात के मिले जोति में जोति ॥

कवित्त

आतमा को ग्यांन, परमातमा को ध्यांन, जात
रहतु अग्यांन, उर ज्ञान होत नित नें ।
ततपर होत निरगुण की उपासना में,
ब्रहममय दोसे जीव जगत में जितने ।
सुकवि'गुपाल' जड़ चेतनि की छूटे गांठि,
मायक विकार हुटि जात सब तितनें ।
छुटे भवकूप, पावै ब्रह्म को सरूप,
सुख होतु है बिदातिन, बिदाव पढ़े इतने ॥

सोरठा

साधन कठिन विवेक, समुझत बहुत सुकठिन बहु ।
होइ मुनाधार एक, पुनि कलेस यामें घनो ॥

कवित्त

कोरे ज्ञान ही की बात ठानत रहत अर-
ठांन मानेंत न मत दूसरे करैया कौं ।

सुकवि'गुपाल' मांयो भारत रहत बड़े
कष्ट के करे ते ज्ञान होतुहै बड़ैया को।
सरगुन ब्रह्म को सरूप सुध जानत न
भांत भव भार कष्ट बाढ़ते बढ़ैया को।
देत लोग लांति, पारें भगति में भ्रांति, मन
होत नहि सांति, या बिदांत के पढ़ैया को॥

व्याकरन

पुरुष वाच

दोहा

पांडित्यहि को आभरन सब सब सास्त्रन को मूल।
ग्रंथ व्याकरन जगत में याते है अति थूल॥

कवित्त

वेद औ पुरान सब सास्त्रन को मूल यही
याही के पढ़ेतें होत मति को बढ़न है।
बानी सुधरत सुघरत उर ज्ञान जान
मानत प्रमान पद अर्थ निकरनि है।
सुकवि'गुपाल' बड़ो चरचा को जाल हाल
पंडितन बीच पांडिताई को भरन है।
पढ़त कठन पन चाहिये करन बड़ो
बुद्धि के करन को करन व्याकरन है॥

स्त्री वाच

दोहा

थोरे आखें ते कबहुं, काज सरत कछु नांहि।
याही ते यह व्याकरन व्याधि-करन जग मांहि॥

कवित्त

कटुक बरन लागैं, नीरस नरन जाको,
कठिन चरननि करनि अधरनि है।
अन्वय, अरथ क्रिया, करता, समास पद,
जाको रूप साधे हाल आबे उतरन है।
सुकवि'गुपाल' कबौ आवत न स्वाद रहै
भारी बकबाद होइ नाहक लरन है।
मूढ़ कौं मरण जीभ जोउ की जरन बहु
ब्याधि के करन कौं करन ब्याकरन है॥

नैयायिक

पुरुष वाच

दोहा

कष्ट करै सब ब्रह्म को, तरकन में मति होइ।
याते नैयायकन को, जीति सकै नहिं कोइ॥

कवित्त

जानैं अनुमान, सब लक्षन प्रमान, सप्त
पदारथ ज्ञान परमान मत वाय तें।
सुकवि'गुपाल' बहु तर्कन में गति होति,
होति अति मति, मत जानैं सब काहू पै।
ब्यासजू के मत को, सुधारि रिषि गौतम नें
कीनौं वेद विरुद्ध मिटामन कौं चाहकै।
मिटत अन्याय सुद्द कविता बनाइ कैंई
आवत हैं न्याय नैयायकन कौं न्याय तें॥

न्त्री वाच

दोहा

वादी बकवादी रहैं परनिंदा में गर्क ।
न्याय सास्त्र के पढ़ें बहु करनी परति कुतर्क ॥

कवित्त

होइ बकवादी, सबही को अपराधी, बड़ो
रहति उपाधी, मत पंडै सब काय के ।
याही ते'गुपाल' श्रुति थापित है सास्त्र, बड़ो
लागतु है पाप, श्रुति सुनत में याइ के ।
कुजम विख्यात ज्ञान भक्ति को न बात मति
मिष्ट होइ जाति समझाये जाय ताय के ।
निंदक कहाइ, मरें स्यारजोनि जाय, ऐते
होतहैं अन्याय. नैयायकन कों न्याय कें ॥

सांख्य सास्त्र

पुरुस वाच

सब दुख हानि, तत्व निरनें को ज्ञान, आनि
प्रकृति पुरस को बिवेक होत होए ते ।
अकर्तता, अभोक्ता, असंग. आतमा को जानें
ज्ञानरु विराग बढ़ि जात, जाके भोए ते ।
आवत गुपाल नित्यानित्य कों बिचार सब
तत्वन कों जानें सार यामें मन दोए ते ।
पूर्न हिय आँखि, पूरे होत अविलाष, कोऊ
रहत न कांक्ष सांख्य सास्त्र पढ़ि लोए ते ॥

स्त्री वाच्य

धर्म कर्म क्रिया त्याग ईश्वर न मानें कबो,
बेदक कहा में द्रढ रहें नही मन में।
जड जो प्रधान जग कारन कहत तासों
कैसे बनें सिप्ट यह आवति न मन मे।
सुकवि 'गुपाल' भाव भवित कों न जानें, वकवाद
ही करें ठानें, बडो कप्ट रापें तन में।
झूंठी बात वारे नहि हरि रसवारे यातें
साख्य-मतवारे, मतवारे हैं सवन में ॥

पातंजल

पुरुष वाच्य

दोहा

रिधि सिधि निधि हाजरि रहें, योग अग में दंग।
पातजलि के पढे ते प्राण होन नहि भग ॥

कवित्त

हाजरि हजूर सिद्धि ठाडी रहें आगे प्राण
चढेते कपाट, आवें काहू के न हाथ हैं।
जानत 'गुपाल' निध्धियासन, नयम, ध्यान,
धारना, समाधि, यम, प्राणयाम, गाय है।
मन के मनोरथ, सरल सिद्धि होत, औ'
कहाय जोगी राज होत जगत विख्यात है
जिय को न घात, दुष होत नहि गात, याते
सबही में प्रबल, प्रतिजल को बात है ॥

स्त्री वाक्य

दोहा

सब सुष त्यागिय कंत रहि मन कौं राषैं हाय ।
बड़ी कठिनता ते सधै. पातंजलि की बात ॥

कवित्त

लोक परलोकन के सुष कों न जानें, लौं
सरीर कष्ट टारे जब प्रान जात चढ़ि कैं ।
श्रवन, मनन, ज्ञान, साधन न बनें, चूकें
बावरौ सौ होत, नारी छूटै रोग बढ़ि कैं ।
सुकवि'गुपाल' भक्ति मुक्ति न मिलति सिद्धि
प्रापति भए पै अभिमान होत झड़िकै ।
मन जात भरियक, अंत बैठे घर, याते
दीजै जल अंजुलि पतिजल कौं पढ़िकै ॥

मीमांसा

पुरुष वाक्य

बेदोच्चारन मंत्र-पढ़ि देवन बस करि लेत ।
सास्त्र मिमांसा पढ़ि करै, जाप दीक्षत हेत ॥

कवित्त

राजन में मांन होत, जस धन मांन, नांना-
जग्य के बिधांन, ज्ञान होत, याके जाने ते ।
धरम बड़ाई, जग्य दीक्षत कहावै, कर्मकांड
मन लावै, राज मिलै बीचवाने ते ।
सुकवि'गुपाल' होत जग में बिख्यात जांनि
जे मुन की बात मोग मोगै सुर्यावै ते ।

बेद मत मानै, दीयो करै दिन दानै, ऐती
होति पूरो आनै, या मिमास मत जानै ते ॥

स्त्री वाच

दोहा

कष्ट अमित करनै परत बिघन करत सब देव ।
मीमांसा मत साधनै, परत भगति कौ भेव ॥

कवित्त

मुकति बिराग ज्ञान ईश्वरै न जानै, देव–
बिग्रह न मानै साध-सतैं न अराधे तैं ।
कर्म नष्ट भए पाछै भोगत चतुरासी, जाय
नरक परत, बहु जीवन कै बाधे तैं ।
सुकवि'गुपाल' लगै चूकत मैं पाप देव
करत बिघन पूरो पर तन नाधे तैं ।
सधै न समाधै, कष्ट करत अगाधै, दहै
दुपम ते दाधे, या मिमास मत साधे तैं ॥

राजनीति

पुरुष वाच

रिपु कौ जीति अजीत है, न्याय करै नृप नीत ।
राजनीति कै पढ़े तैं रहत सदा निरभीत ॥

कवित्त

सील-सुप-संपति सकल सिद्धि होति, सधै
धरम करम सारैं काज निज मीत के ।

सुकवि'गुपाल' बड़े होत ज्याबसाली, पावें
समान में आदर, सहत हित प्रीति के।
राजा, पातसाह, उमरावन को रापि, होइ
वड़ेन को, बड़ो न्याव करत अजीत के।
रहे निरभीत, कोऊ सकै नहि जीति, सब
छुटत अनीति, नीति पढ़ें राजनीति के ॥

रती वाच

सवैया

दिनराति सुजात बिचारहि में चलनौ सु परें नृपनीतिहि के ।
सुनते मे सुहाइ नहीं नृपकों सब बैन लगे बिपरीतिहि के ।
सु'गुपाल' कवी छुटकारो मिलै न प्रबंधहि बाँधत नीतिहि के ।
कबहूं नहि होइ अभीत रहै यते होत पढ़ें दुप नीतिहि के ॥

कोक ,सास्त्र

पुरुप वाच

रति-आसन, गुन दोप वय, जानें जंत्ररु मंत्र ।
कोकसास्त्र के पढ़ें ते, तिय सुप होत अनंत ॥

कवित्त

मोहनी के मंत्र बहु जानें जंत्र तंत्रन,
लुफाजन लगाइ बस करें तिय जाता कों।
सुकवि'गुपाल' वाजीकरण अनेक आमें
ओपधि औ' आसन समुद्रक की गाथा कों।
कांमं कें सथांनन ते काम कों जगाइ, रितुकाल
पहचानें, सुप मांनें, रति दाता कों।
जान्यों करें नायकरु नायक की याता सदां
होइ सुप साता कोकसास्त्रन के ज्ञाता कों।

इस्त्री वाच

भगति भाव सुभ करम नहिं, नहीं राम को नांम ।
कोककारिका बहन कौ, है कामिन को काम ।।

कवित्त

मार्‌यो जात हाल, मन्त्रजन्त्र न जपत, पर–
पतिनीन चाहै घन यामें घनो चहियें ।
सुकवि'गुपाल' मातु भगिनी के भले बुरे–
लक्षन पिछानें तब पापन सौं बहियें ।
बढ़त अघमं सुभ कर्म मे न लगै मति
रोग बढ़ि जाय निश्चै नरकहिं लहियें ।
वेश्यन की गांमी, होइ जातु है हरामा, याते
हूँ कै कहुँ कामी, कोककारिका न कहियें ।।

पिंगल के

पुरुष वाच

जाने छंद-प्रबध, होइ पदरचना को ज्ञान ।
पिंगल सास्त्र पढ़ें, करें काव्य कवी परमांन ।।

कवित्त

पद को प्रमांन, छद-मगन को ज्ञान, लघु
दीरघ सुजानि, बहु गणति दुढ़ैया कौं ।
अलट रु' सूचे आमें षोडस करम, दग्ध–
अक्षर पिछानि गणगणहु कढ़ैया कौं ।
छंद औ' प्रबधन के लक्षननिजानें, नई
काव्य करिवे कौ बुधि हियमें बढ़ैया कौं ।
सुकवि'गुपाल' होत गुपन पठैया बड़ो
होत हरवैया सास्त्र पिंगल पढ़ैया कौ ।।

स्त्री वाच

दोहा

लिपत पढ़त षोड़स करम, कछू न आवें हाथ ।
पिंगल के पढ़ते सदा, सासन ही जिय जात ॥

कवित्त

आछी लगें न सुनावत में बड़ो देर लगें तहूँ रूप मढ़े तें ।
राय'गुवाल' गंभीर बड़ो मत आवतु है बड़ मूंड चढ़े तें ।
नैकहू भूलि जो जाइ कहू, तो परःश्रम जात वृथा सु कढ़े तें ।
काव्य के भेद अनेक जित, कछु आवे न पिंगल छंद पढ़े तें ॥

मंत्रसास्त्र

पुरुष वाच

तेज जोम बल सों सदा, सबही को ठगि पाइ ।
मंत्रसास्त्री कों सदा, सब कोउ पूजत आइ ॥

कवित्त

देई, देव, थिर, चर, नर, बस रहे, काम–
कटत्त त्रलोकी के पदारथन जाने ते ।
सुकवि'गुपाल' जासों डरप्यो करत सब
पूजा ठौर ठौर वैठे होइ निज थाने ते ।
बढ़े तन तेज, नेम बरची करें लाल, चाहे
सोई करि सकें, सदा रहे वीर बाने ते ।
परम पुराने लोग ईस्वर ही जानें, राजा
राउ सनमानें मंत्र सास्त्रन के जाने तें ॥

स्त्री वाच

दोहा

हिय अंतर डरप्यो करत जपै जाय येकत्र ।
मंत्र सास्त्र के पढ़ें जब सिद्धि होत है मंत्र ।।

कवित्त

मन दृढ़ राखि, कष्ट करमों परत घनों,
अथा धमजात जो विघन नैक कढ़िये ।
सुकवि "गुपाल" मंत्र जप्रन जपतर में
अजायें जात जानि जो प्रियोग नेक पढ़िये
भलो बुरो करत में निंदत है लोग, हथुमा
होति रहैं हायन, कुजस जग मढ़िये ।
छोड़ि तिय मढ़िये, बिदेसन में हड़िये, पै
भूलिकैं कबौ न मत्रसास्त्र कहूँ पढ़िये ।।

जोतिस सास्त्र

पुरुप वाच

जोतिस कों रुजिगार अबै करिहौं प्रिया प्रवीन ।
जाको सुप बरनन करूँ,[३] जो जग होत नवीन ।।

कवित्त

देव ओ नरन बसीकरन करन, याते
गूढ़ की गसो को गाँठी काटत फँसी की है ।
जनम मरन दुप सुप की पबरि, यामें
दीस्यो करे जैसे जैसे मूर्ति आरसी की है ।

---

१. है० के २. है० वो ३. है० मरता

सुकवि "गुपाल" तीनि जन्म, तीनि लोक, तीनि
काल्न की कहूँ बात बिना दरसी की है।
पढ़े जोतिसी को, जोई जानें जोतिसी को, जैसी
जगें जोतिसी को, जग माँझ जोतिसी की हैं॥

स्त्री वाच

सोरठा

जोतिस जानें जोइ,[1] जग जान्यो तिनगें न कछु।
पढ़त बड़ो दुप होइ, कहत कठिन[2] याको मरम॥

कवित्त

गिनति समुहार, गृह लगन निरधार, सुभ-
असुभ विचारत, जजार होत जीको हैं।
त्यागें घर नारि, औ' बढ़ावें नप-बार, जीत
हार में "गुपाल" मिश्र करेन[3] हँसी को है।
टारि के अरिष्ट, लेत याते है निकिष्ट काम,
सिष्टि बीच इष्ट सुभ दृष्टि बिन फीको है।
ज्ञान भान नीको, ही को सी को होत ठीको नीको
याते बड़ो भीको यह[4] काम जोतिसी को है।

मिसुराई

पुरुस वाच

सदां काम सब को परत, जनम गमी अरु व्याह।
मिसुराई के करत में नित नव रहत उछाह॥‡

१. है० जोय २. है० कठन ३. है० करत ४. है० रुजगार

‡है० में इन दोहे के स्थान पर निम्नलिखित सोरठा है:

"जनमत सादी मांह, सदां कांम सबको परै।
नित नव रहत उमाह, मिसुराई के करत में।"

कवित्त

आपने पराअे भले बुरे दिन जान्यो करे.
सडसों मिटायो[1] करे सबही के डर कों ।
गृहन लगाइ कें बनाइकें बरस फल[2]
ज्योतन को पाय माल मारे नारी-नर कों ।
सुकवि "गुपाल" नव गृहन के लेके दान
सादी औ बधाइन में राजी राखें पुर कों ।
गाम होत[3] सर, बडो होत हैं अुकर, याते
सब में सुघर यह काम है[4] मिसुरकों ॥

स्त्री वाच्य

दोहा

मिसुराई के करत में, नित दिन होत हिरान ।
भले बुरे दिन[5] देय ते, पचिमचि[6] जात पिरान ॥

कवित्त

सोघत में साहो, एह लगन लगावत
बतावत हैं[7] झूंठा जो न रांम होत जाई कों ।
होंम के करावत में धूपत रहत नित
मेरा[8] बडो रह्यो करे ब्याह औ बधाई को ।।
सुकवि "गुपाल" भले बुरे दिन पूछि सेति–
मेंति में हिरान करवायो करे ताई को ।
गृह की चढाई, पतिगृह की कमाई,
याते बडो दुखदाई यह काम[9] मिसुराई को ।।

---

१. है० मिठाय देत २. है० नित ३ है० रहे ४. है० रुजगार है
५. है० यह ६. है० पूछत ७. है० हूं ८ है० घेरो ९. है० रुजगार

पाँडेके

पूजा भयो करैं व्याप्त पुन्यो चौक चांदनी कौं,
सीघे ल्यौते दाम आमें पाटिन के माड़े कौं।
गुरुजी कहाय, बैठ अंम कीयो करें, घर
चहुल को रापें भरि सौंजन ते भांड़े कौं।
सुकवि'गुपाल' विद्या हस्तमल[1] रहैं, कांम
हुकम में होइ सेवा करें देपि चांड़े कौं।
सीघे होत बांडे हाथ जोरें लोग ठाडे, रहैं
याते रुजिगार भलो चट्टन के पाँडे कौ ॥

स्त्री वाच

होजिवौ करत सो सिपावन अज्ञानिन कौं
फूटिवौ करत कांन बहुत पहाड़े कौ।
पाइ होत बांड पात हानिन सौं गांडे
वरसार बिगरति यामें अेक दिन छांड़े कै।
सुकवि'गुपालजू' पकाय पाको करे गुण
कोअू नहिं मांनै गुरमार विद्या भांड़े कौ।
मारत मेंडांडे, चट्ट रातिदिन भाड़े, याते
पांड की सो धार रुजिगार यह पाँडे कौ ॥

रसायन

पुरुस वाच

जाके सम कोअू साह नहिं, कभी कहूँ नहिं जाइ।
होति रसायनि दाहिनी, रहत लच्छिमी ताहि ॥

---

१. छन्द की आवश्यकता के अनुसार हस्तामलक के स्थान पर इस रूप का प्रयोग है।

कवित्त

टहल में जाकें लोग लगेई रहत सदा,
कहूं करामाती मारी बाढतु है मरमें ।
सुकवि'गुपाल' नित जेतो पर्च करें, तेतो
आवे अनायास, कमी रहै नहि घर में ।
भलो भयो करत, हजारन गरीबन को,
धन दै निहाल करै काहू ते न सरमें ।
घरमें बढ़त जाको धरमें अपार हाथ
रहति रसाइनी रसायनी के कर में ॥

स्त्री वाच

दोहा

बूटी ढूंढत ही सदा, निसदिन जाको जाइ ।
रसायनिन को अेक ठाँ पाँव नहीं ठहराय ॥

कवित्त

जानीं जाइ जोपै तोरे घेरें रहें लोग घने,
घेरा परि जाय राजु राजन के धाँम है ।
परच न करै क्वो, अग जो लगावें फिरि
कबहीं न होति व्रयां जात श्रम याम हैं ।
करे ते टहल, बड़ी सिद्ध: की कृपा ते मिलै,
जाको चैये बूंटा घनो महनति दाँम है ।
फिरैं आठो जाँम, ठहरै न एक गाँन, यह
याही ते निकाँम सो रसायनी को काँम है ॥

वैधके [१]

पुरुष वाच

तजि जोतिष को काम, वर्नो [१] वेद [३] वैदक करों ।
होइ देस में नाम, अे सुप सरस सदा रहें ॥

कवित्त

सायन बनाइ के रसायन कमामें [४] नाम,
यामें [५] गाम-गाम काम परें जने जने को ।
रहें रुष्ट पुष्ट देह, नेह निरवाहें सब,
जीव दाँन देकें जस लेत नव घनें को ।
होइ [६] अुपकार, जुर्यो रहे दरबार द्वार,
औषधि के सारते सँमारें काज अनेकों ।
कहत 'गुपाल' होत हाल ही निहाल [७] याते
सब ही में भलो रुजिगार वैदपने को ॥

स्त्री वाच

दोहा

बड़ी बड़ाई वैद की, बरनि बताई बाल ।
बालम बहुरि सुनौं बहुत बुरवाई विप्यात ॥

कवित्त

मरेन कों मारें बुरी सबको विचारें पर-
नारी हाथ डारें, नित रहे यामें मंद को ।
सुप सों न सोवें, पर दुष्यन कों रोवें, इक
पलहो में पोवें दिन, करें काम कंद को ।

---

१. है० वैदक को   २. है० बनूं   ३. है० वैद   ४. है० कमावै
५. है० पावै   ६. है० होत   ७. है० यामे

हत्या पर हेत धरै,[1] करे रेत-पेन पाछे
औषधि कौं देत बिद[2] लेत पैलै[3] सेद कौं।
कहत "गुपाल" कवि मेरे जान में तौ याते
सबही ते बुरौ रुजिगार यह वैद कौ॥

पंडित

पुरुष वाच

वैदक[4] पंडित करि बनौ, पंडित बाचि पुरान।
मंडित करौं समान कौं, जग कहाय गुण मान॥

कवित्त

रहै महि मंडित, अखंडित प्रताप काम,
क्रोध मद खंडित कै, मेटै दुचिताई कौ।
ज्ञान कौं दृढावै, औ' प्रतिष्ठित[5] कहावै, सिर
सब कौं नवावै, चहै हरि चरचाई कौ।
सुकवि "गुपाल" व्यास गादि पर बैठि भलौ
आपनौं परायौ करै करिके कमाई कौ।
गुरमें दृढाई जाते सभा दबि जाई याते
बडौ सुखदाई इह काम[6] पंडिताई कौ॥

स्त्री वाच

दोहा

पहलै पढत पुरान के पचिपचि जात पिरान।
पंडित कै दुख सुनत में अकति होत हैरान॥

---

१. है० करे धरै २ है० वदि ३ है० पैलै ४ है० जातिस
५ है० पतिपुत ६ है० रुजगार

कवित्त

सुलप अहार, होत वार पर द्वार, होत
छार घरवार, होत देसन कमाई कौं।
त्यागनी परति तिय, मांगनी परति भीष,
मूरिष[1] कौं सीष देत पावै कछु याई कौं।
कहत "गुपाल" बड़ो सोपत कठिन काम
राजन के धाम दान जीते मिलै जाई कौं।
पढ़त सदाई, जाके जनम बिहाई, याते–
बड़ो दुषदाई यह[2] काम पंडिताई को॥

बंदी भाट

पुरुष वाच

[3]सदा राव पदवी मिलत, दबत राव उमराय।
चारि वरन आश्रम सकल,[4] नवत सकल जग जाय॥

कवित्त

पोल्यो करैं बंस, वाक वांनी मुष पोल्यो करैं,
पोषो[5] करैं सदा राव राजन के रोग कौं।
'सभा जस'[6] लहै, जाइ होइ ताइ तैसो कहै,
टेरी के कहामैं पुत्र, भोगयो करैं भोग कौं।
[7]सुकवि "गुपाल" चारयो षूंट मैं बिरति, और[8]
अंड ब्रहम मंड मैं प्रचंडन[9][10] के सोग कौं।
[11]कविता प्रयोग करै जोगि कौं अजोग याते
सबही मैं भलो यह काम भाट लोग को॥

---

१. है० मूरप २. है० रुजगार ३. है० नही है ४. मु० सदा
५. है० तोल्यो ६ है० मे तीसरी है ७. है० काहूँ ते न डरैं जैसो
८ है० मे यह दूसरी पंक्ति है ९. है० जाकी १०. मु० अवंडन
११ है० में : "साप्यो करै जोग करै जोग को अजोग याते
सबही मे भलो रुजगार भाट लोग को।"

इस्ती वाच

दोहा

बरकति होइ न नैंकहू, देइ सु थोरी होइ ।
याही ते भट लोग कौं, थोटो उद्यम जोइ ।।[1]

कवित्त

[2]बार न लगति भली बुरी के कहत जाइ
सरम न आवै माँगो पहरत पाट कौं ।
सुकवि'गुपाल' न्यारी सबही ते चाल चलै,
डर्यो न रहत कछु काम याके बाट कौं ।
रिस भजे अत, प्रान हूत न लगत बार,
बोलत अनंत झूंठ काहू की न डाट कौ ।
पाय नही काट, डूंढ़ै[3] लैवे ही की बाट, याते
सब में निराट रुजिगार बुरौ भाट कौ ।।

मागध जगा

पुरुष वाच

सेकरम आदि की मिलाय देन विधि जाके
लिखी रहै सब चली जाति वृत्ति जगा कौ ।
वंस कौं बखानें जिनें मांगद ही जानें,
आपनोई करि मानें कबौं पावत न दगा कौं ।
सुकवि'गुपाल' भल भले मिलै माल मिज-
मानी होति भलै जैसी मिलति न सगा कौं ।
दै कै जगा-पगा आय पूजें सब पगा मान
होत जगा-जगा, जिजमानन मैं जगा कौ ।।

---

१. है० में यह दोहा नहीं है । २ है० अधिक है । ३ है० टूटै

इस्त्री वाच

पोथ्या गाँठि बाँधि पोथ्रा सात्यां की मिलामें विधि;
तब कछु पामें बहि तोरे नित पगा कों ।
गाँम-नाँम-ठाँम न सँभारें रहें ताठो जाँम
मानें कोई जब तब लिप्यो मिलै लगा को ।
सुकवि'गुपाल' घर बैठे पात दगा कवी,
सगा कौन काँम यह काँम पिछलगा कौं ।
जाय सब जगा, फिरयो करें जगा-जगा, तब
मिलै किहू जगा जिजमानहि के जगा सौं ।।

चारन

पुरुष वाच

कोसन लिवामैंन कौं राजु राना जात,
पालिकीन में चढामें तिनें राना सिरपाँव दे ।
पढि गीत कवित, करोरन की लेत मौज,
माँमले करत बडे, रापत पराय दे ।
झूमें हय बारन, सुद्वारन हजारन ही,
मीर संग रापें चाहें ताकी बात दाय दे ।
ताजी-मनि पाइ, देत मूँछन कौं ताय, रन-
बारन सिवाय रहे चारन के कायदे ।।

स्त्री वाच

गीतन कों पढत, हडत रहें देसन में,
छुरे बोलि लेत प्राण देत नैंक बात में ।
रागडे से ह्वैके, बडे पहरि जे करायो, करें
जंग कौं हत्यार, गहि गहि निज हाथ में ।

सम। मे गुपाल काहू देवें न सिहात सबही
सो अकड़ात जे कमात धनी धात में।
मंद मास खात किया बनें नही गात ऐसी
रहै कुलपात सदा नारन की जाति मे

कविताई के

पुरुष वाच

कविता के रुजिगार कौं हम करि हैं चित लाय।
†ताको सुष बरनन करत, कवि'गुवाल' सुष पाय॥

कवित्त

जोरे नृप कर डरपति[1] रहै जाति सब
सकैं नाहि कहूँ तर्क औरन पराई कौ।
कविता[2] करत न भरत डाँड राजन कौं
पंडित समाजन में पावत बड़ाई कौं।
डूबे रहै रस बस, करे सब ही कौं चित,
जग में अकुर करि करत कमाई कौं।
फैलति लबाई यौं गुपाल की सबाई याते
बडो सुपदाई[3] यह काम कविताई कौ

स्त्री वाच

दोहा

कविता के रुजिगार कौं, कबहुँ न कीजे पीय।
यतनें ओगुण बसत हैं, समझि लीजिये जीय॥

---

† 'ताको सुष सुनि लीजियें प्यारी श्रवन लगाय॥' भी पाठभेद मिलता है।
१. है० डरपत २. है० येतीन ३. है० सबहीं ते भलो रुजगार

कवित्त

नर जस गैवो, परदेसन को छैवो,
अभिमानिन छ्वै जैवो, पौरि परन पराई कौं।
रस सुरसैवो, गप गप ते डरैवो, बहु
कवित बनैवो, यह घर है सुटाई को।
बुद्धि: को बढ़ैवो, परें अच्छर[1] चुरैवो. राज—
सभा जस लैवो, तब पैवो कछु याई को।
कहत 'गुपाल कवि' रायन रिझैवो, याते
सबही में कठिन कमैबो कविताई को ॥

कुकवि

पुरुष वाच

कविता में समझै नहीं रोरै सब सौं बाद ।
है कैं कुकवि सु सुकवि बनि, लेत सभा में स्वाद ॥

कवित्त

पाठ सो न जानि, अच्छरार्थ को न ज्ञान, कविता
सौं पहचानि न, घमंड मैं सबै फिरैं।
पिंगल प्रमानें, छंद भंग न पिछानैं, जानें—
और को कवित्त तोरि जोरि कें मनै फिरैं।
भनत "गुपाल" गुन दूषन बषानैं कौन,
अैसे दौरि-डौरि पोरि-पोरि में घनै फिरैं।
और को न मानें, आप झूंठी बात ठानैं, अब
अैसे कलिकाल में कवीन्दर बने फिरैं ॥

---

१. एक है कैं मन दैबो

स्त्री वाच

दोहा

कठिन कल्पनां करत नित, जपत कष्ट को नाम
याते कठिन 'गुपाल कवि' कविताई को काम ।।

कवित्त

कहा भयो कंठ करि लीने जो कवित्त, चित्त
अर्थ में न दीयो, जिनि पाई कहा धूरि है।
कहा भयो साँठे, कसी गाँठ तुक गाँठि लीनो,
साँठो सो लगाइ करि आयरन पूरि है।
कहा भयो ग्रंथ बिन समझें अनेक बांचे
पायो नाहि भत कबिरायन को भूरि है।
सुगम न जानो तुम सांची करि मांनो यह
कहत 'गुपाल' कविता को घर दूरि है।।

नई काव्य

पुरुस वाच

जग में नांम चलाइहो, निज कुल करि कछु काव्य।
कवि कोबिद राजी करहु, धरि नवीन कछु भाव।।

कवित्त

नई नई जगति जुगति, अनुप्रास बहु-
बरण मिलाप में रसीली रस ताको हैं।
नांनां धुनि, व्यंगि अर्थ, आदर अनूप जाके,
सुनत ही होइ कबिरायन कैं जाको है।
दूषन रहत, नद भूषन सहति, सब-
ही को मन गहत, कहत जब जाको है।

सुघर सभा को, चरचा को, मत जाको, कवि
कहत 'गुपाल' कविताई नांम याको है ।।

स्त्री वाच

दोहा

जो प्रबंध आदर्यो नहि, सुघर सभा के बीच ।
कविता करि ता कविहि नें वृथा कर्यो श्रम हीचि ।।[1]

कवित्त

कवि को न नेंम, प्रेम जामें नर नारि को न
कोऊ कग-मार एक गुण को गहा भयो ।
पंडित समाज आदरी न कविराज महा–
राजन में जाइकें न जस को लहा भयो ।
हरि कौं न नांम, आई काहू के न काम, व्रथां
चकि गांम गांम ते कुनामहि महा भयो ।
कहत 'गुपाल' पढ़ि भारत जे गाल कवि
ऐसी कविताई के बनाए ते कहा भयो ।।

पुरुस वाच

काव्यगुन

भगति मुकति पावै बड़ो, नांम जगत में होइ ।
कविराजन में मांन होइ, काव्य पढ़ै जो कोइ ।।

---

१. इसमें तुलसी की समीक्षा-दृष्टि की प्रतिध्वनि है—
जे प्रबन्ध बुध नहिं आदरहीं ।
सो श्रम बादि बाल कवि करहीं ।।

कवित्त

गणागण छंद गुण भूपन औ' दूपन के
जानै रस भेद-धुनि ब्यंगि लक्षनाई के।
नायक'रु नायक सुरति सुतात[1] हावभाव
चेष्टा कर्म दूती सपो औ' सखाई के।
समझै 'गुपाल' रितु, काल, दरसन-मत
मांन, मांन-मोचन औ' विरह दसाई के।
बूझं सब आई, परै दस में अवाई, बुधि
बढ़ति सवाई, सदां पढै कविताई के॥

धन कीरति औ' अति आनँद देति, दुरत्यय दु:ख्य दलावति है।
कवि पंडित राज समाजन में नृप ओगहि जो गुण चावति है।
तिय ज्यौं उपदेस कँ सत्यहि के औ कवीश्वर भू में कहावति है।
रसिकँ करिकँ 'श्रीगुपालजू' को कविता हरि ओर लगावति है॥[2]

स्त्री वाच

कवित्त

करने परत ग्रंथ संग्रह अनेक कठ,
रापने परत हैं कवित्त सब काई के।
राज-सभा बीच बाद रचनौं परत, पूरे
करणे परत जेते प्रश्न चरचाई के।
सुकवि 'गुपाल' निज कृतकरि काव्य अर्थ
जानने परत काव्य आपनीं पराई कि।
चहूं वड़िढताई, बुद्धि बढ़त सवाई, तव
होति है कमाई, कछू पढै कविताई के॥

---

१ सम्भवतः यह सुरतात है।

२ इसमें मम्मट के काव्य प्रयोजन की झलक है– 'काव्य यशसे, अर्थकृते व्यवहार विदे कान्ता सम्मित उपदेशयुजे।' साथ ही आध्यात्मिक लक्ष्य की ओर भी संकेत है।

पुरुष वाच

वादी कवि

एक वनें न कहूँ मुष सों गुनी औगुनी डोलें मजेज के मारे।
जो गुनी आय के कोई मिले तिन सों यदि वाद मचावत भारे।
सांची न मांनत झूंठियै ठांनत लंगटी ए करतार सँभारे।
ऐसेन सों तो 'गुपाल' कहै हम जीतहु हारे औ' हारेहु हारे॥

स्त्री वाच

जानें न कवित्त चरचा को रीति-भांति, सांची—
बात के कहत ही में ह्वाल पीजियतु है।
देषत ही जरे जात गुनिन के गुण, सुनि—
तिन के बचन ही सों हियो हीजियतु है।
आप कहि जानें, नही और की कौं मांने, नहीं
चोज कों पिछांनें नहीं हियो भीजियतु है
वैठि कें सभा के बीच, सुकवि 'गुपाल' कवो
मूलिकें न अंसन सों वाद कीजियतु है॥

पुरुष वाच

लिखई [1]

पुरुष वाच

कविता के रुजिगार तें, चरज्यो तेनें मोहि।
करहुँ लिपाई तास मुष वरनि सुनाऊँ तोहि॥

---

[1] ६० लिपाई को

कवित्त

हरि गुण गान, पहचानि गुणमानन सों,
सुकन कों ग्यान बुद्धि परे अधिकाई में ।
जंत्रन में, मंत्रन में, तंत्रन में, गति होति
रहत सुतंत्र हूँ इकत्त मनभाई में ।
जानत 'गुवाल' बहु ग्रंथन को मत घर–
बैठे रुजिगार हानि जोष्यो नहिं याई में ।
स्वारथ की सिद्धि, परमारथ की रद्धि।
अनेकारथ की सिद्धि, होति लिषत लिपाई में ॥

स्त्री वाच

दोहा

लेषक के सुष तुम सुनें, दुष्प सुने नहिं कांन ।
नैन बैन कटि ग्रीव कर पुरषारथ की हांनि ॥

कवित्त

न रि रहि जाति, नहिं बात कहि जाति, बहु
देह दहि जाति, जोर घटे करगाई कों[१] ।
भोजन पचें ना, पाय आदिमी रचें ना, कछु
नफा हू बचें ना, ऐसी करत कमाई को ।
नैन जल भरें, औ' नितंब दूपि परें, जब–
दिन भरि अरे, तब पामें कछु याई को ।
काम पर्यो जाई, सोई जानतु है मायी, यहु[२]
बहुत 'गुवाल' काम कठिन लिपाई को ॥

---

१ है० को २ है० इह

रासधारी

पुरुष वाच

रासधारि है करहुंगो[3], जोरि मंडली रास ।
गाय बजाय रिझाइ कै, धन लाऊँ तो पास ॥

कवित्त

सोंहन सरूप, बड़ो लोयन रहत नोन,
भोंहन नचाइ, मन मोहैं नर नारी कों ।
स्वामीजू कहामें, औ' हजारन के लामें माल
हरि गुण गामें करें सुकरम भारी को ।
सुकवि 'गुपाल' मिलै' धंवे कों नगद माल
लाल बनि सदा मजा लेंय[4] सब ठारी को ।
आमें बात धारी, देह रहति सुधारी, याते
बडो सुखकारी, यह कांम[5] रासधारी को ॥

स्त्री वाच

कवित्त

*आति घरें नांम, नाम होत बदनांम, करें
घर के हरज कांम, रहै नांहि नारी को ।

---

३ है० करूँगो ४ है० रेत ५ है० रुजगार

*है० प्रति में इस कवित्त से पूर्व यह दोहा है :

"स्वामी बनि करि मंडली, भूलि करो मति रास ।
देस छोड़ि कै होइगो, परदेसन मे बास ॥"

जेती है नफहि[१] ताहि पात हैं समाजी लोग
सेवनो परत परदेस परद्वारी को ।
गावत, बजावत[२], नचावत[३], में लागे लाज,
द्रष्टि परि जाय जब कोऊ हितू यारी को ।
कहत 'गुपाल' होत पछिम दुवारी, याते
बडो दुष-कारी यह काम[४] रासधारी को ।

गवैया

पुरुष वाच

कर न नदीनी मडली, होइ गवैया गाइ[५] ।
तानन को धन लाइहै[६], सुजन समाज रिझाइ[७] ॥

कवित्त

हरि-गुण गावो प्रिया-प्रीतम रिझैवो, नित
भक्ति उपजैवो, नैवो हिय उमगैया को ।
सँकरान नर-नारी जोवन रहत मुष
देत हैं बडाई अरु लेत हैं बलैया कौं ।
है कै गुनमान मान पावै गुणमानन में
कानन में तान गान सुष तरसैया कौं ।
कहत 'गुपाल' भलो आपनो पवायो यामैं
यातें यह भलो रुजिगार है[८] गवैया को ॥†

---

१ है० नफा होइ ताय २ है० बताव्न ३ है० नचावत ४ है० इज-मार ५ है० *गाय* ६ है० *लायहै* ७ है० *रिझाय* ८ है० है

† इसमे दूसरी पंक्ति है० की प्रति मे तीसरी पंक्ति है और इसमें तीसरी पंक्ति है० प्रति मे दूसरी ।

स्त्री वाच

दोहा

गंवे के रुजिगार कों समझि कीजिये कंत।
सुनिये कान लगाय कें, याके, दुख्य अनंत ॥

कवित्त

आगें बैठि गावै ओ' भमैया लों बतावै माव,
तब कछु पावै यों रिझावत रिझैया कों।
स्वाद कौन जानें, बड़ी साधना न ठानें, कंठ–
रहे न ठिकानें, पाटे भोजन पचैया को।
ढीठताई धारि कें, पराए द्वार चार होत
ठट्ठा करवावै, ताल चूकत चबैया को।
कहत 'गुपाल' दैया दैया करि आवै, याते
सबमें कठिन रुजिगार है, गवैया को ॥

इतिश्री दंपतिवाक्य विलास नाम काव्य-सास्त्र प्रबंध वर्णनं नाम

दसमोविलास ॥ १० ॥

ग्यारहवाँ विलास

(भिक्षा प्रबंध)

पुरुष वाच

दोहा

गँवे के रुजिगार ते, बरज्यो तैंने मोद ।
भिक्षुक के रुजिगार के मुण्य : सुनाऊँ तोइ ॥ *

कवित्त

आवै नांहि चोट, गढ़कोट ओट तकै न,
निलाले पात रोट, पोट करत न प्यारी को ।
चहियें जमान, सब देस जिजमांन, भलो–
पावै पान-पाँन जोव्यो ज्वाँन न अगारी को ।
घर घर यार, चाहूँ हाथ न हथ्यार, ख्याल
करत हो त्यार, प्यार होत नर नारी को ।
कहत 'गुपाल कवि' मेरे ज्ञान में तो याते
सब ही ते भलो रुजिगार है भिषारी को¹॥

---

* है० प्रति में यह दोहा है–
स्यानप के रुजगार ते बरज्यो तैंने थांम ।
भिषुक को गुण सुनिय नित भीष मांगिहैं गांम ।

१ है० में यह पंक्ति इस प्रकार है .
"कहत गुपाल आनुवान्नि के जमाने बीच
सब ही ते भलो रुजगार है भिषारी को ।"

रती वाच

सोरठा

काके द्वारे जाय, कहैं कि हमकों दीजियै।
मरि जैयै विसवाय, जीवत भीष न मांगियै॥

कवित्त

राषत पराई आस, चित में उदास रहै,
सतत विनास औ' निवास दुष भारी कौ।
प्रीति हरकति, बरकति नहिं होति, आत्रू-
आदर न रहै निरलज्ज रहै गारी कौं।
लैबौ होत इहाँ, आंनसी में उहाँ दैबौ दिन
रैंनौई परात, चित चैनौ न अगारी कौं।
डोलै द्वार द्वारी, यामें यह बड़ी ख्वारी, याते-
कहत 'गुपाल' काम कछु न भिषारी को॥

प्रोहिताई

पुरुष वाच

पुजवावै लै पाँय, पतितन कौं पावन करै।
पल पल प्रीति वढ़ाय, प्रिया प्रोहिताई करत।

कवित्त

जाके हाथ ह्वै कैं सब होत काम कारज को,
सदां पुन्य दांन सदां गमी औ बधाई कौ।
सवते पहल, पाइ[1] पूजियत जाके आइ,[2]
ताके दिये बिन धर्म्म[3] होत नहि काई कौं।
'सुकवि गुपाल' जिजमांनन के मांन भलो
पाँन पाँन दैकें[4] सनमान मिलै ताई कौं।

---

१ है० पाय २ है० आय ३ है० धर्म ४ है० दैकें

मानें ममिताई, होइ हिय में हिताई, याते-
बड़ी सुखदाई यह काम प्रोहिताई को ॥

स्त्री वाच

सोरठा

प्रोहित हूजै नाहि, जो जिजमान कुबेर सो।
निंद्य कहैं सब ताय[५], गति न लहै परलोक में ॥

कवित्त

रहतो परत दुख-सुख जिजमान के में,
दान के बपत[६] लोग देत बुरवाई को।

जाको धान पाय, ताके पापन को भागी होइ,
वद औ' पुरान, यातें निंद्य कहैं ताई को।

कहत 'गुवाल कवि' भले बुरे कर्मन में
सबते पहल ग्रास लैनों परै जाई को।

जाइ[७] के निताई, यों कमाइये किनाई, क्यों न,
ठहरत काई के न पैसा प्रोहिताई को ॥

गहुनावा

पुरुस वाच

होइ कुटम प्रतिपाल, माल मिलै यामैं[१] घनों।
याते 'सुकवि गुवाल' गहुनाई करिहै सबै + ॥

---

५ है० याहि

६ है० बपत वृंदावन वाली प्रति में लिपिक की भूल से पत लिखा है।

७ है० जाय

१ है० जामें

+ है० प्रति में पंक्तियों का विपर्यय है।

कवित्त

आय आय सब, व्रजवासी जाँनि पूजें पाँय,
बात सही होति है सदाँ कौ प्रोहिताई में।
तीरथन न्हात, कथा करत विख्यात, भले
भोजनन पात, जे न मिलें पहुनाई में।
'सुकवि गुपाल'[२] मिलिजात माल, हाल यामें,
भागि के जगे में तौ निहाल होत याई में।
करें मन-भाई, कछु राई न दुहाई, याते
सब तें सवाइ है कमाई गहुनाई में[३]।'

स्त्री वाच

दोहा

कवि गुपाल बहु कठिनि है गहुनाई कौ काँम।
भ्रमें देस परदेस में लेइ[४] न नेंक अराम॥

कवित्त

सेयौ करें राह, औ' गनें न भूप ग्याह जब[५]
आवै कछु आह, न अुमाह कछु याई[६] में।
डोल रहे मारो, कम तौल रहे न्यारो, परदेसन
में प्यारी, बँधो जीवका न जुयाई में।
कहत 'गुपाल' जब मिलै कछु[७] माल, बाँधें
बातन के झाल, जब[८] आवे दाञ्ज धाई में।
छोड़ि कें लुगाई दहुताई राति जाई,
होति बड़ी कठिनाई ते कमाई गहुनाई में॥

---

२ है० कहत गुपाल ३ है० टहौ नृपदाई रुजगार गहुनाई कौं।
४ है० लहे ५ है० तब ६ है० याही ७ है० जत्र ८ है० तव

चौबेके

पुरुस वाच

श्री बराह अवतार नृप महमाँ गावत आप ।
याते माथुर लोग की जग में बडी प्रताप ॥

कवित्त

रापत है सौप बडो, पाइबे पहरिबे को
बैठक रहनि सदा जमुना समीप की ।
'सुकविगुपाल' अं' कहत में न चूकं कहूँ
अकृति न यात बडी रापत है टोर की ।
गाजे श्री बराह, द्विजराजन के सिरमोर
जिनके अगारी विद्या चले न हरीफ की ।
सेवत महीप सात पड नव दीप याते
जाहर जहूर जोति माथुर महीप की ।

स्त्री वाच

दोहा

औरन की पंटो कहत, अपु बातन को पात ।
याते सब ही म बुरी, यह चोबिन की जाति ॥

कवित्त

जाकी धनि पाय सदा सार्ई को निगोयो करें,
पोटी के कईया जे गुसाय रहें रोटं को ।
पूदत रहत सदो देत परदेस बने
रहें गरगरा जिजमान के रिझैबे को ।

'सुकविगुपाल' और ब्राह्मनें न देषि सकें
बड़े चुरबोल, सो लगाअे रहैं देवे कौं।
सुर सी न सोवै, परद्वारे दिन षोवै, याते
सबही में बुरो रुजिगार यह चौबे को ॥

पुन

अेक साहो सोधि के, असूझ करें ब्याह सब,
बदले बहनि बेटी के ते ब्याहे जात हैं।
देसी परदेसिन कौं, घर में घुसाइ कें—
रिझाइ लेइ सबै नहि नेंक सरमात हैं।
'सुकवि गुपाल' घर टहल करत आप
चौबिन की सदां सेर राष्यो करें बात हैं।
पतिः गृह पात सबै देषे जारे जात, याते
सब में कुजाति यह चौबिन की जाति हैं ॥

घटमंगा

पुरुष वाच

दछिना कौं मांग्यो करें जपि जमुना को नाम।
याते यह सब में भलो, घटमंगा को काम ॥

कवित्त

(जे) सदाहो रहें तट टीरथ के सुभ कर्म सुनें सतसंगिन कौं।
नित न्हात औ धोवत देष्यो करें, सुमदां तरुनीन के अंगन कौं।
परदेसी' ए देसी ते लें दछिना, हरि नाम जपें लें उमंगन कौं।
यह 'राय गुपालजू' याते सदा रुजिगार भलो घटमंगन कौं ॥

स्त्री वाच

सोरठा

यक कौडी के काज, नगा है दगा करे।
याते बडो निलाज, काज सु घटमगान को ॥

कवित्त

मांगन में झोली ठोली डार्यो करे सबही पै,
अर-अक कौडी पर र्यो करे दगा कौं।
मरनौ परत मोर ही ते जाय लेरथ पै,
कान्ति को रहे डर बीछी औ' भुजगा को।
'सुकवि गुपाल' घात मबते जबर फली—
मूत नहि होत लेत जमुना औ' गगा कौं।
बने रहे नगा, राचि जाति सौं अरगा, याते
बडो मति भगा यह काम घटमगा को ॥

पुसामर्दी

पुरुष वाच

छोडि सबै रुजिगार, करहु पुसामदि आइ कै[१]।
बस करि कै नर नारि धन सचित करिहौं बहुत ॥

कवित्त

बढै हुरमति अति आबति है[२] मति, लाल
बन्यो रहे नितप्रति पूव पाअे पीअे ते।
दुप-मुप परे, दव औदर में सरे काम,
रावत हमेश हित ह[ु]दिन[३] हीअे ते।

---

१ है० मे २ है० ४ ३ है० हुरमत

'सुकविगुपाल'[४] माल मिलै पै निहाल होत,
भले परिजात और गुद्यम के मीजे ते।
या मदि में आमदि, सुदामदि को होति, पुस–
आमदि की रहति पुसामदि के कीये ते॥

स्त्री वाच

सोरठा

या आमदि के काज करहु पुसामदि जाइ[५] कै।
हियें मानि कैं लाज[७] चुप[८] करि घर मैं बैठियै॥

कवित्त

साँचरु झूठ की हाँ कहनों औ' मदाँ कहनो सहु-सोमिली बातें।
पापरु[९] पुन्य में संग रहै सदा[१०] रावत राजो सु आपनी घातें।
'रायगुपालजू' देय कछू जब, डोलत पाछे लग्यो दिन रातें।
याही ते या जग माँझ बुरो रुजिगार पुसामदो की यह यातें।

रोजीने के

पुरुष वाच

रोजीना बधवायबो गुन महनति ते होत।
याके छूटते सदाँ, बहु दुष होत उदोत।
लालो रहै न अेकहू अँस करत दिन जात।
याही ते जग में बड़ी रोजीना की बात।

कवित्त

मिलिबो करतु है कपूत औ'सपूतन सौं
ब्याज मारो जैसें बढ्यो दीसे दिन-राति है।

४ है० हाल ही गुपाल ५ है० किलैते ६ है० कौन की ७ है० लजि।
८ है० चुप ९ है० दुप्यरु सुप्य १० है० निउ

'सुकविगुपालजू' कमानौं न परत, कछु[1]
जानौं न परत सो निलाले रहैं गात हैं।
संपति कौं पावे, गुन कदरि बढावैं, ऐसे–
बड़ी करशावैं, फूले गात न समात हैं।
दाँम रहै हाथ, पात रहै पैड़ो सात याते
जग में विख्यात रोजाना की बड़ी बात हैं।

स्त्री वाच

कवित्त

लगत सबेर, जानौं परैं बेर बेर, कछु
बरकति होति पात पियत न पाके में।
'सुकवि गुपालजू' दिमान औ' मुस्सदिन[2] के
देनी परै घूंस, काम हाथ-होत जाके में।
होत है हराम, और है सकै न काम, जब
पटत न दाँम, दिन जायो करैं फाके में।
दाँम रोजीना के, दुष देषि रोजीना के, आय–
जाय रोजीना के, रुजिगार रोजीना के मैं॥

इतिश्री दंपतिवाक्य विलास नाम काव्य मिधा प्रबंध
वर्णन नाम एकादसो अध्याय। ॥ ११ ॥

---

१ सम्भवत: यह 'रहैं' है।

२ लेखक ने मूल में 'द' के द्वित्व के स्थान पर 'स' का द्वित्व कर दिया है। इस प्रकार पाठ 'मुसद्दिन' होना चाहिए।

श्री गोपा... ... सि...

द्वादश विलास

(मंदिर–प्रबंध)

अथ गुसाईंन सुख

पुरुष वाच

दोहा

धन दैकें पधरामनो करत राउ उमराउ।
घर बैठें पूजत जगत, गोस्वामिन के पाँउ।

कवित्त

ईश्वर के रूप, भूप सेवत अनेक जिनें,
राषत न उर में भरोसो कहूँ काई को।
आसन कों डारि करि जाप मौन बैठे जब
नवत भलोकी रूप देषत ही ताई को।
'सुकवि गुपाल' व्रज रज कों रहत ध्यान,
जामें चली भेंट घर बैठे सदा ताई कों
पद्धत सवाई, भोग भोगत सदाई, याते
बड़ो सुषदाई यह काम है गुसाई को॥

स्त्री वाच

कवित्त

आमदनि पाँच, पै पचास को षरच राषें,
ब्याज झगरे में धनजात सब जाई को।
'सुकविगुपालजू' डिफाँन बड़ो राषे सदा
देस परदेसिन की षात है कमाई को।

करनी परति तन काष्टा अनेक, कंठी–
दुपटा, प्रसाद, दैनों परे सब काई कौं।
होवह गुसांई, मरे रहत गुसांई याते
बड़ोई गुसाई को य करम गुसाईं को॥

भट्ट

पुरुष वाच

दोहा

भोर-साँझ, कीर्तन कथा, सतसंगति दिनराति।
पूजा पुन्यरु पाट में भट्टन को दिन जात॥

कवित्त

बाँचत पुराण, गुन मान सनमान, भलो[1]
पात पान-पान-दान-मान मिलै[2] ता को हैं।
करत 'गुपाल' बरपोत्सव समाज, रास,
प्रभु को लड़ाइ, सुप देत सब ही को हैं।
अनगण धन, बातसल्य में मगन मन,
करत पवित्र जन जनन के जी कौं हैं।
व्रज भाव टीको, सर्व अर्पं हरि ही कौं, याते
सबही में ठीको कर्म भट्टन को नीको है॥

भट्ट

स्त्रीवाच

है समर्पि, कृष्णारपन तन मन धन करि देत।
तबै भट्ट है कै कछू, या जग में जस लेत।

---

१ मु॰ आछो। २ मु॰ होत दान मान ही को हैं।

कवित्त

माल पात जट्ट, दिन जात छट्ट पट्टहि में,
(पटाही में) पटत्यो रहत बड़ो नीरन की ठट्ठ को।
'सुकविगुपालजू' कमात जेते दाम, तेई[1]
करिकै इकटठ जात बनिया[2] की हटठ को।
अर्पनी परति[3] है समर्पनी देह, गट्ट–
पट्ट है सकै न घर रहे पट्टपट्ट को।
लागे रहे पट्ट, झांकी[4] होति झट्ट पट्ट, याते–
सब में निपट्ट कर्म[5] कठिन है भट्ट को॥

अधिकारी

पुरुष वाच

संत महंत दबे रहैं, जगत-जगत में जोति।
हरि मंदिर में जाइ जब, मुखिया मुखिया होत॥

कवित्त

आमदि औ'खरच हजारन को रहै हाथ,
मार्यो करें माल, बात कहिकैं हुस्यारी की।
'सुकवि गुपाल' कोई मामले रहत हाथ,
पावै भुखरयारो कैऊ बात की तयारी की।
दुपटा प्रसाद, रोझ बूझ लेन देन, ताकै
हाथन है आयो करें भेंट नर नारी की।

---

१ मु० सोई २ मु० बनिक

३ मु० करत समर्पण अर्पन के देह गट्ट पट्ट पर ह्वै सकै न घर पट्ट पट्ट को।

४ मु० पूजा ५ मु० काम

दवत पुजारी, रुप रापत भँडारी, होति
मंदिर में भारी मुफ्तयारो अधिकारी को ॥

दोहा

स्त्री वाच

जाके दाम घटें न ते दया करैं घरकार।
अधिकारिन की रातिदिन, माँटी रहति पुआर ॥

कवित्त

रापनी परति पर बस्ती सब बालन की
आमदि परच जमां सौज की सँभारी की।
'सुकवि गुपाल' रहैं झगरे अनेक, कर्यो
परै सनमान नित नअे नरबारी को।
सेवक-सती की यादि रापनी परति कंठी
दुपटा, प्रसाद, दैनौं परै सब ठारी को।
लोग देत गारी, औ'तगादो रहैं जारी, याते
बड़ो दुपकारी यह काम अधिकारी को ॥

सिरकार

पुरुष वाच

मंदिर में सिरकार जब गोंडियान को होत।
भाव भगति हिय में दसै, जग में होत उदोत ॥

कवित्त

चाहै ताहि रापै, चाहै ताही कौं निकारि देह,
रापैं गुलजार घर नगर बजार कौं।

'सुकवि गुपाल' भेंट मारे परे हाथ ओ'
परच करि सकें जाके दूसरो अगार को।
महुरा कों लेइ, भिरि झगरे कों जीतें, सब
काम में हुस्यार के चलावें कारवार कों।
मंदिर मँझार, सदा रहैं मुषत्यार, याते
सब में अगार, रुजिगार सिरकार को॥

स्त्री वाच

दोहा

रगरे झगरे बहु रहैं, मंदिर महल सँभार।
गौड़ संप्रदा कौं कबहुँ हूजै नहिं सिरकार॥

कवित्त

रगरे अनेक जाकूं, झगरे लगेई रहैं
बिद्दति अनेक लोग रापें अहंकार कौं।
रैयति निकारें, दीन भित्रपुक बिडारें, भेंट
मारे के अगाहत में पायो करें गारि कौं।
'सुकविगुपाल' काम मिलकि मकानन को
निसदिन रहैं फूटी टूटी की सँमार को।
भेंट देती बार, जाली कहैं बुरबार, याते
बड़ो दुपकार रुजिगार सिरकार को॥

फौजदार

पुरुष वाच

जुर्यो रहे दरबार घर मिलैं भेंट में भेंट।
फौजदार को काम यह याते सबमें ठेठ॥

कवित्त

जाली लोग जेते, कांम पूछि कै करन, ब्रह्म
मोज पुन्य-दान भेंट पूजा के बिचार कौं।
'सुकविगुपाल' बाबू काबू में रहत, घर
बैठें माल आयो करे मंदिर मंझार कौं।
जाके हाथ ह्वैके भेंट मंदिर न होइ
गहुनावा ब्रजबासी सब कर्यो करें प्यार कौं।
दबें सिरकार, रुप रावें सिरदार याते
बड़ो ओजदार, इजिदार फोजदार कौं॥

फौजदार

स्त्री वाच

गहुनावा घेरें रहे, जालिम के आधीन।
याते सबमें कांम यह फोजदार को हीन॥

कवित्त

घर में अुतारी, जात्री लोगन की सहै घूम,
करि बरदाय सिकरावे निज जुबांन कौं।
पांन पांन दैके बहु आदर कौं फेंकें, मन
राचनों परत गहुनाव सनुआन कौं।
'सुकविगुपाल' सिरकार अधिकार भेंट
देत, लेती बार कर्यो करत हिरान कौं।
मेरी कही मांनि, हरि मंदिर में आनि, कबौ
भूलि के न हूजे फोजदार गोंडियान कौं

छरीदार

पुरुष वाच

दरस करत निसदिन रहत हरि मंदिर के द्वार।
याते भलो 'गुपाल कवि' छरीदार रुजिगार॥

कवित्त

सबते पहल जासों आइ कैं कहत बात,
प्रात ही ते सदां हरि मंदिर बहत है।
जाके हाथ है कै सब मंदिर सयानन,
प्रसाद पनवारे संत सेवग लहत हैं।
'सुकविगुपाल' जब मंदिर में भेंट होति
भेंटे में ते भेंट लियो करत सहित हैं।
बढ़त महत, सुप संपति लहत, सुप
सब ते बहुत, छरीदार कों रहत हैं॥

स्त्री वाच

दोहा

डोलत बोलत रैनिदिन देह जाति है हारि।
याते सब ही में बुरौ छरीदार रुजिगार॥

कवित्त

सदां ही, नठल्लन में, टल्लन में, डोल्यो करैं,
ठाड़ो रहै द्वार निरवारैं भीर-भार कौं।
घर-घर जाय, बटवावनौं प्रसाद परै
काँम रह्यो करै जापै सब को बिगारि को।

सुकवि'गुपाल' चाय सेवक सबी को
करवाबनी परति भेंट, करि के संमार कौं।
रौकत में द्वार, जात्री कहें दुरवार, याते
बड़ो दुपकार रुजिगार छरीदार को।

भंडारीके

पुरुष वाच

सौज, प्रसादी, अमनिया, हाथ रहत भंडार।
भंडारिन सों रहतु है, याते, सबको प्यार॥

कवित्त

सौज परसादी औ' अमनिया रहत हाथ
ताको दई चीज मिलै सेवग पुजारी कों।
सुकवि'गुपाल' मुपत्यार रहै मंदिर में
भलौ भयौ करे ताते सेवक भिपारी कौं।
सौज परसादी, दे'लगायो करै लाग, ताते
लेयो करै मजा महबूब-नर-नारी को।
देह होति भारी, पात सबते अगारी, याते
बड़ो सुपकारी, यह काम है भंडारी को॥

स्त्री वाच

दोहा

सौंज अमनिया की सकल निसदिन रापें त्यार।
सबै भंडारी होत हरि-मंदिर में मुपत्यार॥

कवित्त

करनी परति रपवारी, नित रातिदिन,
देइ नहिं जाइ, सोई दीयो करै गारी कौं।
रापनी परति है तयार सब सौंज, काम
लग्यो रहै सदां, भोग-राग की तयारी को।
सुकवि'गुपाल' समझावत मैं लेवो, चीज
घटि बढ़ि दीयें, डर रहै अधिकारी को।
लोग करैं चारी, पावे जात हैं[1] भिपारी, याते
बड़ो दुपकारी यह काम है भंडारी को॥

पंडा

पुरुस वाक्य

बांधे जग झंडा, तेज रहत प्रचंडा, जाकौ
पूजै यह मंडा, करवावै नित हुंडा को।
पूजि करि देव कौं, सुसेव करै आछी भांति,
जानै भक्ति भेव जेव रापै तन मंडा कौं।
पहरि 'गुपाल' कड़े, मोती, गोप, तोड़ा, सेला
समला, दुसाला, मोहि लेत नव पंडा कौं।
पाय पीरि-पंडा, जाकी देह होति संडा, बहु
जोरतु है भंडा, रुजिगार करि पंडा को॥

स्त्री वाच

इष्ट में न निष्ट, लिप्ट, पिष्ट रहै रांड़न सौं,
मन के निकृष्ट जोरै कष्ट करि भंडा कौं।

---

१. मूल प्रतिमें यह 'हौं' है।

छोटे बडे आदिमी के पीछे लगे डोले, आस
जात्रिन की रापें, देव-पूजा पात चडा कौं ।
रहत 'गुपाल' राजमद मँह छाके सब
बापन बिरोध बहु आपुस में हडा कौं।
रहै रडा मुडा गुर करैं मुछ मुडा, बहे
होतहु गुरडा काँम करतहि पडा कौ ।।

पुजारी

पुरुप वाच

घटा, संप वजाय के पूजत हरि दिन राति ।
याते सब ही में भली पुजारीन की बात ।।

कवित्त

प्रभु के निकट रूप माधुरी कौं देप्यौ करैं,
कर्‌यौ करैं काम सदा सुन्दर मजारा कौं ।
भूषन वनाइ, तन सुगंधि लगाइ, चरनामृत-
प्रसाद लीयौ करैं हरि-द्वारी कौं ।
सुकवि 'गुपाल' हरि मदिर में बैठ्यौ सदा
पातरि में लावत न बामन हजारौ कौं ।
रूप होत भारी, आवै देह पै तयारी याते
सबही में भारी यह काँम है पुजारी कौं ।।

स्त्री वाच

दोहा

राति दिना घेरो रहै, जाय सकै नहि धाम ।
याते कठिनि 'गुपाल कवि' पुजारीन को काम ।

कवित्त

जागे पिछराति, घेरा रहै दिनराति, बडे
सीतन मे न्हात, गात रहै न सुपारी कों।
सुकवि 'गुपाल' रंगो पगत अपर्स, पुनि
पामनो परे प्रसाद, सबते पिछारी को।
सेवक समाजी, कविराज, द्विजराज, जाय-
देइ न प्रसाद, सोई दीयो करै गारी को।
छूटे घरवारी, पैंडो देख्यो करै नारी, याते
बड़ो दुषकारी यह काम है पुजारी को ॥

रसोइया

पुरुष वाच

सबै सौज कर में रहै, घर में होइ मुषत्यार।
याते रसोईदार को भलो सु यह रुजिगार ॥

कवित्त

भोजन सो छकि कें, रसोई मांझ बैठे, मन
भर्यो रहै, कांमना रहति नहिं कोई हैं।
सुकवि 'गुपाल' जासों सबको रहत प्यार
कबही बिगार करि सकत न कोई हैं।
मार्यो करै माल, भलो बुरो करै हाल, नांना
भातिन के स्वाद, सदां लीयो करै सोई है।
करत रसोई, जोई कहै सोई होई, सदां
जाके हाथ लोई, ताके हाथ सब कोई है ॥

स्त्री वाच

दोहा

कोई दुष सुष परत जब, भरम धरत सब कोइ।
याते रसोईदार को, बड़ो दुष तन होइ ॥

कवित्त

जरयो करै हाथ, देह गरमी में भुज्यो करै,
धुआँ घुमडत जब, आपिन छो सूझै ना।
बडो कष्ट पावै, सो पसीनन तें न्हावै, पाले
भोजन न भावै, तब वपत पै पूजै ना।
'सुकविगुपालजू' रसायनि को काम, जाके
करत में कोमू अररस ह्वैकै छूजै ना।
निसदिन घूजं, कोमू दुप को न वूझं, याते
राजन के मंदिर रसोईदार हूजै ना॥

कुतवाल[1]

पुरुस वाच

'कविगुपाल' कुतवाल बनि, गहरे मारत माल।
करि कुटंब प्रतिपाल नित, बन्यौ रहत हैं लाल॥

कवित्त

संत औ[२] महंतन के रहैं बडो वृत्त, सदा
आदर अधिक, भागि जागतु हैं भाल को।
लेत अह देत मुपत्यार सब ही के होत,
जाको[१] कयो[२] बोलवालो परै न सवालको।
आमदि[४] दरफ[५] हरि-मंदिरन रहैं, गहु–
नावा ब्रजवासी सब अरयौ[६] करैं प्यार कौं।
कहत 'गुपाल' भल भले मिलैं माल, याते
सबमें बिसाल, रुजिगार कुतवाल को।

१ है० पेरन की कुतवाली
१ है० 'ह २ है० तारो ३ है०, मु०, बहैं ४ है०, मु०, आमद
५ मु० रफन ६ है०, मु० नित होय (होत) उपकार भले दीन प्रतिपाल को।

स्त्री वाच

दोहा

कुतवाली के करत मन जते जते को लेत।
राति दिनां डोल्यो करत तब कछु यार्को देत।

कवित्त

राति दिन यामैं होंनो परत हिरान, नित
डोलें घर घर, कहूँ न्योतो' जइ दीजियै।
गारी-गरा देकैं, बोली डारत रहत लोग,
जेंमें-जुठिबे में जाय भीतर न लीजियै।
रोकत मैं पाप, लगै दीन को सराप, मूलें-
चूकें लेत-देत में महंत जात' पीजियै।
सुकवि 'गुपाल' कछु और कर जे जियै, पै
सत के घरे. को कुतवाली नहिं कीजियै॥

इतिश्री दंपतिवाक्यविलास नाम काव्ये मंद्र प्रबंध वर्णनं
नाम द्व सो विलास॥ १२॥

---

७ है०, मु० न्योते ८ गु० जाज

त्रयोदश विलास

(देवालैन को रोजगार)

पुरुष वाच

संत समागम हरि भजन दरस मोर अरु साझ ।
यतने सुष नित होत हैं हरि देवल के मांझ ॥

सदाई भँडारी के भँडार रहैं हाथ औ
रसोइका के हाथ सब रहति रसोई है ।
परच को रहैं अधिकार अधिकारी हाथ
फौजदार हाथ भेंट आवै सब सोई है ।
ऊपर के काम सब रहैं छरीदार हाथ
पूजा को मुरम तो पुजारी हाथ होई है ।
सुकवि गुपाल भावभक्ति उर होइ सदा
ऐसो रुजगार तो त्रिलोक में न कोई है ।

स्त्री वाच

भगत भाव मन में रहैं इंद्रिय-जितनिहि काम ।
कवि गोपाल तापै बनै देवालन को काम ॥

देत अरु लेन में भँडारी के हिसाब हैं हो
घेर बडो रहत पुजारी को सदाई है ।
छरीदार भये डोला डोली में पगाव, धुंआ
आगि को रसोइया को दुख अधिकाई है ।

अधिकारी भये पै रहैगो बोझ भार सब
फौजदार भये होगी आफति महाई है।
चाहिए 'गुपाल' भाउ भगति भलाई याते
यंत रुजगारन में येतो कठिनाई है॥

ब्राह्मण के रुजगार ते बरज्यो तैंने मोहि।
क्षत्रिय के रुजगार के सुष्प सुनाऊँ तोहि॥

अथ साध प्रबंध महताई

पुरुष वाच

हाथ करामांति, औ' जमाति मानैं बात
दिनराति-प्रात जात जाको हरि चरचाइ में।
सबही सों हित, परमारथ निमित्त, भाव
भगति[1] में चित्त, औ ममित्त नहि काई में।
'सुकविगुपाल' भले माल पाय लाल होत
हाल ही निहाल है पुस्याल रहै याई में।
बढ़ै साधुताई नवै राजा राउ आई, याते
सबते सवाई है कमाई महंताई में॥

स्त्री वाच

बनि है नहीं महंत बनि तुम पै बड़ी महंति।
सांचो जोई महंत जो सब की करै महंति[2]॥

कवित्त

झूंठ-सांच बोलि, धन लेत सतो सेवग को,
बिना भक्ति-भाव, जमलोक गयें भूंजियै।

---

१ है० भक्तिहि २ है० में यह दोहा प्रथम है

मिलिकि, मिरासि, कुआ, बाग, औ' निवासन के
रगरे अनेकन के झगरे तें छूजियै।
'सुकविगुपाल' काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद
माया जाल परे न पसारि पाँव सूजियै।
जाइ के यकत,[3] टूक माँगि जीजै अत थे पे
सत की जमाति[4] को महंत नहिं हूजियै॥

महंत को चेला

चेला को बल होत पुनि, मेला चूतर होत।
मंदिर माँझ महंत को चेला होत उदोत॥

कवित्त

देषत ही गादी मुषत्यार होत मंदिर को,
गुरुन को माल सूब मिलत अकेला कों।
'सुकविगुपाल' सदाँ रजई करत, ओढ़ि
साल औ' दुसाला सो झुकाय कढे हेला कों।
कुलप्रति पाल भागि जगत विसाल वहो
देह होति लाल हाल हो मल चेला कों।
बनो रहै छैला मिलै भोजन सबेला याते
कह्यो जात सुष न महंतन के चेला कों।

दोहा

छोडि अकेला कुटम कौं रहै मोडन के माहि।
याते जाइ महंत को चेला हूजै नाहि॥

कवित्त

कुटम कबीले के न काम को रहत कछू,
होत निरमोही. सुष पावै न यकत कों।

---

३ है० इकत ४ है० जमाति

देखि-देखि जर्यो करें, भाई गुर भाई,
दुष दाई सब होत, मद करत अनंत को।
'सुकविगुपालजू' रजोगुनता आवै दिन-
टहल में जावें, भाव रहतु न संत को।
कवी न मिचत, भाव भगति न बंदि, अेते-
दुष होत अंत, चेला भअे तें महंत को॥

महंत की चेली

सोज अनेक प्रकार को भरि भरि दौंना वाति।
काहू संत महंत की तब चेली ह्वै जाति॥

कवित्त

साजि के सिंगार, रापें सब ही सौं सैंली कांम
बंद नांहि रहे जाकौं रूपा औ' अषेली कौ।
'सुकविगुपाल' सदां सांझ औ' सबेली सो
नवेली बनी रहै हार पहरि चमेली कौं।
जाय परजंक पें, निसंक भरि अंक, मजा
लीयौ करे मंदिर में करि-करि केली कौं।
रहै अलबेली, बांधि करिहा सूं थैली, याते
कह्यौ जात सुष न महतन की चेली कौ॥

रती भञ्च

सोरठा

तवयौ करत सब ताय, कांम तपति ह्वै कै सदां।
अंत जाइ पछिताय, चेली भअे महंत की॥

कवित्त

डारयौ करें लोग जापें टौंक औ' मजाक, नित
धरयौ करें नाम, जाकों ज तो लोग सैलो के।

'सुकविगुपाल' मिलि भाई गुर-भाई सदां,
हूवै कें दुपदाई प्रांन लेन है अकेली के।
करे गर्भपात, होति हत्या दिनर ति, सुष
सतत को जात, दूरि रहति हवेली के।
यहूं रेला-पेली दावि करिहा सूं पेली, याते
कहे जात सुष न महंतन की चेली के॥

महंतानी के सुष

सुष सांनी निसदिन, कहे भगतानी सब कोइ।
मुषिया साध महंत की, महतानि जब होइ॥

कवित्त

बनी ठनी रहै, मिसी काजर लगाइ फूली
रहै मन असे फुलवारी ज्यों बसंत की।
'सुकविगुपाल' कोकिला सो मिलि गामें रनु-
झनु झनकार करे भूषन अनंत को।
मेला औ' तमासे रास भजन समाज देषि
दरस परस पूजा करै साध संत की।
राजन की रानी, बनी रहै ठकुरानी सदां,
रहै सुषसांनी महंतानी है महंत की॥

स्त्री वाक्य

दोहा

भगतांनी निसदिन रहे भगतानी बनि सोइ।
महंत की महतांनि ते, भली कहूं नहि कोइ॥

कवित्त

जातिपांति कुटम के वांमकी रहै न, अंत
भोगति नरक हत्या करि जंति की।
दंपति कौं संग नहीं, सतति कौ मानें सुप,
कंपति रहति भय मानि साध संत कौ।
नांमनां न चलै पूरी कांमनां न होइ, वह
पाछै दुप पावै बूझ रहति न तंत की।
रहति यकंत, जाको कोऊ नहि गंत, दुप
पाचति अनत महंतांनी हूं महंत की॥

मुषिया

पुरुष वाच

दबै घरे जासौं सकल महमा मंदिर वोत।
सत महंतन कै सदां मुषिया मुषिया होत॥
पाय आप पोपै सबहि, मुषिया मुष सम जांनि।
दंतहु में लगि रहहिं तहँ, काढ़ि लहइ सुप आंनि॥

कवित्त

उत्तव रसोई मेला 'पचरु' पँचायति में,
लीयौ करें षबरि सुदीन दुषियांन की।
'सुकवि गुपाल' गादी बैठत महंत जब
पूछि कंठी बँधति महंत पुपियान की।
जाके आगे पेस होति, काहू की न वात, वंठ्यौ
मंदिर मे पचप कर्यौ करें रुपियान की।
दावि सुपियान, बैठि वीच मुषियान,
सब मांने मुषियांन, मुषियांन मुषियांन की॥

स्त्री वाच

दोहा

दीयो परत घरेन के सब बुरवाई ताइ ।
याते काहू मंद्र को मुखिया हूजे नाँहि ।।

कवित्त

पच औ'र पंचायति, रसोई अूत्सव माँझ
रिस रहै जाको ताकी बात नहि बूझिये ।
'सुकवि गुपाल' पनवारन के लैत देत,
साँझ लो सवारे ते भिपारिन सो जूझिये ।
अपने सयानन की रहै जब बात, तब
बुरो बनि सात औ' महतन ते जूझिये ।
गुरन के पाय दूरि ह्वै ते ज'य पूजियें, पै
भूलि काहू मदिर को मुखिया नहूजियें ।।

संत

पुरुप वाच

दोहा

राम नाम जपते रहे बैठत कवि आपीन ।
दे दरसन सब जगत के, पाप करत है छीन ।।

कवित्त

तीरथन माझ सदा विचर्यो करत, सदा
पूजापाठ भजन में ज न दिन जाई वेरै ।
अंबरा कुपीन छापे तिलक दै भाल, माल
कंठ में 'गुपाल' भलो करै सब काई को ।

राजु अरु रंकन में, दूसरो न भाव, निस-
किंचन बिरति, सील सहन सदाई की।
नम्रता सवाई, रहैं हँसत सदाई, यह
बड़ो सुषदाई सदाँ बानो साधुताई को॥

स्त्री वाच

दोहा

सत संगति निसदिन भगति राजा रंक समांन।
सहन सील संतोष करि धरै सदाँ हरि ध्यांन॥

कवित्त

मूड़ के मुड़ाअे, छापे तिलक लगायै, माला
कंठी लटकाये, झूंठो ठठको ठठन है।
पूजा के करायें, संष घंटा के बजायें, बहु
भगर दिषायें, कछु होत न पठन हैं।
तीरथ के न्हाअें, बग ध्यांन के लगायें ब्रत
नेम मन लाअें, सत संगति सठन हैं।
कीजें न हठन, मेरो सुनि के पठन, याते
'सुकवि गुपाल' हो तो साधुता कठिन हैं॥

पुन

पुरुस वाच

बुजुर्गिल मेल करैं पर बासन बास करे नहि वेक हिकाले।
देत हैं औरन को सदां मांन औ आप अमान रहै तजि मानें।
संतन की सतसंगति में 'श्रीगुपालजू' को निस बासर ध्यांनो।
देषत पाप हरे सब के जब में है सिरै यह साधु को बानों॥

स्त्री वाच

कवित्त

बने डोलें साइ, घर बीप बीप राखें भाड,
पात बनि माड, जैं लगैया तिलक माल के।
चोर ठग लपट, असाधुता करत हिय
दया नहिं राखें मरवैया बड़े गाल के।
काम-क्रोध-लोभ-माह पगेई रहत बड़े-
निपट हरामी जे जुरैया धन माल के।
झूंठो भेप घालि भाग्र भगति बिसालि, साध
ऐसे रहि गये हैं 'गुवाल' आज कालि के।

नागा

सब मिलि इक जगा रहैं, रखिकें बडी जमाति।
यतें सत महत में, नागन की बडी बात॥

कवित्त

राखें तोप साँनि चढ़ै नौबति निसान, लखिवे
को अभिमान, सजें अस्त्र सस्त्र हाथ हैं।
संग हय घोडे, रण मुरत न मोरे, औ-
मुरामें कडे तोडे, रहैं हृष्ट-पुष्ट गात हैं।
'सुकविगुवाल' पटब जो के दिपामें हाथ,
काहू न डरात जग जोरें बित जात है।
माल बडे पात, सग रावत जमाति, माते
जग में विख्यात बडी नागन की बात हैं।

स्त्री वाच

दोहा

हारत नहिं हथ्यार धरि, सूझत मारहिं धार ।
याते यह नागान को निराधार रुजिगार ॥

कवित्त

बांधत हथ्यार, जिनें सूझें मार धार, हरि
नाम उर धारि, करो सोचत न आगा कों ।
लूटत घसोटत रहत दिनराति सदां,
बसिके कुजागा'अे विगोवत विरागा को ।
'सुकविगुपाल' बांधे बारन की पागा अनु-
राग में नरक है लगायो करें लागा कों ।
काटें बन बागा, रहत न अेक जागा, याते
सबही में बाधा यह भेद बुरो नागा को ॥

"सिद्ध"

पुरुष वाच

है प्रसिद्ध जग सिद्ध बनि सिद्ध करें सब कांम ।
रिद्धि सिद्धि लाजूं धनी वृद्धि करत जस नांम ॥

कवित्त

भूत को भभूति, औ' विभूति देत भूतन कों,
बांझन कों पूत अवधूतन समिद्धं कों ।
चाहें न प्रसिद्धि भयो मौन वृत्ति गहै, हिय
सुद्ध रहै मेटि के विरुद्ध कांम क्रुद्ध कों ।
'सुकविगुपाल' छोडि अंबर दिगंबर-
पिगंबर है रहैं मेंटि संबर की वृद्धि को ।

छुवत न निद्धि, लागी रहै रिद्धि सिद्धि हरि—
मिलिबे की सिद्धि, होति सिद्ध ही में सिद्ध कौं ॥

स्त्री वाच

दोहा

चाहत करयो जु सिद्धई, होति सहज सो नाहि।
मन इंद्रिन को मारिबो, बड़ो कठिन जग माहिं ॥

कवित्त

मागे नहिं कहूं, नित जागें दिनराति, अनु-
रागें हरि ही में, जो मैं मेंटि काम क्रुद्ध कौ।
रापे नप-केस, भेस अजुजिल बनाइ ओ—
सुरेसहू के सामने न होइ पर सिद्धि कौं।
'सुकविगुपाल' ओढि अबर-दिगंबर—
दिगंबर है रहैं मेंडि संबर की बुद्धि कौ।
छवत न निद्धि, लागी रहैं रिद्धि सिद्धि हरि
मिलिवे की सिद्धि होति सिद्धई में सिद्ध कौं ॥[२]

---

१ है० हैबी
२ अंतिम दो पंक्तियाँ है० प्रति मे इस प्रकार हैं :
"बोलें नहीं मुष, नहीं डालें घर-घर कहूँ,
जोरों नहीं धन, हाथ आवें नवनिद्धि कौ।
सुकवि 'गुपाल' करें सुछमन बुद्धि जब
होइ कछु सिद्धि, काम सिद्धईमें सिद्ध कौ।"

फकीर

पुरुष वाच

सबते भलो फकीर को, या जग में रुजिगार।
लाल बन्यो नितप्रति रहै[१], घर-घर पूरल स्वाल॥

कवित्त

फाका को न फिकिरि, प्रवाह न किसी की करै,
घरैं तन गुद्दर गरयारन की चीरो का।
रवि ससि दीया, जाके अवनी बिछैया, फल
फूलन के भोजन औ[१] पंपावों नसीरो का।
नाता करि हांता, 'श्रीगुपाल' गुण गाता रहै
प्रेम मदमाता सबिसंतन की भीरो का।
बैठि छांह सीरो न करत दलगीरी, याते
सबमें अमीरी, यह कामहू[२] फकीरी का॥

स्त्री वाच

सोरठा

घरैं सदा तन चीर, भिक्षा को घर घर फिरैं
याते होइ फकीर[४], ह्वैयै नहीं विदेस कौं

कवित्त

सबते उदास, करैं जंगल में वास, नहि
राखै पर आस, राअु रंकहू[५] अमीरी कौं।
धन कौं न धरैं औ' पराए दुप परै, नित
इंद्री[१] वस करैं, त्यागि अरध सरोरी कौं।

त्यागि बकवाद, लो गुसैंया सो' अबाद, कछु
मागे न मुराद, नहिं स्वाद तातो-सीरी कौं।
काहू की न पीरी, घरे करे दलगीरी, याते
कहत 'गुपाल' काम कठिन फकीरी को ॥

तपेसुरी

पुरुष वाच

जपत पकरि मन बस करत, इंद्री रापत हाथ।
याते यह जग में बड़ो, तपेस्वरन को बात ॥

कवित्त

चले आमें लोग, लेके नाना भाति भोग, मिटि
जात सब सोग, रोग रहत न जी को है।
गाजे औ' चरस के लगायो करे न दम, गम
कछू न रहति रिद्धि बाटें सबही को है।
'सुकवि गुपाल' पूजा मानसी करत, दुख
सबको हरत, चित जानें आनसी को है।
सुबुध : करे जोकों, ध्यान रहे हरि ही कों, याते
सबही में नीको, यह काम तपसी को है ॥

स्त्री वाच

दोहा

कद-मूल-फल-फूल-दल, भोजन, वन में बास।
तप करिके तपसी सदा, सब सों रहे उदास ॥

---

१ है० रहे   २ है० पुन   ३ है० दरबार है
४ है० जैवें   ५ है० औ   ६ है० येंद्री

कवित्त

कूबरी कठारी कर, कौंघना ते कसें कटि,
राखें नप-केस, बैठे करिकें आधीन कों।
राख कौं लगावें तन धूनी ते जरावें, रवि
मांऊ द्रष्टि लावें, बहु हैं करि अधीन कों।
सुकवि 'गुपाल' जप-तप के करत, करें
काष्टा अनेक मूप देपें नहिं तीन कों।
देह रहै छीन, भेस बन्यो रहै दीन, याते
सब में मलीन, यह भेस तपसीन को ॥

विरक्त

पुरुष वाच

कुंज कुटी में बास बन, कर करवा कोपीन।
है विरक्त सब सौं सदा होत भगति में लीन ॥

कवित्त

कुंजन में बसि, कथा कीरतन सुनें, नित
हिय में ऊमंग, सतसंग साधु भक्त को।
संगृह कौं तजि कें, भजन ही को संगृह कें,
करवा-कुपीन कटि राषत हैं फक्त कों।
'सुकविगुपाल' हरि-लीला में मगन मन
मधुकर वृत्ति ही में होइ कें असक्त कों।
त्यागि करि जक्त, होत हरि अनुरक्त, याते
सबही में श्रक्त, यह कांम है विरक्त को ॥

स्त्री वाच

दोहा

करें कुटी में बास नित, करि हरि सौं अनुराग।
तब विरक्त के हृदय में, ऊपजें भगति विराग ॥

कवित्त

भक्त अनुरक्त, झूठो जानें सब जक्त, हरि
भक्तन के संग सदा रहै जत-मतमें ।
'सुकविगुपाल' सीष संतन सों लैकें, सबही
कों पीठि दैकें, मन राषत बिरति में ।
होइ न प्रकास, करें आस कौं बिनास, सदा
जाइ बास करें कुंज कुटी जो यकत में ।
तना झिरकत, घर घर रिरकत, ऐती
होति हरकति, बिरक्त के बनत में ॥

बिदेही

पुरुष वाच

देसन में बिचर्‌यौ करत, रहत अजूरी भेस ।
सदा बिदेही साध कौं पूजत सकल नरेस ॥

कवित्त

कर करामाति, सदा रहत जमातिन में,
रहैं दिनराति भक्ति भाव में मिदेई है ।
'सुकविगुपाल' कंठ बटुआ कों धारें आप
तरें, औरें तारें सुद्द करें निज देही हैं ।
जात जित सिद्धि चली आमें रिद्धि सिद्धि ठौर
ठौर ह्वैं प्रसिद्धि सुद्ध रहत बिदेही हैं ।
देवें न बिदेही आप रहत बिदेही सदा
करनी बिदेही की सो करत बिदेही हैं ॥

दोहा

निरमोही मन सों रहैं नगन इकंत निवास ।
बिदेहीन कों होत है पैतिक कष्ट प्रकास ॥

कवित्त

देसन के मांझ सदा फिरनो परत, चोरें
रहनो परत, सीत घाम बरसाति में ।
'सुकबिगुपाल' सती सेवग बिगरि, करनौ
'सुकवि गुपाल' पीधी पलिका पै पौढ़ि, घर
परच चलावै कांम करत सपूत के ।
आठऐं दिना कौ सदा पैंठ करि करि तातें
अलन चलन कर्यौ करें धिय पूत के ।
देह मजबूत, वस्त्र बनत बहुत सदां
सबही सौं शूत रहै कातन में सूत के ॥

स्त्री उवाच

दोहा

जोरत तोरत तार कों, त्यौर मंद परि जात ।
कातन कातनहार के, टूटत है कटि हाथ ॥-

कवित्त

मावस औ' पून्यो, ठिक व्याह औ तिहार वार
अकतो रहत पूजें देवों औ' अभूत के ।
'सुकवि गुपाल' पैंठ करनी परति त्रिकें
पुरिया के पुन्यन ते दीयें बड़े धून के ।-

पाय जात कोरिया पडेरे औ' सराफ नफा
पटै जब दाम हाथ मेजै मजबूत के ।
रोमे धिय पूत, देह दूपति बहुत, दुप होनह
अपूत बट् वातत में मूत के ॥

पनिहारी : पुरुष उवाच

कवित्त

सादी गमी ब्याह औ बधाई ठिर ठहुरे मैं
जीवना रहति मन दिनन निहारी को ।
घर में 'गुपाल' सानी जिस्मि आइ रहै बड–
मोरी लीयो करै भली स्यारी–अनहारी की ।
पनघट घाट पै निजारे मार्यो करै बोली,
ठोनी मारयो करै देह् रादनि नयारी की ।
क्यारी सधै न्यारी, देह रहनि सुपागे, बडी
होति मनुहारी, पानी देत पनिहारी की ॥

स्त्री उवाच

कवित्त

घर कटि जात औ कमरि रहि जानि ठेक
धरति गुपाल सिर, धरै घट भारी है।
लगनि चपेट, आइ जानि चोट पेंट, डर
ठेरर रपटिबे की कीचर अँध्यारी है ।
बोली–ठोली सहैं, मिन घर–घर वहैं, वस्त्र
सज की रहै न रहै राति दिन प्यारी है।
होनि बिभचारी, देर लगे पाति गारी, तीन्यो
पनन की हारी, गोई होनि पनिहारी है ॥

पुरुष उवाच

कवित्त

जुकि कें भग्न की वरनि नहि जाति छवि,
दवि जात रति सोभा देपि सुकमारी की।
जेंचत रसी के: अुरवसी के गे भाव करें
भुज की टुलनि आंपे चलनि अन्यारी की।
'सुकवि गुपाल' नाभि त्रिवली ललित जाकी,
कंचुकी में कुच अंग ओढ़े नील सारी की।
वैस करि वारी, फुलवारी में निहारी मन
गयौ पनहारी, अदा देपि पनिहारी की॥

कवित्त

लांवी लटकारी सुकमारी वारी वैस जाकी
ताके कुच पीन कटि छीन ब्रजनारी की।
नैन सफरी से, वैन मधुर सुधा से, छुर
कामहि जगावै, सारी ओढ़ि कें किनारी की।
'सुकवि गुपाल' मान मोती मनि मानिक की
वानिक की सोभा, हिय हरन हमारी की।
वैस करि वारी, फुलवारी में निहारी मन
गयौ पनहारी, अदा देपि पनिहारी की।

इतिश्री दंपति वाक्य विलास नाम काव्ये प्रकृति प्रबंध वर्णन नाम
चतुर्विंशो विलास:

पंचविंशो विलास

अथ परमारथ प्रबन्ध वर्णन

दोहा

चारि बरनआश्रमन के जे पाअे रुजिगार।
प्यारी के आगे सबै बरने[1] सुकवि गुपाल ॥

सुनिकें तियपरवीन ने बुधि बल दीनी डाट।
सबमें औगुन काढि कें तें[2] सब दीने काटि ॥

अैसो या संसार में मिल्यो न अुद्यम कोइ।
जामें दुष्य न अूपजै, सुष्य सदा ही होइ ॥

तब हिय हारि 'गुपाल कवि', कही सु तो सों[3] बात।
अपनी बुधि बल ते तुही, करि[4] अब कुछ विष्यात ॥

तब गुपाल कवि की तिया, करि विचार मन माहि।
बरनन कीनों सुकवि सों, तामें दुष कछु नाहि ॥

स्त्री उवाच

दोहा

कृत्य कुटम के काज कों, करत सदा सब कोइ।
जो जाकों नीको लगै, सोई नीको होइ ॥

---

१. मु. सकल वर्ण २. मु. सुघमें ते सुघ काढि के तें।
३. है. नारि सों ४. है. कही करि

सब उत्तम मध्यम सु वै सब निकृष्ट रुजिगार।
'कवि गुपाल' परवीन नर जानन मन को मार॥

एक स्वारथ रुजिगार यक, परमारथ को जानि।
इक धन प्रापति दूसरो, हरि मिलिवे को मानि॥

जिनमें करिवे के जिते 'तुम ने कह्यो न' एक।
वृथा करयो बकवाद तुम, बाँधि आपनी टेक॥

जे लौकिक रुजिगार ते[२], तुमन करे विख्यात।
परमारथ के हैं जिते, तिन मों[३] रहि अज्ञात॥

पुरुष उवाच

परमारथ रुजिगार जो, बरनि सुनाओ मोहि[१]।
तब तेरी सिष मानि कें, करूं जाय मैं सोइ॥

स्त्री उवाच

जिय जोष्यों को ज्ञान नहिं, जामें नफा अनेक।
प्यारे सो सुनि लीजियै, हम सौं सहत विवेक॥

परमारथ : पुरुष उवाच

कवित्त

पूजा, पुन्य, पाठ, परिपूरन प्रगट प्रेम
पैजपन पारि[३]कें प्रभू के पद परनौं।
ज्ञान, ध्यान, दया, दान,[४]दीन–सनमान कथा
कीरतन–व्रत–नेम तिया[५] संग हरनौ।

१–है: यह दोहा है :–परमारथ रुजगार जो बरनि सुनाओ मोहि।
तब तेरी सिष मानि के करूं जाय मैं सोहि॥
२. है. मु. ने ३. मु. न ४ मु. है ५. मु. से ६. मु. मोइ ७. मु. मरि
८. मु. कटिके ६. है. मु. नहीं है

नवमों सरल, साच सीलता संतोष साधि[1]
साधु-मन-मग-सतसग अनुसरनौ ।
गुरनकौं ध्याइ, 'श्रीगुपाल' गुण गाइ, साच
भगति बढाइ,[7] हजिगार पाछै करनौ ॥

नवधा भक्ति

कही सिरी भागौनि में निज मुख आपु गुपाल ।
सो तुम सौं बरनन करूँ नवधा भगति बिसाल ।।

भगवत वाक्य

प्रथम भगति सतसग करै मनन की,
दूजें कथा सुनै 'श्रीगुपाल गुन गान की ।
तीजें गुर सेवावै, चौथें मोह कौं छुडावै, पांचें
मत्र जपि करै वेद वचन प्रेमान की ।
छठें दम सील बइराग धर्म साधै, सातें
मोहमय जगत दास सेते अधिकान की ।
आठ में संतोष, नवें सरलता आवै जब
पावै नर नवधा भगति भगवान की ॥

दोहा

श्रवन कीरतन सिमृन पद, सेवन अरचन जानि ।
बंदन दास्य' सखरूप निज, आत्म निवेदन मानि ॥

---

१ मु. सोइ २ मु. सरि ३ मु. कटिये ४ है मु. में नहीं है।
५. है मु. येर ६ मु. साबि ७ है मु. [illegible] ।

ब्रह्मग्यान

उद्धव प्रति श्री कृष्ण जो कही ज्ञान की गाथ।
सो निर्गुन परब्रह्म की सुनिये चित दै नाथ॥

कवित्त

अकल अनीह जो अमन्न अविनासी अज
अनभव-गम्य हृदयेस को सुमिरियै।
अगुन-अद्वन, जो अनामय अपड निरबोध
सुपरासी छिन न्चक न बिसरियै।
'सुकवि गुपाल' बारि-बीचि में न भेद, सदा
सोतें नाइ-तोइ में न भेद डर करियै।
मन गो अतीत जो अनूपम अरूप-रूप
ऐसे परब्रह्म को सदाई ध्यान धरियै॥

सगुन

गुजन की माल, पौरि चदन की भाल,
मोरपक्षन के जाल, कर कमल मनाल है।
नासिका सुढार, तीषे नैन रतनाल, बक
भृकुटि बिसाल, अलकावलि सुढाल है।
मद-गज-चाल, मुप बाँसुरी रसाल, ब्रजबालन
कौं प्याल, करि करत निहाल है।
प्रेम प्रतिपाल, सग सो है ग्वालवाल, को न
देषत निहाल होत प्यारे श्रीगुपाल है॥

इतिहास

दोहा

श्रुति समृति मत्र साम्प्र मथि बहुत अेक यतिहास।
ताके श्रवनहि मात्र ते कलि-मल होतह नाम॥

दवापुरान भुअ भार हरि, भली भाति निरवारि।
प्रगट असुर मारे बहुरि, छत्री रूप सुधारि॥

असुर मनुज वधु धारि निज, बल बढ़ावने हेत॥
करन लगे मख चाहरन, सुरन जीतिवे मेत॥

सुर रक्षन मोहन असुर नें हरि बौधवनार।
साम्प्र बनायौ रिपुन कौ मोह करावन हार॥

मोहित है ता साम्प्र तें, तजि मख गअे पताल।
जगय करन वारे दनुज साम्प्र गह्यौ ततकाल॥

दनजन सास्त्र पाषड की युक्तिन सौं जग मोहि।
जन अधार कौ हेत चो दयौ वेद मत पोहि॥

भगवत वाक्य

बटत अधर्म जब, जब धर्म हानि होति
पारथ मैं आपै कौ प्रगट करू चाह कँ।
साधन उबारुँ, सब दुष्टन कौं मारुँ, रक्षा
धरम की धारु, जुग जुग मास जाइ कँ।

अपनी प्रतिज्ञा यह सुमिरन करि मन
संकर कौ जानि निज रूप मम भाय कै।
ऐसे 'श्रीगुपालजू' की आज्ञा लैकै जब, तब
मकर ह्री मकर अचार्ज भयौ आइ कै ॥

श्रनी

चारि हजार बर्षि मे वर्ष, गर्भे अगि होतन होतन कीजिये ना।
बड़े ब्राह्मनओ बुधमानन वौं, मनै जानि सन्यास में लीजिये ना।
असुमेध गवाचय मानस पिंड ओ, देवर सौं सुत कीजिये ना।
कलि में सुनि पाचों विवर्जित ये रहिते सुनन्यासकों लीजियेना॥

दोहा

बुद्धि : मांन ब्राह्मनन ही, करै वेद मत मांनि।
तिन दिन कछु सन्यास के, कालहि वाकी मांनि॥

ह्वै अबुद्धि : त संन्यास श्रुति मार्ग चलावन हेत।
गौराचारज सिष्य सुक, सुम्भिन वदरि निकेत॥

बालपनहि अुपवीत लै लयौ मरन गुर जाइ।
तिन सिषि गोविंदचार्य सौं सन्यासाश्रम पाइ॥

जीति बौध दिगविजै करि, जथा जोगि श्रुति धारि।
ब्रह्म बोध कौ लोक में प्रगट करत भअे आप॥

अधिकारी तह बोधनें, भजे बोध आकार ।
तोऊ दुरलभ जग नरन ब्रह्म गोग अधिकार ।।

भगति मार्ग की प्रवृति हित, करि किरपा भगवान ।
सैमादिक निज पार्षदन, घर आज्ञा दई आनि ।।

करी भगति की प्रवृति जिनि पूजन क्रिया दिपाय ।
ग्यानधिकारी अन्यकलपि, दीनौं ज्ञान अडाय ।।

योग तीनि में नेक है, ग्यान कर्म भक्तयोग ।
जीवन के कल्यान हित इन सम और न जोग ।।

कवित्त

कहै करि विरक्त जिन त्यागि दीने कर्म
मत तिनकी गुपाल ज्ञान जोग होन पाको है ।
करमन ते छिन को विरक्त नहिं मन होन,
कामना करत ते कर्म जोग ताको है ।
भागिन ते, मेरी कथा माझ रति भई न विरक्त
नहिं बहु न विषय मांझ छाको है ।
भागवनि मांझ भगवान यह कही सदा
सिद्धि होन मेरी भक्ति जोग जग जाको है ।

दोहा

श्रुमत माहि जा जोग कौ, जाको है अधिकार ।
होअ प्रवृति जामें सोई, कह भगवान विचारि ।।

त्रय कांडन में सिमृत कौ, बहु कल्यान को मूल ।
ज्ञान मार्ग जिनि लोप किय, करि हरि वात अटूल ।।

क्रिया महत पूजान के, अधिकारी कम जांनि ।
जीवन कौ अद्धारःर असुमर्थ होत है मान ।।

सदा सप्रदाअे कही, वेद न कही विचारि ।
ताको तव तिन नें करी प्रथक प्रथक नैं चारि ।।

यद्यप दोप कछू न तँह, प्रगट करी हरि भक्ति ।
तअ जग मे करनी कठिन, पूजा कियन सजुक्त ।

ध्यान किये सतजुग विषें, त्रेता मषते जोइ ।
द्वापुर पूजैं फल मुकति, हरि कीर्त्तन ते होइ ।।

दोप भरे कलजुग विषें, लपियत वड़ गुण अेक ।
कृष्ण कीरतन करि मुकति, प्रप्ति होति सविवेक ।।

कृष्ण कीरतन नाम ते, कलि म जो फल होइ ।
कहि अधिकारिन भागवत, द्वापुर पूजैं सोइ ।।

पूजा की परधानता, द्वापुर युग में जानि ।
कृष्ण कीरतन नाम ही कलजुग में परधान ॥

सिमृत के अनुसार निज योग सिद्धि के हेत ।
नाम कीर्तन ही अवसि, निरनौ किय‍ै सर्वोन ॥

यदपि श्रवन अरु कीरतन, कहे यहा तौ दोइ ।
निन जोगन की ठौर करें, नाम कीरतन जोइ ॥

बडे बडे साधनन ते, लहत चारि फल सोइ ।
नारायन आश्रत नरन, बिन श्रम लहतह सोइ ॥

विधि नारद सवाद यह, कह्यौ वेद के माँझ ।
वेद पाठ साक्षात सो, लिखियत निरने काज ॥

विधि नारद सवाद

द्वापुरांत में देव रिषि, ब्रह्मा ढिग भयौ जात ।
कहि भगवन विचरत जगत, किमि जग तरिहू तात ॥

कहन भयौ ब्रह्मा तबै 'भलौ प्रस्न तैं कीन ।
सब वेदन कौं रहसि सो, मुनि यह गोप्य नवीन ॥

जाकरि कै कलि कू तरहु, सोहै जग मैं नाम ।
हरिनारायण आदि दै, श्रीभगवन सुष धाम" ॥

फिरि नारद पूछत भयौ "भगवन नांम सु कौन"।
कहन भयौ ब्रह्मा तबै "मुनि सुत वरनूं जौन"॥

मंत्र

हरे राम हरे हाम राम राम हरे हरे।
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे॥

नाममाहात्म

ऐसे इस हरि नांम है, पाप हरन जग मांहि।
इनते परे अुपाय कोअू, वेदनहू में नांहि॥

कवित्त

षोडस जे नाम होई षोडस कला को लिगि,
है रह्यो ज आवृत सो नास भयौ तिन कौ।
नासिकैं लवर्णहि, प्रकास्यौ परब्रह्म ऐसैं
मेघन के हटेते प्रकासैं रवि रस कौं।

नारद के पूछें मंत्र विधि कही ब्रह्मा सदा
सुचि दा असुचि विधि चहिये न जिन कौ।
सालोका, समीपा, अरु सायोज्या, सरूपा पाय
नाम जपे ब्रह्म लोक प्राप्ति होत तिस कौ।

सवैया

नाममहात्म

यह्ही निरनैं कियौ वेदहू में, सब और जे कांम निकांम ही हैं।
अतिहास पुरानऔ' संघिता सिमृत, तंत्र जिते कह्यौ तामही है।
सुप काहू प्रकार न जीवन कौ, 'सुगुपालजू' जीवन याम ही हैं।
गति और नही है नही है नही, हरि नांम ही है हरि नांम ही हैं॥

भारतीय महाविद्यालय ... निधि

नामदृढ़ता

कर्म भक्ति ज्ञान तीनि कांड के सम्प सदा
नाम ही को थाप्यो तिन कहि निमि काम के।
तिन के विधान तीनि वार कहने में भिन्न,
गति कहने में वही कोऊ नहि काम के।
जप–तप–व्रत–नेम–दया–दान–सौच–सील
सरधादि साच सुभ कर्म जे अराम के।
वेद औ' पुरान, सिमिरत माझ कह्यौ सव,
जतन विरथ विन लीयें हरि नाम के ॥

कवित्त

करत करत जग्य करत में चूकें, जाके
सुमिरन कीयें सव पूरे होत काम है।
जप–तप–जग्य–क्रिया आदि कों मे घटती जो,
पूरन तूरत होत सुमिरन नाम है।
'सुकवि गुपाल' ताको पावत न पार–वार
नेति नेति करि वेद गावें गुन–ग्राम है।
सदा सुष–धाम, सर्व व्यापी निमकाम, अज
ऐसे हरि अच्युत को करत प्रनाम है ॥

दोहा

सव वातन कों सुमिरि कें, जासें जपियें नाम।
भगति मुकति पावें सुनर, सेत नाम निसकाम ॥

कवित्त

होइ न विराग जब लग करै कर्म, तथा
कथा श्रवनादि श्रद्धा जब लौं न मन है।
देवता सरव भूत नर-रिषि-पित्र पंचजग्य
के जे पूज्य जग मांझ जेते जन मैं।

तिनको किंकर औ' रिनिया न होत कबौं
राज नजे मेरे मुनि मानि लै वचन है।
सब परकार लषि, सरन की जोगि सब,
कर्मन को छांड़ि मैं मुकुंद की सरन् हैं॥

सवैया

त्यागि के आपने कर्मन को, हरि के पद पंकज को भजे जो है।
भक्ति में जो परपक्व न होइ, मरै कहूँ जन्म लै जाइ कै सोहै।
हनुमान-विभीषन आदिक जेते, कह्यौ तिनकौका बुरौ कछु ओहै।
आपने कर्मन को करै जे, हरि कौ न भजे तिनकौं कहा होहै॥

गीतक

गीताहि कौ सुनि वचन मम या जग्यको जग्थासिजो।
कर्म कांडरु वेद को उल्लंघि करि वर्त है सो।
वर्तमान जु त्रगुण में नर कर्म-कॉण्ड करत वो।
यह ज्ञान कांडरु कर्म ते अर्जुन तू त्रगुणातीत हो॥

कवित्त

बिरक्त भक्ति ज्ञान जोग अधिकारीन
आदि शास्त्र बेन मुनि कर्मन करामनौं ।
कर्मन के त्यागे रति भई हरि माझ, ब्रह्म
ज्ञान अपदेसि तिनें ब्रह्म दरसामनौ ।

नहीं जे दृजानी जे पै बिरक्त है के लगे,
कर्म ज्ञान मार्ग तिन भक्ति में लगामनौ ।
मर्मे मर्मे मान तिन गुर को प्रनाम करि,
नाम कीरतन हरि गुनन को गामनौ ।।

अरिल्ल

मेरी भगति ते विमुख है के शास्त्र को जो पढ़त है ।
न्याय साम्यादिकन में सो डूबि के वृथा करतु है ।।
तिन कौं न जानत मुकति होहै महस जन्म भ्रजन में ।
जे राम हृदय के राम मनन गमनि ते जिय अत में ।।

सवैया

करि पूरब भूमिका में जो अुपासना, अूपर भूमिका पामनौं है ।
मन्यादिक वेनन भक्ति-हीं नहिं, भक्तिए जानन आमनौ ।
यह भक्ति महात्मर्म ज्ञानहिकी कहीं भूमिकाको जो बतामनौ है ।
गुरकी, हरि की, करि भक्ति 'गुपाल' समेपे हरीगुन गामनौ है ।।

ब्रह्मविचार

जाकी साक्षात बुद्धि बरनति तत्व छूटै,
पापन तें जीव दृष्टि परै ब्रह्म ठार में ।
कीनो है सनान सब तीरथन माझ, जो'
सहस दस कीनें मानो जग्य तहवार में ।

पूजे देव सकल प्रथी को दान दीनों सब
जानें निज पितर उधारे हैं संसार में ।
पूजिवे के जोगि जोई जाको थिर व्है कै अेक
छिनहूँ लगत मन ब्रह्म के विचार में ।।

कवित्त

स्वपच प्रजंत याही बात ते बड़ो तेरो नाम
बरतत अग्र जिव्हा के ठिकाने में ।
करे हैं गुपाल जिनहीं नें तप होम सब
तीरथ सनांन जेते प्रथी में बपाने हैं ।।

तृतिया कंद सिरी भागवत मांझ यों कपिल—
देव प्रति कही देवहूति माने हैं ।
सबही ते बड़ो जिन पढि लीने सब वेद
तेरो नाम जग में गृहन कर्यो जाने हैं ।।

कवित्त

पाप करि भारी ध्यान अच्युत कौं धरैं, जेते
छिनही में तुरत तपस्वि होत पीन हैं।
पापिन की पगनि की परस पवित्र पुनि
गंगादिक तीरथ पवित्र करैं जीन है ।

कुलहू पवित्र जाकी जननी कृताथ औ'
वसुधरा हू भागवती भई जगजीन है ।
ज्ञान जाको पूरन औ' सुपको समुद्र सोई
ताको चित भयो परब्रह्म माझ लीन है ।।

कवित्त

कुलहू पवित्र जाकी जननी कृतार्थ यह
प्रथी पुन्यवन भई जाके अनुराग ते ।
सुरग में सुस्थित प्रपित भअे जाके धन्य
जा कुल में वैष्णव भयो सुत भाग ते ।

यज्ञ आदि सकल श्रुती के वेत मुनि कवी
कीजिये न समय गुजार यह जाग ते ।
ज्ञान जोम भक्ति जोग में है प्रीति जाकी दृढ
दोष होत बाद मानि कर्म ये न त्याग ते ।।

कवित्त

देपिवे कैं जोगि यह आनम गवन याते
कीजिये वेदांत कौ श्रवण दिनराति है।
भक्ति ज्ञान जोग कों कह्यौ जो नेम विधि जाग–
बलक मईनेई सो वही यह वात है।

पक्ष मे जो प्राप्ति भावादिक करिबोध जे
छुटावन है तिन के न आवे कछु हाथ है।
'सुकवि गुपाल' जे कहत अेमे लोग सदां
जिनकी कहनि जानि नीजे पक्षपात है।

सवैया

सब कौ नहिं वेदरु तंत्रन कौ, अधिकार कह्यौ सो सुकर्हूं जिये है।
निहिते सबके उपकारय कौ नाम, मंत्रहि भाषा में कूजिये है।
मुनि संमत कौ कह्यौं न कवी, यह भाषाते सिद्धि न हूजिये है।
निसंकटक मारग है सो वह्यौ, सु सदां हरि कौ तहां पूजिये है॥

नामभाव

किसके तहि कौ करिके जो कहे, अथवा परिहास कौ जोवत है।
पद पूरन अर्थ के काज कहै कि, कहै कहुँ जागत सोवत है।
अवज्ञा करिकै कबहूं कि कहै, कि कहै रिस में जव भोवतु है।
कहु जैसेहूं तैसें लिये हरि नांम, सु पापन ते सदां पोवतु है॥

कवित्त

चक्रायुध हरि जो है ताके चित नामन को
    सदा सरवत्र कहै दिन औ रयनि को ।
कीर्तन जिनके में होनि न असुचि आप
    होनुह पवित्र कर्णवालो सवयत को ।

हैके अपवित्र, वा पवित्र सर्वथ सदा होतु है
    अवस्थ औ की प्राप्ति मा कथन को ।
बाहर औ भीतर सों हातुह पवित्र साई
    सुमिरन करे हरि कमल-नयन कों ॥

कवित्त

मरती बपत अजामेल अधमी जो नाम
    पुत्र मिस लेकें गयो भगवन धाम है ।
कहनों कहा है ताको श्रद्धा करि कहै यान
    भागवत नाम कह दो निज मुख स्याम है ।

कोऊ यमलेछ काहू सूरर के मारें कही,
    मरती बपन मोहि मार्यो या हराम है ।
बैठि के विमान पर बैकुंठ धामहि को है—
    ब चत्रभुज ह्यो गयो हरि नाम है ॥

कवित्त

दक्षन दिसा में सर्व लोकन के मांझ, यह
 है रही है विदित कथा सो सरबत्र है।
नाम के महातमें भाषादिक करि कुछ, होत
 नहिं घाटो यह सुनतहिं चरित्र है।

कानह र कन्हैया कान्ह कान्हुआ कन्हरहु
 आदि नाम सीधे पोइ देत अपवित्र है।
भाषा मांझ बिगर्‌यौ, हूजौ भी 'श्रीगुपाल' नांम
 सब जग जीवन कौं करत पवित्र हैं ॥

कवित्त

जौपै देववानी कौ बनाइ करि कहै तोपै
 भाषा करि कहनौ परत पुन पुन है।
अरथ करत सब जनन कौं बोध यातें
 दुहरौ परस्रम सुहीन जाके सुनहें।

वेद कौ अरथ जौ पै भाषा करि कहै तातें
 येक बार सुनै होत स्रवन सवन है।
कहत गुपाल यहै समुझत हाल सदा यातें
 यह भाषा मांझ बड़ो होत गुन है ॥

सवैया

भाषा की न हो प्रमानता है, मनवृत्तिहि को जो पै मारक है।
ऐसे होइ तो जोनी औ बोधेके सासन, प्रमानो कहैया विचारक है।
याते वेद ही उत्तम सब्बाहै सास्त्र सुनाही को सर्व सुधारक है।
सो 'गुपाल कवी' करिभाषा कह्यो नगरे जगकोनोई तारक है॥

कवित्त

साक्षात निज रूप यही श्रीगुपालजू में
सास्त्रन के माझ निज सहित समाज है।
सदा प्रीति करि सालिग्राम द्विज साधन को,
वेद विधिवत पूजो त्यागि लोक लाज है।

रामनाम जप करे तुलसी की माला धारि
जपौ दिन रैनि तब पूर होत काज है।
समुद्र संसारहि के पार करिवे की और
आसरो नहि है राम नाम ही जिहाज है॥

शिक्षा

मन जीवन पै सु सदा करती नहीं नै प्रभू को रिझावनो है।
करनै यह देस को पालन ना यह ऊपर को करनावनो है।
यह मे वृथा जन्म बितावत क्यों कबहूँ कछु काम न आवनो है।
गिरती भई भाचिय भीतिहि को, सु प्रथा यह चूंनो लगावनो है।

चतुश्लोकीभागवत

सवैया

चतुश्लोकी श्रीभागौतिमैं सो कही, भगवाननैं ब्रह्मासौं निजबातैं।
मेरो यहै पर्म्म गुह्यजुग्यान, विरागहि के सु समन्वता तें।
रहस्य जो भक्तिह ताके सुसजुत, ताही तैं तू मनदै सुनि यातें।
ताही के अंग जे साधन है, सब मेरो कह्यो मुनि कै गहि यातैं।

सरवांग में व्यापक हौ जित तो, तित सच्चिदानन्द हो निगृह तैं।
स्यांम सुंदर रूप लौ सचिदानन्दहि, हैं गुन रूप सम गृह तैं।
तू यकागृह ते मन दै यह में, सुनि व्हे हैं कल्यान सु निगृह तैं
सदा तैसोई तो कौं य तत्व विज्ञान, सुहोइगौ मेरे अनुगृहतैं।

सुतपत्तिहि के पहले ते सदां, सब आगे ते मो ि की सत्य यहैं ही।
कछु मेरे ते अन्य सथूल औ' सूक्षम, कारणहीन भये सब जेहीं।
जग नासह बाद भये पर में, जग में जोहै सत्य सो औरन केहीं।
सब के सुनि सुद्ध के कारनकौं, अधिष्टान सदां यक सत्यहीमैंही॥

जो नही है तिहुँ कालहु में, जग होत प्रतीती सबी कौं सही।
प्रगटै मेरो सत्य सरूप सदां, नहि दीसत माया सुजांनि यही।
अनहोते द्वै चन्द्रमा आदि अभासतैं, भासत जैसै किसी कौं कही।
मेघ में ढांक्यो भयो जैसैं सूरज, तैसें सुभांन में होत नही॥

महा भूतोर भूत मनौन में मैं, जल औ थल आदि प्रवृप्टि मही।
तिमकों तिनके कछु भिन्न न हों, मेने होन नहोहै प्रविप्ट जहीं।
निसकों कछु मेरे ते भिन्न न होने ते, हौन प्रविप्ट कवो सो नही।
सदा तैंमे तिनों महा भूतान में, मत्ता रूप होते हौ प्रवृप्ट मही।

कवित्त

आत्म तत्त्व ज्ञान को अपेक्षा है तिने करि,
    जन्वै वितरेक मव जगो मान्यौ चहियें।
मर्वदा जु मव ठौर सच्चित सरूप घट–
    पटादिन व्यापक मु जैसो ठान्यो चहियें।

सोई 'श्रीगुपाल' में ई सर्व अवस्था माझ
    जाग्रत औ सुपन सुसुप्त आन्यो चहियें।
मानयो रूप हो करि के व्यापक है जाको सदा
    अन्वै वितरेक करि मान्यो ताहि चहियें॥

कवित्त

नाम रूप घटपटादिकन में सव ठौर सव
    भण मान ब्रह्म को सरूप लपि लैहै तू।
मोई श्री 'गुपाल' मवही में सदा व्यापक
    अवस्था अेक अेक में न व्यापी सदा पैहै तू।

आत्मा ही ब्रह्म अेक अेक मे नहीं सो झूंठ,
अैसे मेरे मनै जब मन में मूं दैहै तू।
सब परकार करि जगत् की अुत्पत्ति के
विविधि प्रकारन मे मोहित न ह्वैहै तू॥

सवैया

श्री भगौति सर्व बिदान को सार सुतात्ह को सार प्रकासक है।
'श्री गुपाल' सोई परकास कर्यो कलि रूप तिमाम निभासक है।
ज्ञान रूप जो चद अुदै किय नाश्नो, अमृत रूप प्रकासक है।
जग पाप के रूप जे तापनिते ओ अग्यान अंधेरे को नासक है॥

सांतरस

कवित्त

भूलिये न हरि नर देही को सरूप पाय,
यह नर देही भव सागर को सेतु है।
करि लै सुकृति कृति यामें जो बनति तोपै,
मोपै सुनि करि तू गुपालजू सों हेतु है।
साँच सुप भापि तजि साँप सीलताइ रापि
हरि जस चापि सापि वेद कहि देतु है।
भले की भलाई अरु बरे की बुराई जग
जैसे को सु तैसोई विधाता फल देतु है॥

कवित्त

देह धरे 'सुकवि गुपालजू' बड़ाई यही
आप भलो कीजे सो विचारे बुरो जाहू को।
सबही के दण्ड देन-हारे समरथ हरि
जानत भरम वेई चोर और साहू को।

कुवचन सुनिकै उदास चित्त होइ न
नौ तकै रहि आसरो सु और-निरवाहू को।
जोई ऊँचो चढ़िहै, सो आवह गिरैगो याते
आपने तो जान बुरो करिये न काहू को॥

सवैया

कित्ति वही जो कहे सगरो जग, चित्त वही गिरि को जो घटावै।
दित्त वही सुपने न कहे, अरु भृत्य वही नहिं नेक हटावै।
चित्त वही जो लगे 'श्रीगुपाल' सों, वित्त वही नहि धर्म हटावै।
हित्त वही हिमते न टरे, अरु मित्त वही जो विपत्ति बटावै॥

कवित्त

आपनों कहावै सांचों हित ह्वै जनावे कहा
मीठो बोल बोलि सूनो वचन सुनाइये।
मित्र मन मोती को न पानिप उतारि डारे,
कुपथ निवारि नित सुपथ चलाइये।

भनत 'गुपाल' निज हित सदौ अेक यान
प्रीति-रीति यही नित सुष सरसाइये ।
औगुन दुराइयें, औ गुन प्रगटाइ,सु
जाको अपनाइयें न ताकों छिटकाइये ।।

दोहा

तननी करि कछु कीजिये, कुल कुटम के काज ।
कीरति कलि में कवि कहें कवहु न होइ अकाज ।।

कवि गुपाल या लोक में हाय रहे नव निद्धि ।
सुष पावें परलोक में होइ जगत परसिद्धि ।।

यह सुनि कवि तिय के वचन मगन भओ मन मांहि ।
तो सी या संसार में दूजी तिय कोऊ नांहि ।

माता पिता भ्राता सुहृद, यद्यपि बहु परिवार ।
तिय समान दाता नहीं, कोऊ या सन्सार[1] ।।

इस्त्रीसुष

कवित्त

घर कों रषावें, सुष संपति बढ़ावें काम-
तपनि बुझावें चित चिंता कों नसावें जे ।
भोजन जिमावें नित सुषमें गमावें दिन,
हित उपजावें हिय कुसल मनावें जो ।

---

१. मु. तियसम दुखदाता नहीं, कोऊ या संसार ।

उद्यम लगावै, जग जस करवावै
सब दूषन नसावै, भली टहल बनावै जो ।
'सुकवि गुपाल' घर ऐसी नारि आवै जो पै
जीवत ही जग में मुकति नर पावै जो ॥

पतीवरता

पतिवरता पन साधि कै पतिनिहु पीयहु सेय ।
सूरज मडल बधिहै, सती होइ जस लेय ॥

कवित्त

पति देव जाने पति बन्धुन की सेवा ठाने
रहै अनकूल पतिवरन हियान के ।
रति सों अराधिकै टहल निज हाथ करै
छोटे बडे पूरै मनोरथ हियान के ।
सुचि सावधान ह्वैकै इन्द्रिन को जीतै लोभ
आलस न करै कर्त्ती परिकै सयान के ।
'सुकवि गुपाल' जान दूसरो पिया न, कहै
लच्छन समान न पतीव्रत तियान के ॥

कवित्त

उत्तिम तिया कै तिन हिये मन बस्यो करै
सपने हू आन पुरुष न जग जानही ।
मध्यम जु नारी पर पुरुषनि कों देख ऐसे
निज सुत पति भ्रात बंधु के समान ही ।

---

१ सु ... नर सात गुपालकवि पतिव्रता तिन होद ।
सातु सर ... पतिहि ... [illegible] ।

अधम जु धर्म कुल समझि के रहै औ
कनिष्ट अवसर तिन रहै भ्रम न हीं।
वेद औ पुरानन सुजान ते सुनी चारि
भांति वो गुपाल पतिव्रता बखानहीं ॥

दोहा

परमारथ समझे नहीं स्वारथ में लौलीन।
ऐसी या संसार में रहति नारि मति-हीन ॥

कवित्त

व्रथा ठान ठाने, दया धरम न जाने, सुर
दीन को न माने, साधु संग न पिछाने हैं।
भरी अभिमाने, समझै न लाभ हाने, पाप
पुन्य को न छाने, हिय अधिक अजाने हैं।
गहकि के 'सुकवि गुपाल' गुन गावै नाहि
टोले निज धन की उमंग ताने ताने हैं ॥
हरि को न माने, मोह माया ही में साने, तिय
स्वारथ ही जानें परमारथ न जानें हैं ॥

दोहा

या कलजुग में बहुत है घर-घर ऐसी नारि।
तिन को कछु बरनन करौं, सुनि प्यारी सुकमारि ॥

इतिश्री संगतिसागर सिंगार नाम ग्रन्थे परमार प्रसंग वर्णन पंचविंशति तिरंग

षटविंशोविलास

शान्तरस प्रबंध

पुरुष उवाच

अब कलि माहि गुपाल, बहु ऐसी जग माहिं।
परि तोसी तरनी कोऊ बिरली देखि जाहि॥

सुनि कें तेरी बात कौं, अुपज्यौ हिय में ज्ञान।
भजन भावना भगति बिन वृथा गये दिन जानि॥

कवित्त

योंही जन्म खोयो, मायावाद में बिगोयो कब
ही न सुख सोयो, भयो रिसैं ही के बाट कौ।
दया-धर्म कीनो नाहिं, हरि रंग भीन्यो नाहिं,
साधन कौं चीन्यो नाहिं, करि पुन्य-पाटकौ।
लोक में न जस, परलोक में न बस गुरुत
न अुरधार्यो, न पवैया भयो बाट कौ।
कहत 'गुपाल' नर देही कौ जनम पाइ
धोबी कौ सो कुत्ता भयो घर कौ न घाट कौ॥

कवित्त

माल कौ भयो रे, मनुमान कौ भयो रे, कैई
ख्याल कौ भयो रे कै कुटंब प्रतिपाल कौ।
ठाकरौ भयोरे, मायाजाल कौ भयो रे, याही
हाल कौ भयोरे, कै भयो रे भागि भाल कौ।

---

१ है. हर न है प्रति में इससे पहले यह कवित है :
"कहत गुपाल गना मनो रहुआई परि
भनि न मोहें नाम ऐसो सो सुनाई"

कालको भयो रे, त्रिनचान को भयो रे,
परिपाल को भयो रे, कै भयो रे तानताल को।
दान को भयोरे, धनमालको भयोरे, नर
चाल को भयो रे, न भयो रे तू 'गुपाल' को ॥

कवित्त

भानिजी, भनज, भैया, भाभी, नना, ननी, माई,
मया, मौसी, मौसा न भरो[१] मौ पितु माई को[२]।
सारी-परिहज, सारो[३]-सारान ससुर-सासु
फूफी अरु फूफा न बहनि बहनाऊ को।

दासी-दास-परोसी परोसिनि, मिलापी, मित्र,
दादी दद्दा, चाची, चचा, नाई, को न दाऊ[४] को।
कहत 'गुपाल' बेटा, बेटी, काकी-कका, यह[५]
कुटम सबै तो झूटो कोऊ नहिं काहू को[६] ॥

कवित्त

विषै बीज बोवै, मन भक्ति मे न भोवै, मंद
त्याग तन खोवै, तन ऊपर ते धोवै तू।
कहत 'गुपाल' तू गुपाल छवि जोवै नांहि,
त्यागि कै जँजाल जान सुर्यै क्यो न सोवै तू।

---

१. ह. भरोसो २. ह. माऊ ३. ह. माहू
४. ह. ताऊ ५. इह ६. काऊ

माया काज रोवै नहि रोवै यदु तेरो, मन
    मानि करि मद हरि गुन में न पोवै तू।
विषै टकटोवै भव भर लोभ डोवै नित
    नोवै-नोवै करि वाह नर जौनि पावै तू।

कवित्त

कान्ह को कान न करी कान को न कर्यो
    कौरी-कामिनि न काम काजै करी कनिकोरी ते।
भजन गुपाल भव भीर को न भान्यो भाव
    भक्ति न जान्यो भूम्यो भवि भाग भोरी ते।
नर भर्यो तरन नरन तेह तामस में,
    तन में तरंग लोभ तिनुका लो तोरी ते।
मोह मय मदन मरोरनते मार्यो मात,
    माया मद माते मन मानी नाहि मोरी तें।

कवित्त

छिन छिन छायो छवि छल छर छदन म
    छलिवे को छेडी छिन छार लो न छोरी तें।
निरखे न नैनिन निकुंज नंद नदन '
    नर-देहि पाय नीकी नीति न निहोरी तें।
विरह जरायो, जग जालरे जंजाल, जग
    जीवन मो लागि प्रीति जीवन मो जोरी तें।
मोह मय मदन मरोरन त मार्यो मात
    माया मद-मात मन मानी नाहि मारी तें॥

कवित्त

घरि-घरि धन धन-धामन में धायौ धूत,
घ्यायौ नहि घरि के धरम धुर धोरी तें।
वृन्दावन वीथिन विलोकी न वहार वर
वादिन मों वादि-वादि वृथा वैस बोरी तें।
गरव गरूर में 'गुपाल' गुन गायौ नाँहि
गयान गुर गह्यो न गरायौ गात गोरी तें।
मोह मय मदन मरारन ते मार्यौ मांन
माया मद माते मनमानाँ नाहि मारी तें॥

कवित्त

बाजे बजै बाजे बाजे बूझि है न बात, भमि
मिष्टाचार कैहै इह देह तन नाजे पै।
सुकवि 'गुपाल' साथ कोयो ही चलैगो, तू तो
जायगो अकेलो जमराज दरवाजे पै।
आइहै हकारो, जब छोड़ि है पसारौं, नेंक
वारौ न लगैगो, कहूँ बचि है न भाजे पै।
रे नर निलाजे, कोऊ आय है न काजे, काहे
राजी-राजी फिरे म्यारे कूकर के खाजे पै॥

कवित्त

पाछै पछितैहे, जमदूत घेरि लैहैं, सब हाल
छोड़ि दैहैं, मग देपि के विहाल की।
काम भजे पाछ, कोऊ काम नहि ह्हैं है, यह
झूठो मोह-जाल, तिय सुत धन माल की॥

आये पाछे काल पुनि ह्वै है न सम्हाल नेक,
छिनको भरोसो नाँहि, पानी भरी खाल कौ।
रे नर गमार, मनि करे नु अवार, मत
छोडि कै जंजाल, भजि मदन गुपाल कौं॥

करुणाष्टक

सवैया

दुख औ सुख को भुगतै यह ही सा बछू न रन मन्सूवा करै।
जब काल परै, कोऊ काम न आवै, परे बिन कामतो हूहा करै।
'कविराय गुपाल' विचारि कैं याते, भजौ हरिको भला हुआ करै।
अपनी-अपनी गरजी जग है, यह कौन किसी कौ धुआ करै॥

जो जलमे गज को गह्यो ग्राह, भयो बिनपोरिष व्याकुल भारी।
ज्यों भरि सूंड दिपाति रही, तब दीन ह्वैकें सुमिरे श्रीमुरारी।
सो सुनिकें करुनाविधि आय, उबारि लियो बिपदा निरवारी।
आरनि ह्वै कै प्रवीन कहै, प्रभु अैसे ही कीजै सहाइ हमारी॥

द्रौपदी अंग उधारन को, दुरजोधन दुष्ट अनीति विचारी
मध्य सभा पट खैंचि दुसासन दीन व्है गावहि कृष्ण पुकारी।
चोर बढ्यो जन कृष्ण ज्यों खैंचत पायो न अन्त परयो तनहारी।
आरनि व्है कै प्रवीन कहै प्रभु अैसे ही कीजै सहाइ हमारी॥

यो प्रहलाद पिता अति कष्ट दयो हरि को नवि के दिखरारी।
ज असि मारन काढि उठ नृसिंघ की देह नवै प्रभुधारी।
खंभ कौं फारि उठे ललकारि कैं भक्त उबारि दयो बर भारी।
आरनि व्है कै प्रवीन कहै, प्रभु अैसे ही कीजै सहाइ हमारी॥

सवैया

ज्यों तिय भांमा सुदमा तिने, दई दारिद ने विपदा व तिभारी ।
जे पठअे हठि के हरि पें, अुठि आदर सों मिले कृष्ण मुरारी ।
जो विसुधा बकसी दुज दीनहिं, इंद्र कुबेरहु कों न निहारी ।
आरति ह्वै के प्रवीन कहें, प्रभु अैसे ही कीजे सहाइ हमारी[1] ॥

ज्यों अजामेर महा अधमी, अजसी कुकृती निज धर्म प्रहारी ।
अंतस में सुत नाम नरायन, टेरत ही जम फांस अुतारी ।
नाम प्रताप ते पाप गअे सब मुक्त भयो हरि रूप मँझारी ।
आरति ह्वै के प्रवीन कहे प्रभु अैसेही कीजे सहाइ हमारी[2] ॥

भीलिनी गीध गजूतम नारि भरी अघ की गनिका तुम तारी ।
देवा पुजारी धनी बमध्वजुज सुवन की पैज कही बच पारी ।
रुदा, कुम्हार, जुलाहा कबीर, धना पुनि जाट की ब्राट निवारी ।
आरति ह्वै के प्रवीन कहे प्रभु अैसे ही कीजे सहाइ हमारी[6] ॥

छीपिया नामा, चिमार रिदास, करी सदन सों बड़ी हितयारी ।
ज्यों नरसी, महता, चंद्रहास सदा सब द मन की रुचि सारी ।
जै मुनि सेनां, तिलोक सुनार, को रूप धरयो विपदा निरवारी ।
आरति ह्वै के प्रवीन कहे प्रभु अैसे ही कीजे सहाइ हमारी[3] ॥

मै अति दीन मलीन अपी अति, कर्म को हीन कपी विभचारी ।
दान दियो नहि कीयो कछु व्रत, याते हिये यह बात विचारी ।
रावरी मैंने लई सरने, क्यों सदां तुम दासन को रुचिकारी ।
आरति ह्वै के प्रवीन कहे प्रभु अैसे ही कीजे सहाइ हमारी[1] ॥

गाय गुपाल अधीन ह्वै कै, हरि दम्पति मानति कीनो अवाम है।
आठ गर्त्त यन मे परनाम, याते धर्यो नगन-पटन नाम है।
मीर्षे सुनै रु पढ़ै नित नेम कें, ताकें कट्ट गुप मानि धाम है।
पापमिटै अरुजै अरु भक्ति, औ होत सहाय निरन्तर राम है ५॥

कवित्त

घर घर कारी दुरगागन को गहन चीर
द्रुपद दुलारी भारी देह दुख दयो है।
राधा भीमसेन मे न छोड़यो पुरुषारथ औ
पारथ ने चलीह री बुधि बस भयो है।
लाज की रवैया और दीनन गुप न मौ न
हिय की लगनि अब मोसों अट गयो है।
दीजे न अवार प्रभु केवट है पार करो
आज हरि लाज की जिहाज डगमग्यो है॥

इति श्री दर्शन विलास नाम काव्य समाप्ति मङ्गल मय
प्रथम पदाविला विलास

सप्तविंशो विलास

पुरुष उवाच

घर मे जे निज कुटुम सौं, कलह करति (नारि ।
तिन को कछु बरनन करूँ सुनिप्यारी सुकमारि ॥

फूहर कलहा पचीसा स्त्री उवाच

ननदकूं लत्यावै लात सासु कूं चलावै, जाइ
द्योरानी जिठानिन के फारे लहँगाई को ।
देवर कों जाय जाय पटकन मारे, मोंछु
जेठकी उपारै, नेक डरपै न काई को ।
घर के पसम कों, पपेमनीन मारे, जामौं[1]
डरपि के भाजि जाय ससुर अथाई को ।
कहत 'गुपाल' याते भलो रँडुआई परि
भूलिके न लीजै नाम ऐसी तो लुगाई को ॥

कवित्त

उठै[1] ललकारी भीष डारै न भिषारिन के
दया नहिं जाके जैसो हिरदो कसाई को ।
सूजी रहै वंब सी, कुटंब सौं कलह करि
आवे औ' गवे ते, रुपी रहति नराई कों ।

---

१. मासको २. है जाने ३ है. डठै

जिदिबे कौं त्यार, राखै काहू सौं न प्यार,
कबौ आदर न करै भूलि भाई औ' जमाई कौ।
कहत 'गुपाल' याते भलौ रँडुआई, परि,
भूलिकै न लीजै नाम अैसी तो लुगाई कौ ॥२॥

पानि औ चबानि, परभात होते अुठै सूधी
बात बतरात ही मैं ठानति लराई कौ।
बेटा-बेटी कुटम कसम की न लेइ सुधि
आप पाय जाय करि मेवा अढाई कौ।
डरनि न जरनि-बरनि रहै सदा, अैव
कौडी हू कौ करनि पत्यारौ नहिं काई कौ।
कहत 'गुपाल' याते भलौ रँडुआई परि
भूलिकै न लीजै नाम अैसी तो लुगाई कौ ॥३॥

करै तू-तराक औ' मराक जुवाब देति, साम्हौ,
है करि लराक रुपी रहनि लराई कौ ॥
दौरानी-जिठानी सासु-ननँद तें रपै, जेठ-
देवर-ससुर डर मानति न काई कौ।
स्वामन्द कौ जुवाब, कबौ काढन न देइ, मुँह
साम्हौ आइ लेइ लूंड मारै हड़ियाई कौ।
कहत 'गुपाल' याते भलौ रँडुआई परि
भूलिकै न लीजै नाम अैसी तो लुगाई कौ ॥४॥

---

१ [illegible] इसकी जगह पर यह पंक्ति है
दौरानी जिठानी सासुननदनि सौं [illegible]
देवर ससुर डर मानत न काई क

पाइवे को स्वाद न, पहरिवे को स्वाद, जाड
वाद–बकवाद कि फिसाद भड़िआई को।
नवहीक[1]कोई कछू मिय को यहत, जाके
चढ़ि बैठे ऊपर अुतारे पगियाई को।
पोसन करन, काम करत, अरत, मामु
ननंदते नरन झूरत जात जाई को।
कहत 'गुपाल' याते भलो रँडुआई, परि
भूलिक न लीजे नाम अैसी तो लुगाई को ॥५॥

सोवति रहति सदा रोवति कहति बात
धोवत न देख्यो मुख भोजन को नाई को।
हारनि[3]न तन, कडहारति[4]रहति सो
पुकारत मैं बोल दस कोस सुने जाई को।
बड़ी अर ठाने करतूति को न माने, पान
पीवत हू छीकत ही जात दिन प्राणी को।
कहत 'गुपाल' यात भलो रँडुआई, परि
भूलिकें न लीजे नाम अेसी तो लुगाई को ॥६॥

सब तें चुराइ कें मँगायो करै चीज मित,
पायो करै आप मूँडी र रै लरिकाई को।
दांतन निपोरै, गोड होड़न[5]सु बोरै, सेर
तीनिहूँ ते, पेट न भरत है अधाई को।
आहि करि काम कू कराहिकें उठति नित
दाहयो बोल केई बेर–बेर करै जाई को।
कहत 'गुपाल' याते भलो रँडुआई परि
भूलिकें न लीजे नाम अैसी तो लुगाई को ॥७॥

---

१. है. कवहुँक २. है. जुरत लरत ३. है. हारत
४. है. कडहारत
५. है. औ मारत

बैठी रहै राति दिन हाथ ही पै हाथ धरे
घर–घर झांकै नहि लालो न कमाई कौ।
न्हाइब को पानी ताहि मदुही मो राधै रै
अधैन सी औंटाय के समोवनि न ताई कौं।
जोरें रहैं नन, नाक भौंहन मरोरें रहै
मारे रहै मुख सिख मोपै न मिपाई कौं।
कहत 'गुपाल' याते भलो रँडुआई, परि
भूलि कै न लीजे नाम ऐसी तो लुगाई को ॥८॥

मांगन म पानी आनाकानी करि जाति, अरु
भोजन के समै नित टानति लराई कौं।
बहुत कुठेहर से थोपि धरै रोट कच्चे
थोरीई करति सो भरे न पेट भाई को।
धमधम पीटै, सबही सों जाय हीटै, बैन
कहति न मीठे सिर बांधि बुरवाई को।
कहत 'गुपाल' याते भलो रँडुआई परि
भूलिकै न लीजे नाम ऐसी तो लुगाई को ॥९॥

भानिजि औ भानिज भतीजिन न देखे नद
बेटी औ' जमाई देखि सकत न भाई को।
ब्याह–भात–छोछिक–बधाई पत्र देखि जिय
आओ औ' गओ को टूक–टूक होत जाई को।
पाइ न पचाइ सके याते विधना नें इक
छोडि कै भलाई दीन सब गुन ताई कौं।
कहत 'गुपाल' याते भलो रँडुआई परि
भूलि कै न लीजे नाम ऐसी तो लुगाई कौं ॥१०॥

---

१ है बदहार २ है औ मारन ३ है भोजन
४ है साथ ५ है करैं कै

अुटत ही प्रात बात दूत की मिरावे अुत,
घर घर जाय करवति नराई कौं।
नाज नहीं आवे गारो देइ'औ दिवावे, सदा
जाय कुसवारी करें भाई औं जनाई कौ।

हारति न नेंक ललकारत औं मारन
पुकारत में दीयो करें देस में दुहाई कौ।
कहत 'गुपाल' याते भली रँडुआई, परि
भूलिके न लीजे नाम ऐसी तौ लुगाई कौं ॥११॥

चल्यौई करनि है कतरनी सी जीभ, तो भी
रातिदिन कहू मुप दूपत न काई कौ[1]।
नापि हो के जाइ अरु नापि ही कें आयो करें
परी रहै चीज पं अुटावनि न वाई कौ[2]।

रूठे कौं मनावनि न, फाटे कौं न सीमें कबौ
जाघ तोली फौंक चनि जासु क्यो न काई कौ।
कहत 'गुपाल' याते भलौ रँडुआई, परि
भूलिकें न लीजे नाम अैसी तौ लुगाई कौं ॥१२॥

पीसिबौ न कूटिबौ न, रुठिबौ रहत सदा
होठिबो करतु है, कुटब सदा जाई कौ
तीसरे हू पहर जगाअे ते न जागै, जाकौं
दिनहू में सोइबौ है पहर [illegible]ाई कौ।

आपनौ सदाई पायो न्हायो देपि सकै
और घरके कौं करनि सम्क नहि काई कौं।
कहत गुपाल याते भलौ रँडुआई, परि
भूलिकें न लीजै नाम अैसो तौ लुगाई कौ ॥१३॥

---

१. है पाड २. है पावावें ३. है, जाई ४. है काई

मातन न्यावै, गूथ-हयन चलावै, तन
    काहू सो छुहाइ करि लेति है लराई को।
तहूँ न लखूरे, भारी रिस करि रूरै, दाँत
    काटि करि घूरै, डाटै मानति न काई कौ।
करि गपिहाई देति देस में दुहाई, नेक
    डारनि न आलन सो कोमन में काई को।
कहत 'गुपाल' याते भलो रँडुआई, परि
    भूलिकै न लीजै नाम ऐसो तो लुगाई को॥ १८॥

जैमत के समै नहि ते मन बलाय जनै
    मैमन मिलाइ स्वाद पोवति मिठाई को।
टढ़ी-मेढी छोटी-मोटी-रोटी करि डारै कि तो
    रापी कचकची कि जेराइ देत जाई को।
गाढो करि भात को निकासति न माँड, राड
    पीरि-पाइ डारै न अुतरत[1] मलाई को।
कहत 'गुपाल' याते भलो रँडुआई परि
    भूलिकै न लीजै नाम ऐसो तो लुगाई को ॥१७॥

न्हाइ नहो धोवै, कबी अूजरी न राखै घर
    कूरो करकट न बुहारै अँगनाई को।
करै करति वार पुले यारनु न निवेग्यिति
    न हेरनि न हँसि मुख फेरि कहि[3] काई को।
मारति-रहति बेटाबेटो पुचकारति न
    कबी[4] न्लकारति न स्वान ओ' जिलाई को।
कहत गुपाल' याते भलो रँडुआई, परि
    भूलिकै न लीजै नाम ऐसो सो लुगाई को ॥१६॥

---

१ है उतरति २ है कहो ३ है नाम ४ है नही

१ है धबु २ है कै

३ है म गाली मुख दीन्यो करै जाई को। ४ है पंतार

रंद भरि पांनी जामें डारति मटीक दारि
मरदु वद् जो दृढि लावे दीज जई कौ।
छौंकि तरकारी, जारि कारी करि देइ सो'
अुमजन न देइ लै अुवारि धरै वाई कौं।
पांनी अरु नाज आप आपकू रहत जाके,
दरिया औ' साग में सवाद गुठिनाई कौ।
कहत 'गुपाल' याते भलौ रँडुआई, परि
भूलिकै न लीजे नांम अैसी तो लुगाई कौ ॥१७॥

सोवत के समै में सरीर की न रहै सुधि
बेसुध है तरौ सिरौ दीस्यौ करै ताई कौ[१]।
अगिवारे सोवै तौ लुढ़कि पिछवारैं जाइ,
ठोरत है अैसें सुनें कोसत में वाई कौं[२]।
चढ़ि चढ़ि बैठे चिललाय बररायं[१] जब
औदकि परत सब गार मुनि वाई कौं[२]।
कहत 'गुपाल' याते भलौ रँडुआई, परि
भूलिकैं न लीजे नाम अैसी तौ लुगाई कौ ॥१८॥

पवत में पाति, अरु पीसति चवाति, झारें
जाति वतराति, रहै दुप कुनवाई कौ।
अुठत ही प्रात जुआं मारति रहति सो,
पुवावति न कहू लहँगा और डाढियाई कौ।
सवरे सरीर पै वहयौ हौ करै औघ तअू,
परभी परै हू न अन्हैवौ होत जाई कौ।
कहत 'गुपाल' याते भलौ रँडुआई, परि
भूलिकैं न लीजे नाम अैसी तौ लुगाई कौ ॥१९॥

---

१. है बरराय २. है. पाई कौ

बद से है जघ बडी वत्र मे निनत, कुच–
एक एक जाको यह सेरक अढाई को।
कहुनी लौं हाथ पाअु टाग लौं अुघारे रहै
ढकत न अुर सिर पुल्यो रहै जाई को।
होठन चबाइ कै, चुरैल के से डारै पांय,
चलत हलन पेट भैसि की सी धाई को'।
कहत गुपाल याते भली रैंडुआई, परि
मूलिके न लीजै नाम ऐसी तौ लुगाई कौं ॥२०॥

छरत में नाज, झारि सेरक बहारे डारि,
पीसत में आधो करे गाड गलुआई को।
छानत में चून कछू भुमी में मिलावै इतअुत
में अुडावै, जब माडति है ताई कौं।
पानी में बहावै औ कठौती में लगावै, कछु
सिर में छिपावै, काम सेरक अढाई को।
कहत 'गुपाल' याते भली रैंडुआई, परि
भूलिकै न लीजै नाम ऐसी तो लुगाई कौं२१॥

बच्चा गोद लैकें अरु जच्चा बनि बैठे जब,
होत हाल ऐसो[1] घर नाहरि ज्यों ब्याई को।
साजी पाय जाय पैनी चारिक गसाई करि
पीवति हरि गाडी, भरिकैं कराही को।
मूड से धनाय लाडू, पाय दस बीस तअू
चाहनि है ऐसे पाय जैहे मनु माई'को।
कहत 'गुपाल' याते भली[2] रँडुआई परि
भूलिकै न लीजै नाम ऐसी तो लुगाई को ॥२२॥

---

१ है जाई
२ ? ऐसे

तेमन परोसि आपजें मन कौं देंठें जब
नहम न लागें पात सेइक लड़ाई कौं
धापे पेटहू पे सो सडाके मारि जाय, औ
सपोटि जाय हड करि चारिक गसाई कौं।
लेकरि डकार को डहारति है ठाड़ी द्वार
फूलि करि पेट सों नगारो होन याई कौ।
कहत 'गुपाल' याते भलो रडुआई परि
भूलि कें न लीजै नाम अैसी तौ लुगाई को ॥२३॥

होंठन भलौं पीकहि वहावति है वीरी पाय,
गालन के नीचे लौं वहावं कजराई कौं।
महक सरीर की सिगारति सिंगार ज
तेल कौं वहाइ करि पारें पटियाई कौ।
पहरि न जाने, नेक भूषन वसन, रहै
अधपुनी आंगी न सँभारें अचराई[1] कौ।
कहत गुपाल याते भलौ रडुआई परि
भूलिकें न लीजै नाम अैसी तौ लुगाई कौं ॥२४॥

होठ अंटिनी कैसें क, रिछिनी केसे हैं वार
लंगूरिन की सी भौहें, धूति सूपजाई कौ।
मुसक सी पेट, जाके पाय हाथ धूहरि से,
चोथरासी चुचौ टुंड चपटा सो याई कौ।
अंचा-तानी आंखि, मुप ठीकरा सौ फूट्यो मेडकी
सी है नांक माकसी सी भग जाई कौं।
कहत 'गुपाल' याते भलौ रँडुआई परि
भूलिकें न लीजै नाम अँसी तौ लुगाई कौ ॥२५॥

इतिश्री दंपतिवाक्य विलास नाम काव्ये फूहर प्रबंध वर्णन नामविंशो विलास

1- कजराई

अष्टविंशो विलास

अथ शिक्षा प्रबंध

दोहा

गुनदायक घायक विघन, गण नायक गुरवेस ।
सिवसुत गमिजुत बुद्धि भुज जै जै देव गणेस ॥

कवित्त

ईसुर की भक्ति में सदैव मन राखे भेद
काहू को न दीजे निज मनहि को जाइ के ।
बालक तिया की कही को न परतीति कीजे,
यन सो न कहै भेद मनहि की चाइ के ।
बिना अपदेस भनो चरचा के बिन सुप-
—ते न कयो कहिये बचन, कहूं धाइ के ।
बडोई चतुर होइ चले यनि चाल जोई
अते बैन मानें जो 'गुपाल कविराय' के ॥१॥

तियन सौं हित बहु राखिये न कहूँ, कीजे
राजा के न तिन की प्रतीति हित पाइकें ।
टहल जो' चाकरी में बैठि इन गग रहे,
पहले दिना को मरज ही सौ जाइकें ।
बिपति परे पै, और क्रोध के वखत, नफा
टोटे में परखिये सुमित्रन की भाय कें ।
बडोई चतुर होइ चलें यनि चाल जोई
अते बैन माने जो 'गुपाल कविराय' के ॥२॥

मूरिप के संग कबी बैठिये न जाय,
कवि-पंडित-चतुर सतसंग करौ चाय कैं ।
भले काम करत में ढील नहिं कीजै. बड़ौ
पदारथ पाइयै, तरुन तन पाइकैं ।
यामें दोऊ लोकन के काम कौं सँभारैं रापैं
मित्रन कौ हित ते सुमन वचकाइ कैं ।
बड़ोई चतुर होइ चलै यनि चाल जोई
अैन बैन मानै जौ 'गुपाल कविराय' के ॥३॥

माता औ पिता कौं बड़े आदर तें रापैं, पुनि
तथा योगि सेवा करैं, मन बच-काइ कैं ।
मानिये अधिक गुरुदेव कौं पिता ते सब,
काम में समान रापैं, अनुगामी सुभाइ कैं ।
निज तन काज, कछु दांन देत रहौ, तरुनाई
तन पाइ कछु भलौ करौ जाइ कैं।
बड़ोई चतुर होइ चलै यनि चाल जोई,
अैसे बैन मानैं जौ 'गुपाल' कविराय के ॥४॥

नीति ही में चलैं, पन करि नहिं हलैं, काहू
देपिकैं न जलैं, निरछलहि सुभाइ कैं ।
आमदि कौं देपि करि, बरतैं परच पर्च,
करनौ अधिक मूर्षताई है अघाइ कैं ।
आमदि परच समैं रापियैं मधिम रीति,
चातुराई यह कछु रापनौं बचाइ कैं ।
बड़ोई चतुर होइ चलै यनि चाल जोई,
अैसे बैन मानैं जौ गुपाल' कविराय के ॥५॥

यथा योगि पाहुने की टहल बनाइ करै,
कहै नहि निज दुख तिहु कौं सुनाइ कै।
देखत मैं वाके आगे काहू पर क्रोध मन-
मूम बतरामनि ना करै कहुँ जाइ कै।
नेत्र रसना कौं पर-घर रोकि राखै, तन
बसनन राखै नित अुज्जल बनाइ कै।
बडोई चतुर होइ चलै यनि चाल जोई
अंत बैन मानैं जो 'गुपाल' कविराय कै ॥६॥

सचन सौं रिति रहियै सभा न बहु राजनीति
विद्या सास्त्र, नीति सब सुत कौं पढाइ कै।
यथा योग बरनियै जैसौ जहाँ देखै सब
काम मैं समान राखै अुद्यमी सुभाइ कै।
तिन्हूँ मैं चार्‍यौ ओर देखि बात करै तम
राखै अभ्यास नीद भूख बैन चाइ कै।
बडोई चतुर होइ चलै यनि चाल जोई
अंते बैन मानै जो गुपाल कविराय कै ॥७॥

बिना ही विचारै कछू करियै न काम, वस्तु
काहू की मैं मन न लईयै कहूँ जाइ कै।
दुष्टन तें राखै न भलाई की भरोसो, बिन
काम कै परेहू बानि जानियै सुभाय कै।
कारज जो कोई आज होइ सबै जारौ, ताकौ
कलि कौ भरोसो नहि कीजै अलसाइ कै।
बडोई चतुर होइ चलै यनि चाल जोई
अंतै बैन मानै जो गुपाल' कविराय कै ॥८॥

सतपुरसन सौं न कहियै कठोर वैन
माथे न चडैये छोटे मांनुस कों लाइ के ।
काहू कों न कीजें मुपत्यार घर आपने, न
कीजें मुपत्यारी पर घर कहूँ जाइ के ।
झगरे पुराणे कौ अचार नहि कीजें, पर
वस्तु में न वस्तु निज धरिये मिलाय के ।
बड़ोई चतुर होइ चलें यनि चाल जोई
अेते वेन माने जो 'गुपाल' कविराय के ॥९॥

निज धन वस्तु कौ जु भेद काहू कों न दीजे,
भाई–चारे सों बिगारियें न रिसियाय के ।
धीरज ते करें काम, काहू को न पोटी कहै,
काहू के बिगार को न माम हूजे जाय के ।
झगरौ विगार काहू ते न कत्री कीजे औ' रु
परको परपिवें न वल जोम पाइ के ।
बड़ोई चतुर होइ चलें यनि चाल जोई
अेते वेन माने जो 'गुपाल' कविराय के ॥१०॥

काहू सों न निज पांन–पांन साझें रापें, पुनि
सूर्य ते पहल नींद तजियें मुभाइ के ।
क्रोध के वषत मुष मौन ह्वैके रहै, ताके
परवस ह्वै अनीति होइ न दुपाइ के ।
घोंटुन में सीस कवि रापि के न बेंठे, बेंठे
दरजा सथान पहचांनि सभा पाइ के ।
बड़ोई चतुर होइ चलें यनि चाल जोई
अेते वेन माने जो 'गुपाल कविराय के ॥११॥

पान धरियै न वक्यो काहू को मुजन में,
रानि कौं नगन अुठियै न कहू जाइ के ।
वड पुरमनते न चलो वटि आगे, वात
काहू की मैं आप अुठि बोलियै न धाइ के ।
नगन पीठि पसू पै सवार नहि हूजे, पीछे
कीजियै बडाई मुख प न कीजै आइ के ।
बडोई चतुर होइ चलै यनि चाल जोई,
ऐते बैन मानै जो 'गुपाल' कविराय क ॥१२॥

मत्त अरु वावरे ते बात नहीं करे, लोभ
काजे दुरमति नहि पोवे कहुँ जाइ कै ।
आपनों किहू को केवे वैरी न बनायें रहै
झगरा लराई ते अलग मुख नाइ के ।
अँगूठी, रुपैया, छला विना कहुँ रहियै न
कहियै जो बैन मुख कहियै मुभाइ क ।
बडोई चतुर होइ चलै यनि चाल जोई
ऐतें बैन माने जो गुपाल कविराय के ॥१३॥

मिथ्या बोलियै न औ' महज सौह पाइयै न
भूलियै न अुपकार काहू को कराइ क ।
निकमा न रहि सबै आदरतें रावै, नाते
आपनो भी आदर अधिक होइ जाइ कै ।
गई वस्तु कौ न पीजे सोच मन माहि, वैरी
को न निरवल कबी जानियै दुपाय क ।
बडोई चतुर होइ चलै यनि चाल जोई
ऐतै बैन मानै जो गुपाल' कविराय के ॥१४॥

मन में न राखे पोट टोज सों न रोपे बाद
मन भय राखे नित मृत्यु को अघाइ के ।
द्वै मनुष जहा बतरात तहां जाइयें न,
समय विचारि बात कहियें बुलाइ के ।
प्रीति करि सेवा कीजे साध, गऊ, ब्राह्मन की
बात नुकसान वही सुतेज सुनाइ के ।
बड़ोई चतुर होइ, चलै यनि चाल जोई
अेते बैन माने जो 'गुपाल' कविराय के ॥१५॥

कारन रहहु भगवान की भगति तुमें
चाहत है जोई तिसे चाहो तुम जाइ के ।
काम काम के सों नित काम लेने रहो ओ
लितूर वावरे सों दूरि रहियें सु जाइ के ।
क्रोध के समें में कछु अरज न करो, आसमी
के दुष देने में न राजी होउ आइ के ।
बड़ोई चतुर होइ चलैयन चाल, जोई
अेते बैन माने जो 'गुपाल' कविराय के ॥१६॥

हित गुरदेस, ग्रंथ कविन सों सुनें, बात
कहिवे को होइ न, न जिसें कहो जाइ कै ।
नहिं मांगने की होइ, जिमें मति मांगो, हरि—
अेक काम कों न जल्द कीजे कहुँ चाइ के ।
अेक बेर लें लई परक्षा कहु जाकी, ताकी
दूसरें परक्षा फेरि कीजिये न आइ के ।
बड़ोई चतुर होइ चलै यनि चाल जोई
अेते बैन मानें जो गुपाल कविराय के ॥१७॥

झूजै न जमान, नहिं पेंचियै कमान, कूआ
फांदियै न, पेलियै न जूआ धन पाई कै ।
चलियै न सांझ, कहूं रहियै न मांझ, औ'
अहार–विवहार मे लाज कीजै जाइ कै ।
मरें कौं न गारि दीजै, बोल ना परे कौं औ'
अघटियै न कबू कुछु काहू कौं पवाइ कै ।
कहोई चतुर होइ चलें इनि चाल जोई
मेरे बैन मानैं जौ 'गुपाल' कविराय कै ॥१८॥

इति श्री दंपति वाक्य विलास नाम काव्ये निति उपदेश वर्नन
अष्टविंशो विलास

अथ ज्ञान अुपदेस

याते स्वारथ सहनि करि, परमारथ को काम ।
हायन रे अुद्यम करो, मुपते सुमिरो राम ॥

यह 'गुपाल' कवि सीष मुनि, कीनो अुद्यम जोइ ।
स्वारथ ही के करन में परमारथ जिमि होइ ॥

यांविधि नुप गजन सदा श्रीवृन्दावन धाम ।
दरनि वाक्य विलास में मगन आठहु जाम ॥

कवि 'गुपाल' यह जगत हित, कीनो वाक्य विनोद ।
अब अपने रुजिगार, मुनि सब कोअू पावत मोद ॥

मतमें दोष निकारि तिय, अुपजायो दृढ ग्यान ।
तृष्णा कों निरवर्त्त करि भजवायो भगवान ॥

विधि के या परपच मे, मिश्रत गुण अरु दोस ।
तिनके गुण औगुनन कों जानत जिनकों होस ॥

विनजानें गुन दोस के, होइ न संगृह त्याग ।
त्याग किये बिन होत नहीं, हरि चरनन अनुराग ॥

बिन अनुराग मिलै नहीं, चारि नरै की मुक्ति ।
त्यागें मुकति मिलै नहीं, प्रभु की पूरन भक्ति ॥

सो सुभगति भगवान की, गावत वेद पुराण ।
ता तिय को निज पतिहि में, सुलभ करि दई आनि ॥

'कवि गुपाल' कों, त्यार मन, हरि में दियो लगाय ।
ससारिन रुजिगार कों, सुप-दुप दियो दिपाय ॥

षटक छुटामन जगत को, अुपजावन हिय भक्ति।
दंपति वाक्य विलास कवि किये गुपाल निसक्ति॥
रस सागर दे आदि बहु, किये ग्रंथ अभिराम।
कठिन अर्थ' रु श्लेषयुत, कीने तिनमें बाम॥

कवित्त

दंपति विलास रस सगार सुभय पच
बधाई काव्य प्रश्नोत्तर षटरितु भीन है।
चीर हर्ण लीला, दानलीला मानलील, वन–
भोजन की लीला, वनी वेनु–गीत, चीने है।
दसम कवित, अल्किनामा, नखसिख, गुरकोमदी
जमुनगन अष्टक नवीने है।
ब्रज जात्रा ग्रंथ औ' वृन्दावन विराम, आदि
अष्टादस गृन्थ ये गुपाल कवि कीनेज है॥१॥

दोहा

सब कोऊ समझें न जिह, समझें ताहि प्रवीन।
यात लौकिक गृन्थ यह कीनो सुगम नवीन॥
समझे मूजिम देखि कें, कियौ गृन्थ गन्नाम।
आनु कालि के नरन कौं, मुनि मन होइ हुलास॥

सामयिक रुचि

आल्हखड ढोलादि दे, अैसी अैसी बात।
यन के रिझवैया बहुत, या जग में विख्यात॥

कवित्त

आल्हखड, ढोला, हीर–रांझ यार पूतरो की
गारे बारे वदन में, मनि गह्–गहो है।
इस्क लसे मजनू का गावत निहाल दे
छबीलिया भटियारी मस्त बुद्धि रहि गई है।

दीन वपत.जी, माधवानल की कथा बहु
किस्सा औ' फरोमिन में, मति महि गई है।
कहत 'गुपाल' अ नुहानि के जमाने बीच
अैसी–अैसी बातन की चाह रहि गई है ॥२॥

दोहा

जे . तगवि कविता करें रही न निन की बूझ।
याते मन को मारि कवि, मत्र सौ रहे अबूझ' ॥

बद पन्यों, जोतिष, पुराण, पडिताई, 'न्याय
नीति, धर्म, सास्त्र की न बात कान दई है।
बेदन रचा की नहिं, ज्ञान परचा की नहिं,
हरि अरचा की, चरचा की बात गई है।
बहु पुन्य पाट की न, सुधरम बाट की न,
परच के काट की न, काहू मति लई है।
कहत 'गुपाल' आजकाल के जमाने बीच
अैसी अैसी बातन की चाह उडि गई है ॥३॥

शान सूरताई सील साहस, सहूर, सुध,
मरम, सरुप, सरधा की सरमाति रही।
भजन 'गुपाल' भाउ भगति भलाई, भर्म
भादर, भरोसो, भीग भाइप की पांति रही।
दान, सनमान, पान–पांन, राग–रंग, अैस
काव्य चरचा की चतुराई रीति भांति रही।
मीत की मिताई मरनागति सहाई, आदि
अैसी बात अब कलि-काल में ले जाति रही ॥४॥

---

१. है. बनिताई २. है थल थलो ३. है जाति रहो ४. अगूझ

मनि भई भिष्ट, पाप छाय गर्यौ सिष्टि, माझ
पर तिय छोडि, परतिय धरनें लगे।
धनवारो देखि गुरु, चेला कौ करन लागे,
झगरि-झगरि बाप-बेटा लरने लगे।
धनरुजिगार की घटाई भई माझ,
बिना अन्न नर सब भूखे मरनें लगे।
'कहत गुपाल" बरसें न मेघ माल, याते
कलि की कुचाल ते अकाल परनें लागे ॥५॥

धरमते हीन औ' मलीन पर तिय लीन,
बिन रुजिगार, सब दुख भरने लगे।
कीरति, प्रताप, धन, धान्य, परसपति कौ
आपुस में देखि-देखि नर जरनें लगे।
ताप सौं तपत, बेटा बाप ते कँपत नाहि,
पाय के सपत झूठी, पाप करने लगे।
कहत 'गुपाल' बरसें न मेघमाल याते
कलि की कुचाल ते अकाल परनें लगे ॥६॥

हिंसक, हरामजादे, हिजरा, हरीफन, को
चाह रही मीठी मुख आगें कहै तिनकी।
कपटी, कुकर्मी, डिम्मधारी, औ डिफालिन, की
अनिपुष्ट स्यालन नो, लीयै रहै मन की।
कहत 'गुपाल' चतुराई की न बूझ रही
रह गई चाह भारी चोर चुगलन की॥
धूम मसखरी, औं धूमामदी बरामदी की,
अब कलिकाल में कमाई रही इन की ॥७॥

दोहा

यातै 'मुकव गुपाल' औ, देसु दोस मति कोइ ।
जामूजिम*देषी हवा, ता सम बरनी सोइ ॥

गृंथ अनुपम यथामति बरन्यौ 'मुकवि गुपाल' ।
याके कंठ करैं बड़ौ, वुद्धि होइ ततकाल ॥

नरनारीं मूरष मुघर, सब के अुमगे गात ।
राज-सभा डुनभान नें परै न पार्नी यात ॥

०औरन की झूठी कहै, मांची निज ठहराइ ।
तासों कोई बात में कोइ न जीतै प्राइ ॥

विछुरन दुष्यः दुराय तिय, किय निषेध्र आभास ।
आछें यालंकार को कियो गृथ परगास ॥

०कवि गुपाल बरनन कर्यौ, मन वुधि को मवाद ।
तार्कों मुनि गुनि रसिक जन, लेभु मकन मिलि स्वाद ॥

फल स्तुति

दंपति वाक्य विलास कौं पढ़ै मुनै चितलाइ ।
कोभू बातन के करन,[१]हारि न आवै ताइ[२] ॥

सब जग[३]दुष मय जानि कें, हरि-में लागै चित ।
भजन भावना भगनि में पड्यो रहै निन नित ॥

इतिश्री दंपतिवाक्य विलास नाम काव्ये फलस्तुति वर्णन नाम अष्टाविंशो विलास

---

* यह दोहा नहीं है । १. है- चम २. है- रजगारन ३. है में
४. है- जाहि ५. है- उयम मे